॥ श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम् ॥

काव्यकौस्तुभः

श्रील श्रीबलदेवविद्याभूषण-पाद-विरचितः

श्रीहरिदासशास्त्री

श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम्

काव्यकौस्तुभः

श्रील श्रीबलदेवविद्याभूषण-पाद-विरचितः

श्रीवृन्दावनधामवास्तव्येन
न्याय-वैशेषिकशास्त्रि, नव्यन्यायाचार्य, काव्य, व्याकरण,
सांख्य, मीमांसावेदान्ततर्कतर्कतर्क, वैष्णवदर्शनतीर्थ,
विद्यारत्नाद्युपाध्यलङ्कृतेन
श्रीहरिदासशास्त्रिणा सम्पादितः ।

सद्ग्रन्थप्रकाशक
श्रीहरिदास शास्त्री
श्रीगदाधरगौरहरिप्रेस
श्रीहरिदास निवास, कालीदह,
पो०—वृन्दावन, जिला—मथुरा,
(उत्तर प्रदेश) पिन—२८११२१

मुद्रक॰प्रकाशक :—

श्रीगदाधरगौरहरि प्रेस, श्रीहरिदास निवास, कालीदह,

पो०—वृन्दावन, जिला—मथुरा (उ० प्र०)

पिन—२८११२१

प्रकाशनतिथि—२२।१०।८७

प्रथम-संस्करण—१०००

प्रकाशन सहायता—रु० ३०.००

॥ श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम् ॥

—०॥०—

विज्ञप्तिः

—०॥०—

काव्य कौस्तुभ नामक ग्रन्थ प्रणेता श्रीबलदेव विद्याभूषणपाद हैं। प्रस्तुत अलङ्कार ग्रन्थ नव प्रभात्मक है। प्रथमा प्रभा–काव्य निर्णय, द्वितीया प्रभा--शब्दार्थ तद्वृत्ति निर्णय, तृतीया प्रभा--रस निर्णय, चतुर्थी प्रभा--गुण निर्णय, पञ्चमी प्रभा--रीति निरूपण, षष्ठी प्रभा--दोष निर्णय, सप्तमी प्रभा--ध्वनि भेद निरूपण, अष्टमी प्रभा--मध्यम काव्य निर्णय एवं नवमी प्रभा-शब्दार्थालङ्कार निर्णयात्मक है।

निज रचित साहित्य कौमुदी ग्रन्थ के समान इस में भी पूर्णतया समस्त विषय निबद्ध हैं। स्वाधीन रूप से इस में समस्त प्रमेय का विश्लेषण हुआ है। एवं विषादन प्रभृति कतिपय नवीन अलङ्कारों का सन्निवेश भी इस में है। उदाहरण समूह प्रायशः पूर्वाचार्य्य की उक्ति से सन्निविष्ट हुये हैं।

श्रीबलदेव विद्याभूषण--उड़ीष्या प्रदेशस्थ रेमुणा के समीप वर्त्ती किसी ग्राम में जन्म ग्रहण आनुमानिक खृष्टीय अष्टादश शताब्दी में किये थे।

चिल्काह्लद के तीर स्थित किसी शास्त्रज्ञ के निकट व्याकरण, एवं न्याय शास्त्र अध्ययन करके वेद अध्ययनार्थ आप महीशूर गमन किये थे। एवं वहाँ माध्व सम्प्रदाय का शिष्यत्व अङ्गीकार किये थे, अनन्तर सन्न्यास ग्रहण पूर्वक पुरुषोत्तम क्षेत्रस्थ तत्त्ववादि के मठ में अवस्थान किये थे।

अनन्तर श्रीरसिकानन्द प्रभुके प्रशिष्य कान्य कुब्ज निवासी श्रीराधा दामोदर (वेदान्त स्यमन्तक ग्रन्थ रचयिता)विप्र के निकट

श्रीजीव गोस्वामी प्रणीत मौलिक व्रज भक्ति प्रतिपादक षट् सन्दर्भ अपर नाम भागवत सन्दर्भ ग्रन्थ अध्ययन करके श्रीचैतन्यदेव प्रवर्त्तित गौड़ीय वैष्णव धर्म के विगाढ़ मर्म्म में आकृष्ट होकर श्रीराधा--दामोदर विप्र के शिष्य हुये थे।

श्रीपीताम्बर दास के निकट भक्ति शास्त्र एवं श्रीविश्वनाथ-चक्रवर्त्ती पाद के निकट श्रीमद् भागवत अध्ययन किये थे, एवं विरक्त वैष्णव वेश ग्रहण कर 'एकान्ति गोविन्ददास' नाम से प्रख्यात हुये थे। श्रीवृन्दावनमें स्थित श्रीश्यामसुन्दर विग्रह प्रतिष्ठाता आप ही हैं। उद्धव दास एवं नन्दमिश्र इनके प्रधान शिष्य थे।

ब्रह्मसूत्र समूह के श्रीगोविन्द भाष्य प्रणयन कर आप गौड़ीय वेदान्ताचार्य्य नाम से ख्यात हुये थे। श्रील विश्वनाथ चक्रवर्त्ति पाद के चरम वयस में जयपुरस्थ मन्दिर समूह से वङ्गीय सेवाधिकारि वृन्द निष्काशित होने पर श्रीगोविन्द देव के आदेश से श्रीमत् कृष्ण-देव सार्वभौम के सहित जयपुरस्थ विपक्ष वृन्द को शास्त्रार्थ द्वारा पराजित करके 'गलता' नामक पार्वत्य प्रदेश में गौड़ीय वैष्णवों को पुनः प्रतिष्ठित करके वहाँ 'श्रीविजय गोपाल विग्रह' स्थापन किये थे, अद्यापि वह विग्रह तत्रत्य मन्दिर में विराजमान हैं। इसी समय आप श्रीगोविन्द देव के आदेश से 'श्रीगोविन्द भाष्य प्रणयन कर गौड़ीय वैष्णवों को सुप्रतिष्ठित किये थे। आप के द्वारा रचित ग्रन्थावलि का विवरण इस प्रकार है।

(१) षट् सन्दर्भ की टीका, (२) लघु भागवतामृत की टीका, (३) सिद्धान्तरत्न, (४) प्रमेयरत्नावली, (५) सिद्धान्त दर्पण (६) श्यामानन्द शतक की टीका, (७) नाटक चन्द्रिका की टीका, (८) साहित्य कौमुदी, (९) काव्य कौस्तुभ, (१०) छन्दः कौस्तुभ की टीका, (११)श्रीमद् भागवत की टीका वैष्णवानन्दिनी, (१२) दशोप निषत् की टीका, (१३) श्रीगोपाल तापनी टीका, (१४) श्रीभगवद् गीता भाष्य, (१५) स्तव माला की टीका (१६) ऐश्वर्य्य कादम्बिनी प्रभृति ग्रन्थ प्रणयन के द्वारा गौड़ीय वैष्णव साहित्य की सेवा आप

प्रभूत रूप से किये हैं।

यशः, अर्थ, सुखमय व्यवहार ज्ञान, परमशान्ति, एवं सुमधुर रीति से कर्त्तव्याकर्त्तव्य बोध लाभ हेतु काव्य शास्त्रकी आवश्यकता मानव समाज में अपरिहार्य्य रूप से है।

"अलङ्कार शास्त्र" को सुधीगण काव्यमीमांसा शब्दसे कहते हैं, उक्त नामसे ही अलङ्कार शास्त्र की सम्यक् उपयोगिता परिस्फुट होती है, अलङ्कार शास्त्र में व्युत्पन्न व्यक्ति,--काव्य रचना में एवं काव्यस्थ गुणदोष रीति अलङ्कार प्रभृतिका परिज्ञान करनेमें सक्षम होता है। चिकित्सा शास्त्र में निदान की आवश्यकता जिस प्रकार होती है, उस प्रकार ही भाषा में व्याकरण की आवश्यकता है, काव्य में भी अलङ्कार शास्त्र की आवश्यकता तद्रूप ही है। प्रस्तुत शास्त्र में दोष, गुण, रीति रसादिका सन्निवेश प्रचुरतया होने पर भी मुख्य रूपसे 'अलङ्कार' शब्द से ही कहते हैं।

भामहोद्भट रुद्रट वामन प्रभृति प्राचीन आलङ्कारिकगण गुणालङ्कार की प्रायशः समता को मानकर "अलङ्कारा एव काव्ये प्रधानमिति" अलङ्कार आख्या देते हैं। अतएव अलङ्कार को प्रधानता के कारण शास्त्र भी अलङ्कार नाम से परिचित हुआ। इस प्रकार सिद्धान्त को ही अलङ्कार प्रस्थान कहते हैं।

काव्यादर्श नामक ग्रन्थ में श्रीदण्डीने प्रधानतया अलङ्कार का स्थापन करने पर भी "गुणा एव काव्यप्राणाः" कहकर गौड़ीय वैदर्भी रीति भेद का निरूपण किया है। 'श्लेषः प्रसादः समता' इत्यादि दश गुण वैदर्भी मार्गका प्राण हैं। इसके विपरीत ही उनके मत में गौड़ीय रीति है। वामन ने भी काव्यालङ्कार सूत्रवृत्ति में "गुणं काव्यशोभाविधायकं, अलङ्कारञ्च गुणकृत काव्यशोभाया उत्कर्ष सम्पादकम्" कहकर गुणों का प्राधान्य ही माना है। इनके मत में "रीतिरेव काव्यात्मा"; वैदर्भी पाञ्चाली गौडी रीति के मध्य में वैदर्भी रीति ही श्रेष्ठा है। ध्वन्यमान अर्थ को ही वाच्यार्थ का उपकरण मानकर इस मत में भी अलङ्कार का प्राधान्य स्वीकृत है।

इसे रीतिप्रस्थान कहते हैं। भामहोद्भट-अलङ्कार का सर्वथा प्राधान्य को मानते हैं, एवं उससे अतिरिक्त धर्मान्तर का अस्तित्व को भी नहीं मानते हैं, अन्यान्य धर्म समूह का अन्तर्भाव अलङ्कार में करते हैं।

भरत नाट्य शास्त्र में अलङ्कार एवं दोष गुणों की विवृति है। आचार्य्य वामन ने शब्दगुणार्थगुणों का पार्थक्य सुस्पष्ट रूपसे दर्शाया है, भोजराज कृत सरस्वती कण्ठाभरण में दोष गुणों का विस्तृत विवरण एवं विभाग निरूपण भी है। रुद्रट् कृत काव्यालङ्कार में गुण अलङ्कार, दोष रीतियों का सन्निवेश समानरूपसे विद्यमान है। लाटीरीति को मानकर उन्होंने चतुर्विध रीति का प्रतिपादन भी किया है। लघु समास निबद्धा रचना को पाञ्चाली, मध्य समास युक्ता को लाटी, अतिविस्तृत समास बहुल रचना को गौड़ी कहते हैं, समास रहिता रचना को वैदर्भी कहते हैं, शब्दालङ्कार अर्थालङ्कार का भेद प्रदर्शन भी आपने किया है।

रुद्रट के ग्रन्थ में रस शब्दकी अवतारणा है, आपने "शृङ्गार वीर करुण बीभत्स भयानक अद्भुत हास्य रौद्र शान्त प्रेयान्' रूपमें दसविध रसका उल्लेख किया है। शृङ्गार रसका-सम्भोग-विप्रयोग भेद-नायकनायिका भेद का वर्णन भी आपने किया है। विप्रलम्भ शृङ्गार में उपमानुराग, मान प्रवास करुण रूपमे अवान्तर भेद भी माना है। वस्तुतः प्राचीन आलङ्कारिकों के मध्य में आपने ही रस का प्राधान्य एवं महत्त्व को घोषित किया है।

अग्निपुराणस्थ ३३७ अध्याय से ३४० पर्य्यन्त अलङ्कार का वर्णन है। 'लक्ष्मीरिव विना त्यागान्नवाणी भाति नीरसा" (अग्नि ३३९।९) न भावहीनोऽस्ति रसो न भावो रसवर्जितः। (३३९।१२) चिन्मयब्रह्म की स्वाभाविक आनन्दाभिव्यक्ति होने से चमत्कार अपर पर्य्याय रस होता है, रस का प्रथम विकार ही अहङ्कार है, उससे अभिमान होता है, उससे प्रीति का उद्रेक होता है। यह रति विभावानुभावसात्त्विक व्यभिचारी के सम्बलन से शृङ्गार रस होता

है। (३३६।१-४)

राग से—शृङ्गार, उग्रता से—रौद्र, अवष्टम्भ से—वीर, संकोच से बीभत्स रस होता है। और भी शृङ्गार से—हास्य, रौद्र से—करुण, वीर से—अद्भुत बीभत्स से—भयानक रसोत्पन्न होता है। (३३६।५-८) काव्य शोभावर्द्धक धर्म को अलङ्कार कहते हैं, 'अलङ्करणमर्थानामर्थालङ्कार इष्यते' अलङ्कार के बिना शब्द सौन्दर्य मनोहर नहीं होता है। अर्थालङ्कार रहित सरस्वती बिधवा की भाँति होती है। (३४३-२)

"लक्ष्मीरिव विना त्यागान्त वाणी भाति नीरसा। (३३६।६)
न भावहीनोऽस्ति रसो न भावो रसवर्जितः।" (३३६।१२)

शब्दार्थ—उभयविध अलङ्कार भेद से अलङ्कार त्रैविध्य का उल्लेख इस पुराणमें है। "शब्दार्थयोरलङ्कारो द्वावलङ्कुरुते समम्। एकत्र निहितोहारः, स्तनं ग्रीवामिवस्त्रियः॥" (३४५।१)

परवर्त्ती आलङ्कारिकगण रस का आत्मारूप में वर्णन करने पर भी पूर्व प्रचलित अलङ्कार शास्त्र नाम से ही परिचित है।

ध्वन्यालोक में (१।५) आनन्दवर्द्धनाचार्य्य ने "काव्यस्यात्मा स एवार्थः" कह कर ध्वनि को ही काव्यात्मा माना है। इनके मत में ध्वनिके द्वारा अथवा व्यङ्गार्थ के द्वारा अभीप्सित वस्तु प्रतिपादन से काव्य चमत्कारिता एवं सौन्दर्य्य की अभिवृद्धि होती है। व्यञ्जना रूप व्यापारान्तर से वस्तु एवं अलङ्कार का रस भावादि का परिज्ञान होने से उत्तम काव्य होता है। ध्वनि से ध्वन्यन्तर होने से काव्य उत्तमोत्तम नाम से अभिहित होता है। श्रीविश्वनाथ कविराज ने साहित्यदर्पण नामक ग्रन्थ में 'रसात्मक' वाक्य को ही काव्य कहा है। आनन्दवर्द्धनाचार्य्य ने व्यञ्जनावृत्ति विरोधी मतवादों का निरास करके ध्वनि वाद का स्थापन किया है। अभिनव गुप्तने भी 'लोचन' नामक ध्वन्या लोक की टीका में अर्वाचीन विपक्षों के मतवादका निरास करके ध्वनिवाद का स्थापन

किया है। अनन्तर मम्मटभट्ट ने भी काव्य प्रकाश में व्यञ्जनावृत्ति की महिमा का गान सर्वातिशय रूप से किया है। काव्य प्रकाश की रीति के अनुसरण से ही कविराज श्रीविश्वनाथ ने साहित्य दर्पण की रचना की है। उसके बाद पण्डितराज श्रीजगन्नाथ ने रसगङ्गाधर नामक ग्रन्थरत्न में पूर्वाचार्य्यंकृत अस्पष्ट सन्दिग्ध प्रमेय समूह का स्थापन निःसन्दिग्ध रूप से किया है। रुय्यक ने अलङ्कारों का श्रेणी विभाग तथा अवान्तर भेद का प्रदर्शन अलङ्कार सर्वस्व में किया है। साहित्यदर्पण--रसगङ्गाधर एकावली चित्रमीमांसा प्रभृति ग्रन्थ में रुय्यक मत का ही सुसंग्रह हुआ है।

"रसो वै काव्यस्यात्मा" काव्य का आत्मा रस है, इस मत का समादर अनेकों ने नहीं किया, किन्तु नवीन आलङ्कारिकों ने काव्यात्मा रसको व्यञ्जनावृत्ति लभ्य कह कर उक्त मतको सम्मानित ही किया है। ध्वनि मत में प्राचीनार्वाचीन प्रसिद्ध मत समूह का समावेश यथायथ रूप में हुआ है। उन सबों में परस्पर सम्बन्ध तथा असन्दिग्धता विशेष रूप से परिलक्षित होती है। अतएव "रसो वै काव्यस्यात्मा" मत का बहुशः समर्थन हुआ है। "रसो वै काव्यस्यात्मा" शब्दार्थौ तस्य शरीरं, गुणारसधर्मा एव।

प्राचीन आलङ्कारिकों के मत में काव्य प्राणरूप में जिसका निरूपण हुआ है, वह अलङ्कार है। काव्य शरीरभूत शब्दार्थ का शोभा सम्पादक रूप में काव्यात्मभूत रसाभिव्यक्ति का ही वह कारण है। यह सिद्धान्त "ध्वनिप्रस्थान" नामक चतुर्थ श्रेणी का है।

इस मत में शब्दार्थ का अविच्छेद्य सम्बन्ध स्वीकृत हुआ है। गुण—शब्दगत एवं अर्थगत है। दोष एवं अलङ्कार शब्दार्थ उभय धर्मरूप में स्वीकृत हुआ है। काव्यात्मभूत रस ध्वनि की अभिव्यक्ति में प्रत्येक की उपयोगिता है। इस प्रकार सर्वाङ्गीण ध्वनि प्रस्थान का समादर समस्त सहृदय मनीषिओं ने किया है। प्रसङ्गवशतः ऋग्वेदीय अलङ्कार समूह का प्रदर्शन करते हैं—यास्ककृत निघण्टु में (३।१३) वैदिक पर्य्याय निरूपण प्रसङ्ग में उपमालङ्कारों का

विवरण है ।—

इवामिव (१), इदं यथा (२), अग्निर्नये (३), चतुरश्चिद्दद-मानात् (४), ब्राह्मणा व्रतचारिण: (५) वृक्षस्य नु ते पुरुहूतवया: (६), जार आ भगम् (७), मेषोभूतोऽभी यन्नय: (८), तद्रूप: (९), तद् वर्ण: (१०), तद्वत् (११) तथा (१२), इति द्वादशोपमा ।

अस्य विवृत्ति र्यथा नैघण्टुक काण्डे—

अस्य निपाता उच्चावचेष्वर्थे निपतन्ति उपमार्थेऽपि, उपमा नाम—कस्मिंश्चिदेवार्थे य: प्रसिद्धो गुण: तदन्यस्मिन्न प्रसिद्धस्तद्: गुणेऽर्थे शब्दमात्रेण यदुपसंयोज्य तद्गुणप्रकाशनं क्रियते— सोपमा । दुर्मदासो न सुरायामित्युपमार्थीय उपरिष्टात् उपचार स्तस्य येनोपमिमीते, (५।७।१८) मन्त्रेऽस्मिन् न शब्दोऽयं उपमार्थ व्यवहृत:। लौकिके संस्कृते 'न' शब्दो निषेधार्थे प्रयुज्यते, वेदे तु निषेधोपमा-द्योतकोऽयमिति मन्तव्यम् । व वा शब्दावपि उपमावाचकौ । लौकिके तु केवलमुपमार्थे तौ प्रयुज्येते यथा—(१) जातामन्ये तुहिन मथितां पद्मिनीं वान्यरूपाम् (मेघदूतं ८३), (२) मणीवोष्ट्रस्य लम्बेते (सिद्धान्त कौमुदी).(३)हृष्टो गर्जति चातिदर्पितबलो दुर्योधनो वा शिखी (मृच्छ ५।६)। पुनरुपमा लक्षण निर्णय— सामान्य लक्षणमासां ब्रवीति " यदतत्तत् सदृशमिति गार्ग्य: ।" यत् किञ्चिदर्थ-जातमतद्भवति, तत् स स्वरूपं च, यथा—अनग्नि: खद्योत:, अग्नि सरूपश्च सोऽग्निनोपमीयते—अग्निरिव खद्योत इति । एवमेतत् सरूपेण गुणेन गुणसामान्यादुपमीयते-इत्येवं गार्ग्य: आचार्यो मन्यते । 'तदासां कर्म' स आसामुपमानानामर्थ: यदप्रसिद्धतर गुणस्य कस्यचित् प्रसिद्धतर गुणेनान्येन गुण प्रकाशनमित्यादि । ज्याय सा वा गुणेन, प्रख्याततमेन वा कनीयांसे वा प्रख्यात: वोपमिमीते । तद् यथा—सिंहे मानवक: चन्द्र इव कान्तो मानवक: इत्यादि ।

(१) तनूत्यजेव तस्करा वनर्गू (७।५।३२।६), सक्तूमिव तितउना (८।२३।२२), अत्र इव शब्द उपमा द्योतक: । (२) यथा इति-यथा

कर्मोपमा, "यथा वातो यथा वनं" यथा समुद्र एजति (४।४।२०।४) अत्र यथा—इव। (३) अग्नि र्न ये भ्राजसा (८।३।१२।२), अत्र न—इव। (४) "चतुरश्चिद्ददमानात्" अत्र चित्—इव। (५) "ब्राह्मणा व्रतचारिणः" (५।७।३।१), "अत्र ब्राह्मण इव व्रत चारिणः" इति लुप्तोपमा। (६) 'वृक्षस्य नु ते' (४।६।१७।३), अत्रोपमार्थे 'नु'। (७) 'जार आ भगम्' (३।६।१०।१), आ इव। (८) मेषोभूतो भि यन्नयः (५।७(२४।५), अत्र मेष इत्येषा भूत शब्देनोपमा। (९--१०) अग्निरिति--एषा रूपोपमा, हिरण्य वर्णः (२।७।२३।५), (११) वदिति--एषा सिद्धोपमा, ब्राह्मण वदधीते, वृषलवच्चाक्रोशति। (१२) 'था' इत्ययं चोपमाशब्दः, तं प्रत्नथा पूर्वथा विश्वथेमथा (४।२।२३।१)

अथ लुप्तोपमान्यर्थोपमानीत्या चाक्षते— सिंहो व्याघ्रः, इति पूजायां, श्वा काक इति कुत्सायां, काक इति शब्दानुकृति स्तादिदं शकुनिषु बहुलं न शब्दानुकृति विद्यते इत्यौपमन्यवः।

उदाहृते मन्त्रसमूहे उपमानां चातुर्विध्यं स्वीकृतमस्ति—

(१) कर्मोपमा, (२) रूपोपमा, (३) सिद्धोपमा, (४) लुप्तोपमा यास्केन उपमान—शब्दोऽपि व्यवहृतः। "यावन्मात्रमुषसोन प्रतीकम्" इति (८।४।१२।३), मन्त्र व्याख्यायां वास्त्युपमानस्य संप्रत्यर्थे प्रयोगः।

पाणिनि ने स्वीय व्याकरण में उपमानोपमिति सामान्य प्रभृति शब्दों का प्रयोग किया है।

(१) उपमा—उपमानानि सामान्य वचनैः (२।१।५५), उपमानादप्राणिषु (५।४।९७), उपमानाच्च (५।४।१३७), (२) उपमित —उपमितं व्याघ्रादिभिः सामान्याप्रयोगे (२।१।५६), (३) सामान्यम् (२।१।५५, ५६), इत्यादौ महाभाष्ये (२।१।५५), चोपमानस्य लक्षणमास्ते निरूपितम्॥

सम्प्रति ध्वनि प्रस्थानानुसरणरत गौड़ीय वैष्णव साहित्य समूह में निबद्ध प्रणाली एवं अलङ्कारों का दिग्दर्शन करते हैं।

१४६३ शकाब्दा में श्रीरूपगोस्वामीचरण ने श्रीहरिभक्तिरसामृतसिन्धु का प्रणयन किया, तदनन्तर शकाब्दा १४७१ में श्रीउज्ज्वलनीलमणि नामक परिशिष्ट ग्रन्थ का निर्माण किया,रसामृतसिन्धु ग्रन्थ का ही उज्ज्वलनीलमणि परिशिष्ट ग्रन्थ है। ग्रन्थकार ने स्वयं हि कहा है। (पश्चिम १।२)

"निवृत्तानुपयोगित्वाद् दुरूहत्वादयं रसः।
रहस्यत्वाच्च संक्षिप्य विततांङ्गोऽपि लिख्यते॥"

उज्ज्वलनीलमणि ग्रन्थमें शृङ्गार रसका ही सुविस्तृत वर्णन हुआ है, यह ग्रन्थ श्रीशिङ्गभूपाल कृत'रसार्णवसुधाकर' के छायावलम्बन से रचित हुआ है। रसामृत एव उज्ज्वल में भक्तिरस का ही सम्यक् आलोचना है, गोस्वामीपाद ने भक्ति को ही मुख्य अभिधेय रूप में माना है, एवं भक्ति रस का अभिनव व्याख्यान भी प्रस्तुत किया है। रसामृतोक्त भक्तिरस लक्षण इस प्रकार है,—

"विभावैरनुभावैश्च सात्त्विकै र्व्यभिचारिभिः
स्वाद्यत्वं हृदि भक्तानामानीता श्रवणादिभिः।
एषा कृष्ण रतिः स्थायीभावो भक्तिरसो भवेत्॥"(२।१।५-६)

भाग्यवान् जन ही भक्तिरसास्वादन का अधिकारी है, उन्होंने अधिकारी का निर्णय निम्नोक्त शब्दों से किया है।

"प्राक्तन्याधुनिकी चास्ति यस्य सद्भक्ति वासना।
एष भक्तिरसास्वादतस्यैव हृदि जायते॥"

रस—ब्रह्मवत् अवाङ्मनसोगोचर होने पर भी भाग्यवान् द्रष्टा, श्रोता, रसास्वादन करने में सक्षम होते हैं। दृश्य काव्य में द्रष्टा, श्रव्य काव्य में श्रोता को सामाजिक कहते हैं, दृश्य काव्य में अनुकार्य्याभिनय दर्शक का, श्रव्यकाव्य में वर्णनीय नायक का वर्णनकारी के श्रोता का रसास्वाद होता है। यह मत अनेक आलङ्कारिकों का सम्मत है। 'तस्मादलौकिकः सत्यं वेद्यः सहृदयरयम्' साहित्यदर्पणकार ने भी कहा है। (३)

भक्तिरसामृतोक्त 'रसलक्षण' दस प्रकार है— (२।५।१०४)

व्यतीत्य भावना वर्त्म यश्चमत्कार सार भूः।
हृदि सत्त्वोज्ज्वले वाढ़ं स्वदते स रसो मतः॥

भरतमुनि ने भी कहा है—

विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः
विभावैरनुभावैश्च सात्त्विकै र्व्यभिचारिभिः
स्वाद्यत्वं नीयमानासौ स्थायी भावो रसो मतः॥

अलङ्कारकौस्तुभ में भी उक्त है—

वहिरन्तः करणयो र्व्यापारान्तर रोधकम्।
स्वकारणादिसंश्लेषि चमत्कारि सुखं रसः॥

रस का निमित्त कारण विभाव है, समवायि—स्थायिभाव है, असमवायि-सञ्चारि भाव है। कार्य रूप में अनुभाव एव सात्त्विकादि का ग्रहण होता है। सारार्थ यह है कि—सामाजिक के चित्तगत स्थायिभाव—काव्यगत विभानुभाव सात्त्विक व्यभिचारि भाव के सहित मिलित होकर रस होता है, अर्थात् आस्वादन अवस्था को प्राप्त करता है। प्राकृत एवं अप्राकृत भेद से रस-शास्त्र दो प्रकार हैं, भक्ति वादियों के मत में प्राकृत नायक प्रभृति का रसास्वाद नहीं होता है,किन्तु श्रीरामसीतादिवत् दिव्य नायक नायिका का रसास्वाद होता है। अतएव भगवद् विषयक काव्य-शास्त्र विनोद के विना सामाजिक का रसास्वाद नहीं होता है। अनुकार्य्य का रसास्वादन ही जब नहीं होता है, तब तो सामाजिक का रसास्वादन होना भी असम्भव है। प्राकृत अनुकार्य्यादि का रसास्वादन असिद्ध होने से लौकिक काव्यनाट्य की आलोचना से सामाजिक का भी रसास्वादन नहीं होगा। साधारण रसवेत्ता के मत में "पारिमित्याल्लौकिकत्वात् सान्तरायत्वाच्च, (साहित्यदर्पण-३) अनुकार्य्य में रसास्वादन असिद्ध होते पर भी महाकवि के लेखनी नैपुण्य से काव्य--नाट्यादि से रसास्वादन होना सम्भव है। इससे सत् सामाजिक का भी रसास्वाद

होता है। भक्तिरसायन में श्रीमधुसूदन सरस्वतीपाद ने भी कहा है— "अतस्तदाविर्भावित्वं मनसि प्रतिपद्यते।
किञ्चिन्न्यूनाञ्च रसतां याति जाड्यविमिश्रणात्।।" (१।१३)

टीका—विषयावच्छिन्न चैतन्यमेव द्रवावस्थमनोवृत्त्यारूढ़तया आविर्भावित्वं प्राव्यरसतां प्राप्नोतीति न लौकिक रसस्यापि परमानन्दरूपतानुपपत्तिः, अतएव अनवच्छिन्न चिदानन्दघनस्य भगवतः स्फुरणात् भक्तिरसेऽत्यन्तानन्दमाधिक्यमानन्दस्य लौकिक रसे तु विषयावच्छिन्नस्यैव चिदानन्दांशस्य स्फुरणात्तदानन्दस्य न्यूनतैव, तस्माद् भक्तिरस एव लौकिक रसानुपेक्ष्य सेव्यइत्यर्थः।

भक्तिरसामृत के रस लक्षण में—"हृदि सत्त्वोज्ज्वले वाढ़ं स्वदते स रसो मतः" सत्त्व शब्द का उल्लेख हुआ है। साधारणतः प्रतीति के लिए साहित्यदर्पणोक्त विश्लेषण से ही उसका अर्थ जानना आवश्यक होगा। भक्ति स्वरूप को अप्राकृत चिदानन्द रूप माना गया है। साहित्य दर्पणकार ने कहा है—

"रजस्तमोभ्यामस्पृष्टं मनः सत्त्वमिहोच्यते। वाह्यमेय
विमुखतापादकः कश्चनान्तरो धर्मः सत्त्वमिति च।।"

अतएव काव्यनाट्य दर्शनरत साधारण समस्त व्यक्तियों का रसास्वाद नहीं होता है। भाग्यवान् सहृदय व्यक्ति का ही रसास्वाद होना सम्भव है। साधारण रसग्रन्थ में इस सत्त्व को ही सामाजिक का स्थायीभाव कहते हैं। उसके बिना सामाजिक का रसास्वाद नहीं होता है। सत्त्वोद्रेक का हेतु निरूपण भी दर्पणकार ने किया है—"अत्र च हेतुस्तथाविधालौकिक काव्यार्थ परिशीलनम्।" अर्थात् अलौकिक काव्यार्थरूप विभावादि का सम्यक् अनुशीलन से ही अत्यन्त अभिनिवेश होता है। उससे ही सत्त्वोद्रेक होना सम्भव है। अतएव—"सामाजिकचित्तगतस्थायिभावो हि काव्यनाट्यस्थित विभावादिभिर्मिलित्वा रसाय कल्पतेति" कथन समीचीन है।

भावः—प्रायशः रसभाव का साम्य होने पर भी उभय में किञ्चित् तारतम्य विद्यमान है। रसामृत के (२।५।१०५) में भाव

लक्षण यह है—

"भावनाय: पदं यस्तु बुधेनान्यबुद्धिना।
भाव्यते गाढ़ संस्कारैश्चित्ते भाव: स कथ्यते ॥"

भरत ने भी कहा है—देहात्मक भवेत् सत्त्वं सत्त्वाद् भावा: समुत्थिता:, रसानुभवोपयोगिजन्मान्तरीण संस्कारादिक सूक्ष्मभावेन शिशुतायां स्थितमपि तद्विकाशाय सामाजिकस्य (अनुकार्य्यस्यापि) वय:सन्धि प्रभृतिकं वयोवस्था विशेषमपेक्षते ॥

"रस तरङ्गिणी" ग्रन्थ में भानुदत्त ने भी कहा है—"चित्तस्य रसानुकूलो विकारोऽवस्थाविशेषो वा भाव:" विकारोऽयं द्विविध:-- (१) आन्तर:, (२) शारीरश्च। स्थायी सञ्चारी च भाव: आन्तर:, तथानुभाव: (उद्भास्वर-नृत्यगानादिक) सात्त्विक भावश्च शारीरी विकार:। स्थायिभावो हि मुख्यतया पञ्चविधो गौणतश्च सप्तएव। सञ्चारिणा स्त्रयस्त्रिंशत् सात्त्विकाश्चाष्ट। सामाजिकस्य (अनुकार्य्यस्यापि) चित्ते स्थायिभावस्य परिपुष्टतानुयायि खलु अनुभाव--सञ्चारिभावयो स्तरंग प्राबल्यस्यापि न्यूनाधिक्य जायते।

अलङ्कार कौस्तुभ (५) में स्थायीभाव का वर्णन है—

"आस्वादाङ्कुरकन्दोऽस्ति धर्म: कश्चन चेतस:।
रजस्तमोभ्यां हीनस्य शुद्धसत्त्वतया मत:॥
स स्थायी कथ्यते विज्ञै र्विभावस्य पृथक्तया।
पृथग्विधत्वं यात्येष सामाजिकतया सताम् ॥"

सामाजिकतया सतां सामाजिकानामेक एव कश्चिद स्वादाङ्कुरकन्दो मनस: कोऽपि धर्मविशेष: स्थायी। स तु विभावस्योक्तप्रकार द्विविधस्य भेदैरेव भिद्यते। अनुकार्य्याणान्तु स्वतन्त्रा एव स्थायिनो नानाविधा:।

पूर्वोक्त द्वादश प्रकार भाव निज निज अनुकूल उपकरणो के सहित मिलित होकर परम आस्वादन अवस्था को प्राप्त करते हैं। एवं अनवच्छिन्न सुस्थिर रूप से हृदय में अवस्थित होकर स्थायीभाव

कहलाते हैं। उक्त द्वादश विधता को छोड़ कर अपर कोई भाव स्थायीभाव नाम से परिचित नहीं होते हैं। उसके मध्य में कतिपय भाव सञ्चारिता को प्राप्त करते हैं,—जिस प्रकार मधुर में हासादि, साहित्यदर्पणकार के मत में (साहित्यदर्पण ३) "रत्यादयोऽप्यनियते रसे स्यु र्व्यभिचारिण:" प्रबलमभिव्यक्त: सञ्चारी, सामान्यतया व्यक्त स्थायी, तथा देवादि विषयारतिश्चापाततो भाव इति कथ्यते।

"सञ्चारिण: प्रधानानि देवादि विषया रति:।
उद्‌बुद्धमात्रस्थायी च भाव इत्यभिधीयते॥"

श्रीबलदेव कृत साहित्य कौमुदी के (४।१२) मूल में उक्त है,—
"रतिर्देवादि विषया व्यभिचारी तथाऽञ्जित:॥" (४।१२)

कृष्णानन्दिनी टीका में लिखित है—"किञ्च हासादय: क्वचिद्व्यभिचारिणश्च स्यु:, यदुक्तं शृङ्गारवीरयोर्हासो वीरे क्रोधस्तथा मत:। शान्ते जुगुप्सा कथिता व्यभिचारितया पुन:॥" (४।१३)

सञ्चारिभाव भावों के परिचय में (३।२३५) साहित्य दर्पणकार ने "सञ्चारिण: प्रधानानि" शब्द से कहा, दृष्टान्त रूप में टीका में भी कहा—"परमविश्रान्ति स्थानेन रसेन सहैव वर्त्तमाना अपि राजानुगत विवाह प्रवृत्तभृत्यवदापाततो यत्र प्राधान्येनाभिव्यक्ता व्यभिचारिणी देव-मुनि-गुरु-नृपादि-विषया च रतिरुद्‌बुद्धमात्रा विभावादिभिरपरि-पुष्टतया रसरूपतामनापद्यमानाश्च स्थायिनो भावा भावशब्दवाच्या:'।

विभावेनानुभावेन व्यक्त सञ्चारिणा तथा।
रसतामेति रत्यादि: स्थायीभाव: सचेतसाम्॥(दर्पण ३।१)

विभावादयो वक्ष्यन्ते। सात्त्विकाश्चानुभावरूपत्वात् न पृथगुक्ता: व्यक्तो दध्यादि न्यायेन रूपान्तरपरिणतो व्यक्तीकृत एव रसो नतु दीपेन घट इव पूर्वसिद्धो व्यज्यते। तदुक्तं लोचनकारै:—"रसा: प्रतीयन्ते इति त्वोदनं पचतीतिवद्व्यवहार:" इति। अत्र च रत्यादि पदोपादानादेव स्थायित्वे प्राप्ते पुन: स्थायिपदोपादानं रत्यादीनामपि रसान्तरेष्वस्थायित्वप्रतिपादनार्थम्। ततश्च हास क्रोधादय: शृङ्गार

वीरादौ व्यभिचारिण एव। तदुक्तं "रसावस्थः परं भावः स्थायितां प्रतिपद्यते" रसावस्थोभाव एव स्थायीभावः। अयमेव विभावादिभिर्मिलित्वा रसाय परिणमति। "भावाएवाभिसम्बद्धाः प्रयान्ति रसरूपताम्।" वस्तुतस्तुस्थितिरियमेव—

"न भावहीनोऽस्ति रसो न भावो रसवर्जितः
परस्परकृतासिद्धिरनयो रसभावयोः।"

साहित्यदर्पण की इस उक्ति से प्रतीत होता है— रस एवं भाव कस्तूरी एवं कस्तूरी गन्ध के समान ही अविच्छेद्य सम्बन्धान्वित है।

आलङ्कारिकों के मत में तो भाव भी रस ही है,—

"रसभावौ तदाभासौ भावस्य प्रशमोदयौ।
सन्धिः शबलता चेति सर्वेऽपि रसनाद् रसाः॥"

रस धर्म के उपयोगी होने के कारण भावादि में भी उपचार से रस शब्द का प्रयोग होता है। भक्तिरसामृत में उक्त है,—

"भावा विभावजनिताश्चित्त वृत्तय ईरिताः॥"

नाट्यशास्त्र का कथन है—

"विभावेनोद्धृतो योऽर्थः, स भाव इति संज्ञितः॥"

काव्य प्रकाश (४) में विभाव लक्षण निम्नोक्त प्रकार है—

कारणान्यथ कार्य्याणि सहकारीणि यानि च।
रत्यादेः स्थायिनो लोके तानि चेन्नाट्य काव्ययोः।
विभावा अनुभावाश्च कथ्यन्ते व्यभिचारिणः॥"

लौकिक में रस का कारण-नायक एवं नायिका है। काव्य एवं नाट्य में अभिनय एवं वर्णन कुशलता से विभावना को प्राप्त करते हैं, जैसे नलदमयन्ती है। सामाजिक का स्थायिभाव को विभावित करता है, अर्थात् भावना पदवी को प्राप्त कराता है, अतः उसे विभाव कहते हैं। विभाव द्विविध हैं,—आलम्बन एवं उद्दीपन, नायक नायिकादि—आलम्बन हैं। कैशोर, वसन्त, मलयपवनादि-उद्दीपन हैं। रसामृत में उक्त है—(२।१।१५)

"तत्र ज्ञेया विभावास्तु रत्यास्वादन हेतवः ।।"

अग्निपुराण में वर्णित है—

"विभाव्यते हि रत्यादि र्यत्र येन विभाव्यते ।
विभावो नाम स द्वेधा आलम्बनोद्दीपनात्मकः ।।"

साहित्यदर्पण के मत में—"विभाव्यन्ते, आस्वादाङ्कुर प्रादुर्भाव योग्याः क्रियन्ते सामाजिक रत्यादिभावा एभिरितिविभावा उच्यन्ते ।'

विषयाश्रय भेद से आलम्बन द्विविध हैं—

(२) अनुभाव—(रसामृत २।२।१) अनुभावास्तु चित्तस्थ भावानामवबोधकाः । चित्तस्थ भावों का अवबोधक को अनुभाव कहते हैं। अलङ्कार उद्भास्वर वाचिक भेद से त्रिविध का उल्लेख उज्ज्वल के अनुभाव प्रकरण में है।

(३) सात्त्विक—(रसामृत २।३।१)कृष्ण सम्बन्धिभिः साक्षात् किञ्चिद् वा व्यवधानतः भावैश्चित्तमिहाक्रान्तं सत्त्वमित्युच्यते बुधैः, सत्त्वादस्मात् समुत्पन्ना ये भावास्ते तु सात्त्विकाः।"

अनुभाव विशेष ही सात्त्विक है, तथापि पृथक् नाम से अभिहित होने का कारण है। शुद्ध सत्त्व से आविर्भूत होने के कारण ही गोबलीवर्द्द न्याय से सात्त्विक कहते हैं। स्तम्भ कम्पादि अष्टविध होते हैं।

विशेषेणाभिमुख्येन चरन्ति स्थायिनं प्रति'
वागङ्ग सत्त्वसूच्या ये ज्ञेया स्ते व्यभिचारिणः ।
सञ्चारयन्ति भावस्य गतिं सञ्चारिणोऽपि ते ।।

जो भाव स्थायीभाव को पुष्ट करता है, एवं उक्त स्थायीभाव से ही उत्थित होकर उसमें विलीन होता है, उसे सञ्चारी कहते हैं।

सामाजिक के स्थायीभाव को वैचित्री युक्त करता है, अतः इसे सञ्चारी कहते हैं। निर्वेद विषाद ग्लानि प्रभृति त्रयस्त्रिंशद् व्यभिचारी भाव हैं।

विभाव के द्वारा सहृदय सामाजिक के चित्तमें जो भावित होता

है, उसे भाव कहते हैं। जिस से सामाजिक के चित्त में भावोन्मेष, अथवा आविर्भाव होता है, उसे भी भाव कहते हैं। मूलगत नायक नायिका को अनुकार्य्य कहते हैं। इस प्रकार अनुकार्य्य एवं सामाजिक एतदुभय में अनुभाव सात्त्विक व्यभिचारी भाव की स्थिति होती है।

संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

(१) काव्य-नाट्य श्रवण दर्शन प्रभृति से सामाजिक के चित्त में विभाव—अनुभाव की उपस्थिति होती है।

(२) आक्षेप से अर्थात् व्यञ्जनावृत्ति से बोध होने पर सामाजिक के चित्त में सत्वर सञ्चारी एवं स्थायिभाव का आविर्भाव होता है।

(३) साधारणी करणाख्य व्यापार से 'नलदमयन्ती' का अथवा मेरा है, इस प्रकार रीति से विभावादि चतुष्टय का प्रत्यय सामाजिक का होता है।

(४) अनन्तर व्यञ्जनाके द्वारा अनुकार्य्यके सहित ही समानाकार रस की प्रतीति सामाजिक की होती है।

(५) स्वदनाख्य व्यापार के द्वारा 'अहमेव दमयन्ती विषयको रतिमान् नल एव' इस प्रकार स्वीयरसवासित चित्त में रत्यादि अभेदात्मक निज में नायकाभेदात्मकरससाक्षात्कार सहृदय सामाजिक का होता है। रसामृतसिन्धु एवं साहित्य कौमुदी में नाट्यशास्त्र के प्रमाण से साधारणीकरण का सुसंस्थापन हुआ है।

"शक्ति रस्ति विभावादेः कापि साधारणी कृतौ,
प्रमाता तदभेदेन स्वं यथा प्रतिपद्यते।"

साधारण्य का अर्थ है—स्व एवं पर सम्बन्ध निर्णय न होना। रसामृतसिन्धु (२।५।१०१) की नाट्यशास्त्र श्लोक की टीकामें श्रीजीव गोस्वामी का कथन यह है—"मुनिवाक्ये तु भेदांशः स्वयमस्त्येव, इत्यभेदांश एव तु विभावादेः शक्तिरिति भावः।" भरतमुनि के मत में किन्तु नाट्य रसास्वादन प्रमाता सामाजिक है, दृश्यकाव्य का प्रेक्षक ही रसास्वादक होता है। सब व्यक्ति दर्शक सामाजिक नहीं

होते हैं—कारण कहा भी है—

"य स्तुष्टे तुष्टि मायाति शोके शोकमुपैति च ।
क्रुद्धः क्रुद्धे भये भीतः स नाठ्ये प्रेक्षकः स्मृतः ॥"

उक्त रीति से श्रव्य काव्य में भी सहृदय श्रोता पाठक,—सामाजिक होगा, सवासन सभ्य का ही रसास्वादन होगा । वासना हीन व्यक्ति का रसास्वादन नहीं होता है, जिस प्रकार रङ्गमञ्चस्थ काष्ठ प्रभृति का रसोद्बोध नहीं होता है ।

धर्मदत्त ने कहा—

"निर्वासनानान्तु रङ्गान्तः काष्ठकुड्याश्मसन्निभाः ।"

अभिनव गुप्तका कथन है—"येषां काव्यानुशीलनवशाद् विशदीभूते मनोमुकुरे वर्णनीय तन्मयी भवन योग्यता, ते हृदयसंवादभाजः सहृदयाः ।"

आनन्दवर्द्धनाचार्य के मत में—"रसज्ञतैव सहृदयत्वमिति ।।"

अलङ्कार कौस्तुभ (५) में उक्त है—"यदि तु विगलित वेद्यान्तरत्व मनुकर्त्तृणामपि दृश्यते, तदा तेषामपि सामाजिकत्वमेव, अनुकरणन्तु संस्कारवशादेव जीवन्मुक्तानामाहारविहारादिवत् । तेन सामाजिकानामेव रसः सम्पद्यते ।।"

अलङ्कार कौस्तुभस्थ भक्ति रस का उदाहरण,—

"जय श्रीमद् वृन्दावन मदननन्दात्मजविभो
प्रियाभीरी वृन्दारिक निखिल वृन्दारकमणे ।
चिदानन्दस्यन्दाधिक पदारविन्दासव मणे
नमस्ते गोविन्दाखिलभुवनक बाय महते ।।"

अत्र देवविषयत्वाच्चेतोरञ्जकता रतिरेव भावः । स एव स्थायी; आलम्बनम्—श्रीकृष्णः, उद्दीपनम् तन्महिमादि अनुभावः हृदय द्रवादिः, व्यभिचारी—निर्वेद दैन्यादिः । परोक्षो भक्तानाम्, सामाजिकानान्तु प्रत्यक्षः ।।

अलङ्कार कौस्तुभः में (५।१२) प्रेमरस का उदाहरण—

"प्रेयांस्तेऽहं त्वमपि च मम प्रेयसीति प्रवाद
स्त्वं मे प्राणा अहमपि तवास्मीति हन्त प्रलाप: ।
त्वं मे ते स्यामहमिति च यत्तच्च नो साधु राधे
व्याहारे नौ नहि समुचितो युस्मदस्मत् प्रयोग: ॥"

अत्र चित्त द्रव:स्थायी, स च उभयनिष्ठ:, आलम्बनमन्योन्यम् । उद्दीपनमन्योन्यगुणपरिमल: । अनुभाव:,—विशिष्य निर्वचनाभाव:, व्यभिचारी-मत्यौत्सुक्यादि: । परोक्ष:-श्रीकृष्ण राधयो:, सामाजिकानां प्रत्यक्ष:, प्रेमरसे सर्वेरसा अन्तर्भवन्तीति प्रेमाङ्गं शृङ्गारादयोऽङ्गिन इत्यत्र महीयानेव प्रपञ्च: ।

भक्ति रस निर्णायक गौड़ीय वैष्णव ग्रन्थों का संक्षिप्त परिचय यह है—(१) श्रीभक्तिरसामृतसिन्धु-श्रीगौड़ीय रस-साहित्य कल्पतरु का सर्वोत्कृष्ट गलित फल स्वरूप असमोद्र्ध्व भक्ति रसविज्ञान शास्त्र है। श्रीचैतन्यदेव से शिक्षा प्राप्त श्रीपाद रूपगोस्वामी उक्त ग्रन्थ प्रणेता हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ सरस एवं विशुद्ध व्रजरीति परिपाटी का उपाय प्रदर्शक है, इस ग्रन्थ के तात्पर्य्यानुसार जीवन प्रणाली नियमित होने से मानव विश्वकीर्त्ति विस्तारी आनन्द वृन्दावन के अमृतमय राज्य में प्रवेश कर सकते हैं। इस में भक्ति रूपा उच्चतमा चिद्वृत्ति के धर्म-कर्मादि का अङ्कन विशेष निपुणता के सहित हुआ है। भक्ति रूपा चिद्वृत्ति का उद्भव, क्रमविकाश, एवं चरम परिणति का ईदृश मनोरम सर्वाङ्ग सुन्दर इतिहास अन्यत्र विरल है। विषय विभाग का नैपुण्य, निर्दोष सरस कवित्व, सुसूक्ष्म दार्शनिकता, मानव समाज में अपरिचित श्रेष्ठतम मानवता निर्म्माण के उपाय प्रदर्शकत्वादि का एकत्र अवलोकन की अभीप्सा होने पर इस ग्रन्थका अनुशीलन करना एकान्त कर्त्तव्य है। जो जन मुख्य भागवत वैष्णवीय भजन की विशुद्ध भजन प्रणाली को जानने के लिए समुत्सुक हैं। उनके लिए यह ग्रन्थ अवश्य अवलोकनीय है।

अतीव सरस एवं परम पवित्रता की सुदृढ़तम भित्ति में सुप्रतिष्ठित जो गौड़ीय वैष्णव पद्धति है, उसका परिज्ञान भी इस

ग्रन्थ पाठ से ही होगा।

चित्तवृत्ति को सुशिक्षाके द्वारा सुसंयत करने से ही मानव महान् होता है। प्राथमिक जीवन में असंयत चित्तवृत्ति समूह को किस प्रकार से संयत करके वैधी भक्तिकी सहायता से परमादर्श परमप्रिय श्रीभगवच्चरणों में समाकृष्ट करना होता है। शास्त्रीय सुविधान से कैसे चित्त सुनिर्म्मल होकर उसमें श्रीभगवान् में प्रीति का उदय होता है, एवं उक्त प्रीति ही कैसे रागानुगा में परिणत होकर सांसारिक विषय वितृष्णा को उत्पन्न करके श्रीकृष्ण भजन को ही एकमात्र सुख कर रूप में प्रतिभात कराती है— इस ग्रन्थ में उसकी सुविस्तृत विवृत्ति है।

अतुलनीया रागानुगा भक्ति कैसे भाव--भक्तयादि में सञ्चारित होती है। कैसे मानव व्रजभाव प्राप्त करने का अधिकारी होता है। भाव, अनुभाव, विभावादि का स्वरूप समूह साहित्यिक रसशास्त्र में दृष्ट होने पर भी कैसे मानव अखिल रसामृत मूर्त्ति श्रीभगवान् के भजन पथ में निर्दुष्ट अप्राकृत रसशास्त्र के विषय को लेकर अग्रसर हो सकता है। उन आनन्द लीलामय विग्रह के स्वरूप, गुणादि का बहुविध परिज्ञान उस ग्रन्थ से होता है। यह ही व्रजभक्ति रसका एकमात्र विज्ञान शास्त्र है।

श्रीकृष्ण एवं भक्तिरस सम्बन्धि विस्तृत ग्रन्थ में पूर्व, दक्षिण, पश्चिम, उत्तर रूप में विभाग चतुष्टय हैं। स्थायी भावोत्पादन नामक पूर्व विभाग में - सामान्य, साधन, भाव, प्रेमभक्ति विषयक लहरी चतुष्टय हैं। "भक्तिरस सामान्य निरूपण" नामक दक्षिण विभाग में—विभाव, अनुभाव, सात्त्विक, व्यभिचारी एवं स्थायीभाव भेद से पञ्चलहरी हैं। "मुख्य भक्तिरस निरूपण" नामक पश्चिम विभाग में—शान्त, प्रीत भक्तिरस अर्थात् दास्य, प्रेयो भक्तिरस अथवा सख्य, वात्सल्य भक्तिरस एवं मधुर भक्तिरस भेद पञ्चलहरी तथा "गौण भक्तिरसादि निरूपण" नामक उत्तर विभाग में-क्रमशः हास्य, अद्भुत, वीर, करुण, रौद्र, भयानक, बीभत्स भक्तिरस, मैत्री

वैरीस्थिति, रसाभास--रूप नवमलहरी विद्यमान हैं।

२१४१ श्लोक समन्वित प्रस्तुत ग्रन्थ का रचना काल १४६३ शकाब्द है। इस में टीकात्रय विद्यमान हैं—(१) श्रीजीवगोस्वामी कृता 'दुर्गम सङ्गमनी', (२) श्रीमुकुन्द गोस्वामी कृता 'अर्थ रत्नाल्प दीपिका', श्रीविश्वनाथ चक्रवर्त्ती कृत 'भक्तिसार प्रदर्शिनी'।

ग्रन्थोक्त उत्तमा भक्ति का लक्षण—

"अन्याभिलाषिता शून्यं ज्ञानकर्माद्यनावृतम्।
आनुकूल्येन कृष्णानुशीलनं भक्तिरुत्तमा॥" (पूर्व १।८)

प्राचीन भागवत मतमें एवं पाञ्चरात्र मतमें वीज रूपमें निहित सिद्धान्त ही गौड़ीय सिद्धान्त है। अतएव प्रमाण स्वरूप में उट्टङ्कित पाञ्चरात्र श्लोक यह है—

"सर्वोपाधिविनिर्मुक्तं तत्परत्वेन निर्मलं।
हृषीकेण हृषीकेश सेवनं भक्तिरुच्यते॥"

अनन्तर (भा० ३।२९।१३-१४) श्लोक में उद्धृत हुआ है।

"अहैतुक्यव्यवहिता या भक्तिः पुरुषोत्तमे।
सालोक्यसार्ष्टि सारूप्य सामीप्यैकत्वमप्युत॥
दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत् सेवनं जनाः।
स एव भक्तियोगाख्य आत्यन्तिक उदाहृतः॥"

उक्त भक्ति का लक्षण ही सर्वश्रेष्ठ है। भागवत, पाञ्चरात्र, नारदीय भक्तिसूत्र,शाण्डिल्योक्त भक्तिकी तुलना करनेसे प्रतीत होता है कि—श्रीरूप कृत व्रजभक्ति का लक्षण ही निर्दुष्ट है।

नारदीय भक्तिसूत्र—

"सा कस्मैचित् परमप्रेमरूपा। सातु कर्मज्ञान योगेभ्योऽप्यधिकतरा"

शाण्डिल्य सूत्र—'सा परानुरक्तिरीश्वरे" तुलना करने से प्रतीत होता है कि-श्रीरूपकृत लक्षण में'कृष्ण'शब्द पाञ्चरात्रोक्त 'हृषीकेश' शब्द भागवतीय 'पुरुषोत्तम' शब्द से सर्वाधिक भाव व्यञ्जक है।

प्रेम लक्षण में उक्त है —

"सम्यङ् मसृणित स्वान्तो ममत्वातिशयाङ्कितः,
भावः स एव सान्द्रात्मा बुधैः प्रेमा निगद्यते ॥"

'सम्यङ् मसृणित', 'अतिशयाङ्कित' शब्दद्वय पाञ्चरात्रोक्त अनन्य ममता, 'सङ्गताममता' शब्द की अपेक्षा अधिकतर हृदय ग्राही है।

नारदीय सूत्र—'कस्मै' शब्द, शाण्डिल्य सूत्र-'ईश्वर' शब्द से भी श्रीरूप कृत 'कृष्ण' शब्द सर्वाधिक स्पष्ट रस व्यञ्जक है।

पाञ्चरात्रीय भक्ति लक्षण में उक्त— 'सेवन' शब्द से केवल सेवा का बोध ही होता है। किन्तु श्रीरूप कृत लक्षण में आनुकूल्य के योग से लक्षण सर्वोत्तम गुण सम्पन्न हुआ है। आनुकूल्य शब्द का अर्थ है, सेव्य के प्रति रोचमानाप्रवृत्ति। अवगाहन करने से गोस्वामी कृत लक्षण का माधुर्य्यानुभव सर्वाधिक रूप से होगा।

श्रीरामानुजाचार्य्य—'वेदार्थसारसंग्रह के मोक्षोपाय प्रसङ्ग' में कहे हैं-"वर्णाश्रमाचारवता पुरुषेण परः पुमान्,
विष्णुराराध्यते येन नान्यस्तत्तोषकारणम् ॥" (विष्णुपुराण)

किन्तु श्रीचैतन्यदेव के मत में वह प्रथम सोपान है। अतएव गौड़ीय सिद्धान्त निखिल उत्कर्ष मण्डित, एवं सर्वभावावगाही है।

उक्त लक्षणाक्रान्ता भक्ति षड् विधा है (१।११)—

क्लेशघ्नी शुभदा मोक्ष लघुताकृत सुदुर्ल्लभा।
सान्द्रानन्द विशेषात्मा श्रीकृष्णाकर्षिणी मता ॥

साधन भक्ति—

कृति साध्या भवेत् साध्यभावा सा साधनाभिधा।
नित्यसिद्धस्य भावस्य प्राकट्यं हृदि साध्यता ॥ (२।२)

वैधी रागानुगा भेद से वह भक्ति द्विविधा है। उत्तम, मध्यम, कनिष्ठाधिकारी भेद से अधिकारि निर्णय के पश्चात् चतुःषष्टि अङ्गों का वर्णन सप्रमाण हुआ है। उक्त अङ्ग समूह के मध्य में-श्रीमूर्त्ति

सेवा, श्रीमद्भागवतार्थास्वाद, साधुसङ्ग, नामसङ्कीर्त्तन, तथा श्रीधाम वास मुख्य है।

> दुरुहाद्भुत वीर्य्येऽस्मिन् श्रद्धा दूरेऽस्तु पञ्चके।
> यत्र स्वल्पोऽपि सम्बन्धः, सद्धियां भावजन्मने ॥(२।११०)

प्रासङ्गिक रूप में युक्त वैराग्य (१२५) फल्गुवैराग्य निर्णय, एकाङ्ग अनेकाङ्ग भक्ति साधना की विवृत्ति है।

रागानुगा भक्ति लक्षण—

> विराजन्तीमभिव्यक्तं व्रजवासिजनादिषु।
> रागात्मिकामनुसृता या सा रागानुगोच्यते ॥

रागात्मिका—

> इष्टे स्वारसिकी रागः परमाविष्टता भवेत्।
> (पूर्व २।१३२)

कामानुगा सम्बन्धानुगा भेद से उक्त भक्ति द्विविध हैं, (१४३) उक्त भक्त्यधिकारी जन, व्रजवासि जनादि भावलुब्ध जन ही हैं

> तत्तद् भावादि माधुर्य्ये श्रुते धी र्यदपेक्षते।
> नात्र शास्त्रं न युक्तिञ्च तल्लोभोत्पत्ति लक्षणम् ॥

रागानुगा परिपाटी—

> कृष्णं स्मरन् जनञ्चास्य प्रेष्ठं निज समीहितम्।
> तत्तत् कथा रतश्चासौ कुर्य्याद् वासं व्रजे सदा॥ (१०५)
> सेवा साधक रूपेण सिद्ध रूपेण चात्र हि।
> तद्भाव लिप्सुना कार्य्या व्रजलोकानुसारतः ॥(१५१)

भाव भक्ति लहरी, भाव लक्षण—

> शुद्धसत्त्व विशेषात्मा प्रेमसूर्य्यांशु साम्यभाक्।
> रुचिभिश्चित्तमासृण्यकृदसौ भाव उच्यते ॥(३।१)

भावाविर्भाव कारण—

> साधनाभिनिवेशेन कृष्णतद्भक्तयोस्तथा,

प्रस देनातिधन्यानां भावोद्वेधाभिजायते । (३।५)

भावाविर्भाव लक्षण—

क्षान्तिरव्यर्थकालत्वं विरक्तिर्मानशून्यता।
आशाबन्धः समुत्कण्ठा नाम गाने सदारुचिः।।
आसक्तिस्तद् गुणाख्याने प्रीतिस्तद् वसति स्थले ।
इत्यादयोऽनुभावाः स्यु र्जात भावाङ्कुरे जने ।। (३।११)

प्रेमभक्ति लहरी में प्रेम लक्षण—

सम्यङ् मसृणित स्वान्तो ममत्वाति शयाङ्कितः ।
भावः स एव सान्द्रात्मा बुधैः प्रेमानिगद्यते ।। (४।१)
प्रेमेदं भावोत्थ श्रीहरि प्रसादोत्थं चेति द्विधा भिद्यते ।

प्रेमोदय में क्रम—

आदौ श्रद्धा ततः साधुसङ्गोऽथ भजनक्रिया ।
ततोऽनर्थनिवृत्तिः स्यात्ततो निष्ठा रुचिस्ततः ।।
अथासक्तिस्ततोभावस्ततः प्रेमाभ्युदञ्चति ।
साधकानामयं प्रेम्णः प्रादुर्भावे भवेत् क्रमः ।।(४।११)

साधक देह में साधारण प्रेमाविर्भाव पर्य्यन्त होता है । प्रेम के विलास रूप स्नेहादि का आविर्भाव नहीं होता है । अतः स्नेहमानादि का वर्णन भक्तिरसामृत में नहीं है, उज्ज्वल में वर्णन हुआ है ।

दक्षिण विभाग में—

(१) विभाव लहरी—विषयालम्बन श्रीकृष्ण के ६४ गुण समूह (१।११-११७), पूर्ण, पूर्णतर, पूर्णतम भेद (११८-११९), धीरोदात्त--धीर ललित, धीरोद्धत, धीरप्रशान्त भेद (१२०--१२७), शोभाविलासादि अष्टगुण (१३३--१४०), सहाय (१४१), शान्त, दास, सखा, गुरु, प्रेयसी भेद से पञ्चविध भक्त (१५४), उद्दीपन विभाव गुणचेष्टा प्रसाधनादि (१५४--१८६)।

(२) अनुभाव लहरी—'अनुभावा चित्तस्थ भावानामवबोधकाः । (२।१), नृत्य विलुठित गीतादि ।

(३) सात्त्विक लहरी—स्तम्भ स्वेद रोमाञ्च प्रभृति अष्टविध सात्त्विक, स्निग्ध, दिग्ध—रुक्ष भेद से त्रिविध।

(४) व्यभिचारी लहरी—निर्वेद विषाद दैन्यादि त्रयस्त्रिंशत्।

(५) स्थायिभाव लहरी—

अविरुद्धान् विरुद्धांश्च भावान् यो वशतां नयन्
सुराजेव विराजेत सः स्थायी भाव उच्यते।
स्थायी भावोऽत्र सः प्रोक्तः श्रीकृष्ण विषयारतिः॥

मुख्य गौण भेद से द्विविध, प्रीति, सख्य, वात्सल्य, प्रियतारूप पञ्च मुख्य, हास विस्मयोत्साह शोक-क्रोध-भय-जुगुप्सा भेद से गौण सात हैं।

पश्चिम विभाग में—

(१) शान्त, (२) प्रीत, (३) प्रेयो, (४) वत्सल, (५) मधुर भक्तिरस का विभेद वर्णन।

उत्तर विभाग में—

हास्यादि सप्त गौण भक्तिरस, परस्पर मित्र वैरीस्थिति, रसाभास का वर्णन।

(२) उज्ज्वल नीलमणि—

अखिलरसामृतमूर्त्ति श्रीकृष्ण का उज्ज्वल रस-विज्ञान शास्त्र है। इसमें नायक नायिकादि भेदादि शृङ्गार रस का विस्तृत वर्णन है।

(१) नायक भेद प्रकरण में—विषयालम्बन श्रीकृष्ण की मधुर रसोचित गुणावली, धीरोदात्तादि नायक भेद पति, उपपति भेदद्वय, परकीया रस में ही शृङ्गार रस का परमोत्कर्ष "अत्रैव परमोत्कर्षः शृङ्गारस्य प्रतिष्ठितः" बहु वार्य्यमानत्व, प्रच्छन्न कामुकत्व. मिथोदुर्ल्लभत्व ही रति के पारतम्य में कारण है, भरत मत के द्वारा समर्थन। "लघुत्वमत्र यत् प्रोक्तम्" श्रीजीव, विश्वनाथ की स्वकीया परकीया में विचार पद्धति। धीरोदात्त दि चतुर्विध नायक

के अनुकूल दक्षिण शठ धृष्ट भेद, ९६ विध नायक भेद ।

(२) सहाय भेद प्रकरण— चेट, विट, विदूषक, पीठमर्द, प्रियनर्म भेद से सहायक पञ्चविध । विविध गुणसमूह स्वयं दूती, आप्तदूती, कटाक्ष वंशीध्वनि स्वयं दूती, तथा वीरा वृन्दादि आप्तदूती ।

(३) कृष्णवल्लभा प्रकरण में— स्वकीया परकीया भेदसे द्विविधा प्रेयसी । कन्यका परोढ़ा नायिका, परोढ़ा साधनपरा, देवी, नित्य प्रिया भेद से त्रिविधा, साधनपरा— यूथयुक्ता मुनिगण उपनिषद्वृन्द यूथ हीना-प्राचीना नवीना नित्यप्रिया, राधा चन्द्रावली प्रभृति ।

(४) राधा प्रकरण—सर्वथाधिका राधा, महाभाव स्वरूपिणी,

सुष्ठुकान्त स्वरूपेयं सर्वदा वार्षभानवी ।
धृत षोड़श शृङ्गारा द्वादशाभरणाश्रिता ।।

श्रीराधा के पञ्चविंशति गुणसमूह, पञ्चविध सखीवृन्द-सखी, नित्यसखी, प्राणसखी, प्रियसखी, परमप्रेष्ठ सखी ।

(५) नायिका भेद प्रकरण— मुग्धा, मध्या, प्रगल्भा भेद से त्रिविध नायिका, मध्या, प्रगल्भा, धीरा, अधीरा, धीराधीरा, भेद नायिका की अष्टावस्था--अभिसारिका, वासक सज्जा, उत्कण्ठिता, खण्डिता, विप्रलब्धा, कलहान्तरिता, प्रोषित भर्त्तृका, स्वाधीन भर्त्तृका, उत्तमा, मध्यमा, कनिष्ठा भेद से त्रिविधा हैं ।

(६) यूथेश्वरी भेद प्रकरण में—अधिका, समा, लघु, त्रिविधा, प्रखरा, मध्या, मृद्वी रूपेण त्रैविध्य हैं ।

(७) दूती प्रकरण में—दूती दो प्रकार हैं, स्वयं दूती, आप्तदूती स्वयं दूती के द्वारा स्वाभियोग का प्रकाश--वाचिक, आङ्गिक चाक्षुष रूप से होता है । आप्तदूती त्रिविध हैं, अमितार्था, निसृष्टार्था, पत्रहारी, इन सब की विशेष क्रिया का उल्लेख है ।

(८) सखी प्रकरण में—प्रखरा, मध्या, मृद्वी भेद से सखी त्रिविध हैं । वामा, दक्षिणा, ये नित्य नायिका, नित्यसखी, समस्नेहा, असमस्नेहा हैं ।

(९) श्रीहरिवल्लभा प्रकरण में---व्रजदेवियों के सपक्ष, सुहृत्पक्ष, तटस्थ, विपक्ष का वर्णन है।

(१०) उद्दीपन प्रकरण में---गुण, नाम, चरित्र, मण्डन, तटस्थादि भाव उद्दीपन, वाचिक-कायिक-मानस भेद से गुण त्रिविध, वयःसन्धि, माधुर्य्य, यौवन का भेद। रूप--लावण्य सौन्दर्य्यादि नाम-रासादि चरितावली का उल्लेख है।

(११) अनुभाव प्रकरण में--नायिका के अलङ्कार समूह, भाव, हाव प्रभृति का वर्णन, अवान्तर भेद, उद्भास्वर है।

उद्भासन्ते स्वधाम्नीति प्रोक्ता उद्भास्वरा बुधैः।
नीव्युत्तरीय धम्मिल्लस्रंसनं गात्रमोटनं।
जृम्भा घ्राणस्य फुल्लत्वं निश्वासादय स्ते मताः॥

(१२) सात्त्विक प्रकरण में---स्तम्भ-स्वेदादयोऽष्ट सात्त्विक का वर्णन है।

(१३) व्यभिचारी प्रकरण में---निर्वेद विषादादि त्रयस्त्रिंशत् सञ्चारिभाव का वर्णन है। भावसन्धि-शाबल्य-शान्ति-प्रभृति की सुविस्तृत आलोचना है।

(१४) स्थायीभाव प्रकरण में---शृङ्गार रस में मधुरारति को स्थायीभाव कहते हैं। रत्याविर्भाव का कारण--

अभियोगाद् विषयतः सम्बन्धादभिमानतः।
सा तदीयविशेषेभ्य उपमातः स्वभावतः।
रतिराविर्भवेदेषामुत्तमत्वं यथोत्तरम्॥

निसर्ग-स्वरूप भेद से स्वभाव दो प्रकार हैं, ललनानिष्ठोभयनिष्ठत्व भेद से स्वरूप भी द्विविध हैं। यह रति--साधारणी, समञ्जसा, समर्था भेद से त्रिविध हैं। प्रेम (प्रौढ़ प्रेम), स्नेह (घृतमधु स्नेह) मान (उदात्त ललित), प्रणय (मैत्र, सुमैत्र, सख्य, सुसख्य), राग (नीलिम रक्तिमा, प्रत्येक द्विविध, नीलीश्याम, कुसुम्भ, मञ्जिष्ठा), अनुराग, भावः-(रूढ़ निमेषासहिष्णुता, आसन्नजनत हृद्विलोड़नं,

कल्पक्षणत्व, क्षणकल्पत्व, अधिरूढ़, मोदन मोहन), दिव्योन्माद उद्घूर्णा दशविध ।

मादन---सर्वभावोद्गमोल्लासो मादनोऽयं परात्पर: ।
राजते ह्लादिनीसारो राधायामेव य: सदा ।।(१५५)

(१५) शृङ्गार भेद प्रकरण में---विप्रलम्भ- सम्भोग ।

(१६) पूर्वराग प्रकरण में---

रति र्या सङ्गमात् पूर्वं दर्शन श्रवणादिजा ।
तयोरुन्मीलति प्राज्ञै: पूर्वराग: स उच्यते ।।

इसका साक्षात् दर्शन--स्वप्न दर्शन भेद है। वन्दी-दूती, सखी मुख से श्रवण, प्रौढ़ होने से लालसादि दशदशा होती हैं।

(१७) मान प्रकरण में—स हेतुक-निर्हेतुक मान का निर्णय है।

(१८) प्रेमवैचित्त्य प्रकरण में—लक्षण एवं उदाहरण वर्णित है।

(१९) प्रवास प्रकरण में—बुद्धिपूर्व--अबुद्धिपूर्व भेदद्वय. चिन्ता जागर, उद्वेगादि दशाओं का विस्तृत वर्णन है।

(२०) संयोग वियोग स्थिति प्रकरण में—प्रकट लीला में मथुरा गमन, नित्यलीला में वृन्दावन में नित्य स्थिति वर्णित है।

(२१) सम्भोग प्रकरण में—जाग्रदवस्था में मुख्य, स्वप्न में गौण सम्भोग, मुख्य सम्भोग--चतुर्विध, पूर्वराग के पश्चात् संक्षिप्त. मान के अनन्तर सकीर्ण, किञ्चिदद्दूरप्रवास से सम्पन्न, सुदूर प्रवास के पश्चात् समृद्धिमान् । इसका सुविस्तृत विश्लेषण है।

(२२) गौण सम्भोग प्रकरण में--स्वप्न में संक्षिप्तादि भेद चतुष्टय सन्दर्शन, जल्प, स्पर्शनादि सम्भोग की वर्णना है। संयोग एवं लीलाविलास के मध्य में लीलाविलास का ही समादर है।

"विदग्धानां मिथो लीलाविलासेन यत् सुखम् ।
न तथा संप्रयोगेन स्यादेवं रसिका विदु: ।। (२२)

उपसंहार में—

अतलत्वादपारत्वादाप्तोऽसौ दुर्विगाहताम् ।

स्पृष्टः परं तटस्थेन रसाब्धि र्मधुरोमथा ।।

इस ग्रन्थ की टीका तीन हैं —'लोचन रोचनी'— 'श्रीजीव कृता, 'आनन्द चन्द्रिका'-श्रीविश्वनाथ कृता, श्रीविष्णुपद गोस्वामिकृता —'स्वात्म प्रमोदिनी'।

(४) नाटक चन्द्रिका—श्रीविदग्ध माधव ललितमाधवनाटक द्वय के लक्षणोदाहरण लक्ष्य विषयों का समन्वय साधक ग्रन्थ, श्रीरूप गोस्वामि प्रणीत है।

भरतमुनि कृत नाट्यशास्त्र तथा शिङ्गभूपाल कृत रसार्णवसुधाकर के आदर्श से रचित 'नाटक चन्द्रिका' नामक नाट्यशास्त्र है। भरत मतविरोधी साहित्य दर्पण का वर्जन इस ग्रन्थ में हुआ है।

वीक्ष्य भरतमुनि शास्त्रं रसपूर्व सुधाकरञ्च रमणीयम् ।
लक्षणमतिसंक्षेपाद् विलिख्यते नाटकस्येदम् ।।(१)
नातीव संगतत्वाद् भरतमुने र्मत विरोधाच्च ।
साहित्य दर्पणीया न गृहीता प्रक्रियाः प्रायः ।। (२)

प्रस्तुत ग्रन्थ में नाटक लक्षण, दिव्य दिव्यादिव्यादिव्य भेद से नायक त्रिविध, ख्यात, क्लृप्त मिश्रेति त्रिविध-इतिवृत्त, प्रस्तावना, आशीर्वाद, नमस्क्रियादि वस्तुनिर्देशात्मक नान्दीत्रय, प्ररोचना, आमुख—पञ्चक, सन्धि, बीजादि पञ्च प्रकृति । आरम्भादि पञ्चावस्था, मुखादि संध्यङ्ग पञ्चक, द्वादश बीज भेद, त्रयोदश प्रतिमुख सन्धि भेद, द्वादश गर्भसन्धि भेद, एकविंशति सन्ध्यन्तर, षट्त्रिंशद् भूषण भेद, चार पताका स्थान, विष्कम्भादि अर्थोपक्षेपक, स्वगतादि नाट्योक्ति, अङ्ग स्वरूप, गर्भाङ्क स्वरूप, अङ्क संख्या, नाटक के रसादि, संस्कृत प्राकृत भाषाविधान, भारती प्रभृति वृत्ति भेद। नर्म एवं उसका भेद सलक्षणोदाहरण के सहित वर्णित है।

(५) अलङ्कार कौस्तुभ—कवि कर्णपुर गोस्वामी प्रणीत दश किरणात्मक अलङ्कार ग्रन्थ। प्रथम किरण—"ध्वनिर्नाद ब्रह्म" निर्णय करने के पश्चात् परापश्यन्तीत्यादि योग-शास्त्र मतानुसार

नाद का सर्वोत्कर्ष स्थापित हुआ है। ध्वनि का काव्य प्राणत्व प्रतिपादन के अनन्तर रसापकर्षक दोष रहित यथासम्भव गुणालङ्कार रसात्मक शब्दार्थ युगल को काव्य कहा है।

कवि लक्षण में--'स बीजो हि कवि र्ज्ञेयः, बीजं नाम प्राक्तन संस्कार विशेष काव्यरोहभूः।' काव्यं हि द्विविधम्-

उत्तमं ध्वनि वैशिष्टे मध्यमे तत्र मध्यमम्।
अवरं तत्र निष्पन्द इति त्रिविधमादितः॥
पुनः ध्वनेर्ध्वन्यन्तरोद्‌गारे तदेव ह्युत्तमोत्तमम्।
शब्दार्थयोश्च वैचित्र्ये द्वे यातः पूर्वपूर्वताम्॥

शब्दार्थ वृत्तिद्वय निर्णयात्मक द्वितीय प्रकरण में--स्फोट वाद का निर्णय के अनन्तर साधु असाधु भेद से वर्णात्मक शब्द का द्वैविध्य प्रतिपादन हुआ है। जाति-क्रिया-गुण-द्रव्य के द्वारा उसका चतुर्विधत्व प्रतिपादन हुआ है। मुख्य लाक्षणिक व्यञ्जक भेद से शब्द त्रिविध, पुनः योगरूढ़ रूढ़ यौगिक भेद से त्रिविध हैं। समास शक्ति का बहुविधत्व प्रदर्शन के अनन्तर अभिधादि वृत्ति त्रय का स्थापन किया है

नानार्थानां शब्दानां भेदकाः खलु--

संयोगश्च वियोगश्च विरोधः सहचारिता।
सान्निध्यमन्यशब्दस्य देशसामर्थ्यमौचिती।
लिङ्गमर्थः प्रकरणं कालो व्यक्तिरिमादिशः॥

अथार्थानां व्यञ्जकत्वस्य विषयः--

बोद्धव्य वक्तृ प्रकृति काकुप्रकरणैः सह।
देशकालवयश्चार्थ वैशिष्ट्याद् व्यञ्जबोधकाः॥

ध्वनि निर्णयात्मक तृतीय किरण हैं। रसाख्यध्वनि का ही आत्मत्व स्थापित हुआ है। अभिधामूलक लक्षणामूलक ध्वनि के मध्य में लक्षणामूलक ध्वनि--अविवक्षितवाच्य होगा। अर्थान्तरोप संक्रान्त अत्यन्त तिरस्कृत भेद द्विविध है। अभिधामूलक ध्वनि में

विवक्षित वाच्य---लक्ष्यक्रमव्यङ्ग्य अलक्ष्य क्रमव्यङ्ग द्विविध हैं। इसके एकपञ्चाशत् भेद सलक्षणोदाहरण प्रतिपादित हैं। प्रकृति प्रत्ययादि जन्यवस्त्वलङ्कारादि व्यङ्ग के उदाहरण समूह वर्णित हैं। अनन्तर त्रिविध सङ्कर का निरूपण करके सिद्धान्त किया है--- ध्वने र्व्यापार युगलं ध्वननं मनुध्वननञ्च, यत्र केवलं ध्वननं तदुत्तमं काव्यम्, यत्र तु ध्वननानुध्वनने तदुत्तमोत्तममिति ॥

चतुर्थ किरण में--गुणीभूत व्यङ्ग्य का सोदाहरण वर्णन है--- स्फुटमपराङ्ग वाच्यमपोषकं कष्टगम्यञ्च, सन्दिग्ध प्राधान्यं तुल्य प्राधान्य काकुगम्ये च अमनोज्ञञ्चेति गुणीभूत व्यङ्ग्य भेदाः। ध्वनि वैशिष्ट्य में आठ प्रकार भेद वर्णित हैं।

पञ्चम किरण में---रस भाव, तद् भेद निरूपण हैं। रस की अभिव्यक्ति का लक्षण, विभावानुभाव का वर्णन भरत मतानुसरण से हुआ है। रति रस आभासादि का वर्णन हैं, सामाजिक की रसास्वादन पद्धति को सूचित करके चमत्कार का ही रसत्व प्रतिपादन किया है।

रसेसारश्चमत्कारो यं विना न रसोरसः।
तच्चमत्कार सारत्वे सर्वत्रैवाद्‌भुतोरसः॥

दृश्य एवं श्रव्य में शृङ्गार वीर करुणाद्‌भुत हास भयानक बीभत्स, रौद्र, शान्त, वात्सल्य भेद से एकादश रस स्वीकृत हैं। इसमें 'प्रेमरस' नामक रस का अङ्गीकार है, वह अङ्गी है, समस्त रसों का अन्तर्भाव उक्त 'प्रेमरस' में होता है। शृङ्गाररस वर्णन के समय सम्भोग विप्रलम्भ शृङ्गार का वर्णन किया है, पूर्वराग में दशदशा विरह त्रिविध, मानद्वय का प्रदर्शन हुआ है। मिथो अवलोकनादि मधुपानान्त सम्भोग प्रकरण लिखने के पश्चात् विप्रलम्भ का भेद उल्लिखित हुआ है।

विरहमान, नायक भेद, तद्‌गुणावलि स्वकीया परकीया नायिका भेद, अष्ट अवस्था भाव अलङ्कार निर्णय के सहित साङ्गोपाङ्ग

आलम्बन विभाव का निरूपण हुआ है। उद्दीपन विभाव में सखी दूती, सात्त्विक व्यभिचारि प्रभृति भावोदय का मनोरम वर्णन है।

गुणविवेचनात्मक षष्ठ किरण हैं, इसमें माधुर्य्यादि गुणत्रय का निरूपण हैं। अर्थ व्यक्ति उदारत्व समातिरिक्त गुण का उल्लेख भी हुआ है।

सप्तम किरण में– शब्दालङ्कार का निरूपण है, वक्रोक्ति श्लेष अनुप्रास, यमक भाषादि श्लेष का उदाहरण एवं विविध चित्र काव्य का वर्णन है।

अर्थालङ्कार निरूपणात्मक अष्टम किरण में--उपमादि समस्त अलङ्कारों का सुविशद वर्णन है। अन्त: में शब्दार्थालङ्कार का दोष प्रदर्शन हुआ है।

रीति निर्णयात्मक नवम किरण में--वैदर्भी प्रभृति रीति चतुष्टय का निरूपण है।

अथ दोष निरूपणात्मके दशम किरण में--पदपदांश वाक्यार्थ रसगतान् स प्रपञ्चान् तान् निर्णीतवान्॥ इस ग्रन्थ में श्रीविश्वनाथ चक्रवर्त्ती कृत सुबोधिनी टीका है।

(६) साहित्य कौमुदी—श्रीमद्बलदेव विद्याभूषण विरचित कृष्णानन्दिन्याख्या व्याख्या सम्बलित अलङ्कार ग्रन्थ साहित्य कौमुदी है। इसमें अग्निपुराणस्थ साहित्य प्रक्रिया के अनुसार भरतमुनि प्रणीत कारिका की व्याख्या है। ग्रन्थकार ने उक्त कारिका समूह की वृत्ति रचना हेतु एकादशपरिच्छेद के द्वारा उक्त कारिका का सन्निवेश किया है।

प्रथम परिच्छेद में—काव्य प्रयोजनादि, काव्य स्वरूप, उत्तमादि काव्य भेद समूह हैं। द्वितीय में– शब्दार्थ भेद, वाचक प्रभृति का स्वरूप भेद वर्णन है। तृतीय में--अर्थ व्यञ्जकतादि का वर्णन। चतुर्थ में–ध्वनि भेद, रसस्वरूप, रसविशेष, स्थायिभाव, व्यभिचारी भाव, रसाभास, लक्ष्यव्यङ्ग्यक्रम विभाग का वर्णन है। पञ्चम में--

गुणीभूतव्यङ्ग भेद का वर्णन है। षष्ठ में— शब्दार्थ चित्र, सप्तम में-- दोष निरूपण, अष्टम में---गुण विचार, नवम में -शब्दालङ्कार, दशम में---अर्थालङ्कार, एकादश में--भरतोक्त परिशिष्ट शब्दालङ्कार अर्थालङ्कार का वर्णन है।

(७) षट् सन्दर्भ--उपास्य, उपासक, साध्य, साधन एवं प्रमाण गत सार्वभौम ऐक्य प्रतिपादक श्रीभागवत तत्त्व समन्वयात्मक षट् सन्दर्भ ग्रन्थ है। प्रणेता श्रीजीवगोस्वामि चरण हैं। शास्त्र प्रतिपाद्य परमतत्त्व का निरूपण "तत्त्व, भगवत्, परमात्म, कृष्ण" सन्दर्भ चतुष्टय में है। भक्ति सन्दर्भ में--अभिधेय तत्त्व का सुविशद वर्णन एवं प्रीति सन्दर्भ में- पुरुष प्रयोजन का सुष्ठु निर्द्धारण है। भगवत्प्रीति का सर्वश्रेष्ठत्व, प्रीति लक्षण, दृश्यश्रव्य की रस भावना विधि, द्वादश रसविन्यास सुविन्यस्त हैं।

(८) भक्तिरसामृतसिन्धु बिन्दु---

(९) उज्ज्वलनीलमणि किरण--श्रीमद् विश्वनाथ चक्रवर्त्तीपाद विरचित ग्रन्थद्वय में मूलोक्त विषयों का संक्षेप एवं भक्तिरस का निरूपण प्राञ्जल रूप से है।

(१०) काव्य कौस्तुभ--श्रीबलदेव विद्याभूषणपाद कृत नवप्रभात्मक ग्रन्थ में साहित्य कौमुदी के समान साहित्यालङ्कारगत विषय समूह का विवेचन स्वाधीन भाव से है। इसमें विषादनादि नवीन अलङ्कारों का निरूपण है। उदाहरण समूह का उल्लेख प्रायशः पूर्वाचार्य्योक्ति से ही हुआ है।

हरिदास शास्त्री

❀ विषयसङ्कलनम् ❀

—※—

❀ वर्णानुक्रमेण विषय सङ्कलनम् ❀

—※—

—*—

নিতাই গৌর

॥ श्रीश्रीगौरगदाधरौ विजयेताम् ॥

—※—

काव्यकौस्तुभः

प्रथमा प्रभा ।

कलाभि र्निभृतः श्रीमान् राधया समलंकृतः ।
दीव्यत्कुवलयः सोऽयं विधु र्विजयतेतराम ॥१॥

प्रारिप्सितस्यास्य शास्त्रस्य काव्यांगत्वात् काव्यफलमेव फलमिति तावदाह ॥

कीर्त्तिः सार्वज्ञ्यमानन्दो धनादीनि च काव्यतः ॥२॥

सार्वज्ञ्यं देवमानवादि-प्राणिचेष्टावगतिरूपः ॥ आनन्दो रसानुभव-समुद्भूतः, धनं नृपति-प्रसादलब्धा हस्त्यश्वादिसंपत,

---

विकसित कुवलय के समान कान्तियुक्त श्रीमान् विधु श्रीकृष्ण सर्वोत्कर्ष से विराजित हैं, श्रीराधा के सहित आनन्दित एवं श्रृङ्गारोचित कलाविलास पूर्ण हैं ॥१॥

प्रारिप्सित काव्य शास्त्र,--काव्य का अङ्ग होने के कारण काव्य फल से ही उक्त शास्त्र पूर्ण है, अतएव कहते हैं,—काव्य से ही कीर्त्ति, सार्वज्ञ्य, आनन्द धनादि की प्राप्ति भी होती है ॥२॥

सार्वज्ञ्य – देव मानवादि प्राणियों की चेष्टा का परिज्ञान है, आनन्द–रसानुभव से उत्पन्न होता है, धन--नृपति की प्रसन्नता से

आदिना धर्मकाममोक्षाः । तत्र धर्मो भगवद्वन्दनादिः । कामो धन-द्वारकः । मोक्षो ज्ञानकाण्डे व्युत्पत्तिविधानादित्येतत् सर्वं काव्यादेव भवेदत स्तत्र पुंभिः सयत्नै र्भाव्यम् । तस्य हेतुमाह ।

हेतुस्तस्य भवेच्छक्तिः शिक्षानिपुणता तथा ॥३॥

शक्तिः पूर्वसंस्कारः, शिक्षा काव्यविदुपदेशः, निपुणता तु व्याकरणाभिधानकोषच्छन्दः प्राचीनकाव्यादिनिभालनाद् व्युत्पत्तिः तस्य काव्यस्योद्भवे कारणं । तस्य लक्षणमाह ।

कविना निर्मितं वाक्यं काव्यं ॥४॥

चमत्कारकर-गद्यपद्यात्मना रचितं कवेर्वाक्यं काव्यं । उदाहरणं—

प्राप्त हस्ती अश्व सम्पत्ति,आदि शब्दसे धर्म काम मोक्ष को भी जानना होगा । उन में से धर्म-भगवद् वन्दनादि रूप हैं, काम--धन के द्वारा ही विषयेच्छा पूर्त्ति होती है, मोक्ष-ज्ञान काण्डात्मक शास्त्र में शब्दार्थ बोध होने से होता है । यह सब काव्य से ही होता है, अतः मानवगण यत्न पूर्वक इस का अनुशीलन करें ।

उस में हेतु का निर्णय करते हैं—काव्य के प्रति शक्ति, शिक्षा एवं निपुणता कारण है ॥३॥

शक्ति--पूर्वसंस्कार, शिक्षा,—काव्यज्ञ व्यक्ति का उपदेश, निपुणता—व्याकरण, अभिधान, कोष, छन्दः, प्राचीन काव्यादि अनुशीलन से व्युत्पत्ति, ये सामग्री काव्य विरचन में हेतु होती है, उसका लक्षण कहते हैं ।

कवि के द्वारा निर्मित वाक्य ही काव्य है ॥४॥

चमत्कारकर गद्य पद्यात्मक,--कवि रचित वाक्य को काव्य कहते हैं । उदाहरण—

कोकिलकलकृतकंपां तनुजितशंपां प्रियां पश्यन्,

वपुरवनमितपयोदः समुदित-मोदः स माधवो जयति ॥

गद्यपद्ययोश्चमत्कारकरत्वं चातुर्य्यादेव भवति । चातुर्य्यं तु युक्तिविशेषेणार्थ-नियोजनं । तथा हि वर्णयन्ति--शत्रोर्गदितवीर्य्यादि निर्जयान्नायकस्तुतिः । चातुर्य्यमिति पश्चात्तनं संबध्यते ।

उदा०--उग्रप्राप्तधनुर्विद्यं सर्वज्ञं क्षात्रकंटकं ।

गर्विष्टं खर्वयामास भार्गवं राघवाग्रणी ॥

दृष्टान्तेनाल्पवर्णेन महतोऽर्थस्य कीर्त्तनं ॥

उदा०--नृगवत् स गतिं याति यो ब्रह्मस्वापहारकः ।

अत्र नृगवदित्यनेन नृगाख्यायिका-व्यक्तिः ।

वह माधव श्रीकृष्ण एवं वसन्त--उत्कर्ष मण्डित है । दोनों ही हर्ष उल्लास से परिपूर्ण हैं ।

कारण कोकिल के कल कूजन से कम्पित विद्युत तिरस्कृत कान्ति युक्त प्रिया को उन्होंने देखा, और पयोद मेघ भी अवनमित हो चुके थे ।

गद्य पद्य का चमत्कारकरत्व होना कवि की निपुणता से ही सम्भव है, चातुर्य्य वह है--वर्णितव्य विषय को जिस में युक्ति विशेष के द्वारा नियोजन किया जाता है। उदाहरणहेतु वर्णन करते हैं--शत्रु में वर्णित प्रभाव समूह का पराभव हेतु प्रकृत नायक की स्तुति होती है, सर्वत्र ही वर्णन में चातुर्य्य का योग होना आवश्यक है,

उदाहरण—राघवाग्रणी रामचन्द्र,--धनुर्विद्या में निष्णात हेतु गर्वित, सर्वज्ञ, क्षत्रिय कण्टक शोधन हेतु गर्विष्ट भार्गव का गर्व खर्व किये थे ।

दृष्टान्त द्वारा स्वल्प वर्ण से महदर्थ का वर्णन भी चातुर्य्य होता है, यथा—जो जन ब्राह्मण की सम्पत्ति का अपहरण करता है, वह

पद्येन लघुना वा स्याद्गम्भीरार्थ-प्रकाशनं ॥५॥

यथा—निजभक्त-सुखार्थं यः कालमप्यतिवर्त्तते ।
पुरुषाय नम स्तस्मै कस्मैचित्पुरुतेजसे ॥

रावणेन निपीड़ितः सुरैरभ्यर्थितो भगवान् द्वापरे एव तद्विनाशकालं त्रेतां प्रकल्प्य तं निजघान, अदित्या तोषितश्च तत्सुखाय बलिवृद्धिकालमन्यथयन् बलिं दूषयामासेति पद्यादस्मात्प्रकाशते ॥

अपारानन्दविज्ञप्ति र्या स्यान्न्यून-पदादिभिः ॥६॥

यथा—सस्मिता मृगशावाक्षी गाढ़मालिंगिता मया ।

नृग राजा के समान दुर्गत होता है, इस को व्यक्त करने के लिए नृग प्रकरण है ।

पूर्णोपमा में—यथा, इव, वा शब्द, एवं उपमानान्तर में प्रयुक्त तुल्यादि पद का प्रयोग हो, एव श्रवण समकाल में ही उपमान उपमेयगत सादृश्य का बाध होता हो, तो, श्रौती उपमा होती है, इस प्रकार तस्य, इव, इवार्थ में विहित वति प्रत्यय का प्रयोग होने से श्रौती उपमा होती है।

तुल्यादि शब्द प्रयोग का दृष्टान्त—'कमलेन तुल्यं मुखम्' आदि शब्द से समान, सदृश प्रभृति शब्द को जानना होगा। 'कमलेन तुल्यं मुखम्' यहाँ उपमेय मुख में साम्य का विश्राम उपमेय मुख में होता है। 'कमलं हरिमुखस्य तुल्यम्' यहाँ उपमान में साम्य का विश्राम है। 'कमल हरिमुखञ्च तुल्यम्' यहाँ उपमानोपमेय दोनों में समताका विश्राम होता है। अर्थानुसन्धान से ही साम्यका प्रतिपादन होता है। सम, तुल्य, सदृशादि तुल्यार्थ शब्द का प्रयोग होने से ही आर्थी उपमा होती है। इस प्रकार 'तेन तुल्यं क्रिया चेद्वतिः' सूत्रसे वतिप्रत्यय होता है, 'ब्राह्मणेन तुल्यमधीते ब्राह्मणवदधीते क्षत्रियः, यहाँ तुल्यार्थ विहित वति प्रत्ययका प्रयोग से आर्थी उपमा होती है।

द्वेधा वाक्ये समासे च तद्धिते चेति षड्‌विधा।

वाक्यगा समासगा तद्धितगा च श्रौती तथार्थी चेति षो

पूर्णोपमा। क्रमेणोदा०—

वचोमृतं यथा स्वादु कुम्भाविव कुचौ पृथू।
गन्ध श्चन्दनवन्मोदी तव किं बहु वर्णये॥

अत्र क्रमेण श्रौतीत्रयं। कुम्भाविवेति समासः। चन्दनवदि
षष्ठ्यन्तादिवार्थे वतिः।

श्रौती आर्थी पूर्णोपमाका भेद प्रदर्शन करते हैं—

"द्वेधा वाक्ये, समासे च तद्धिते चेति षड्‌ विधा"

वाक्य, समास, एवं तद्धित गत श्रौती आर्थी पूर्णोपमाषड् वि
हैं।   "द्वे तद्धिते समासेऽथ वाक्ये' द्वे श्रौतार्थी च"

तद्धित समास, वाक्ये भेद से तीन तीन प्रकार श्रौती आ
उपमा होती हैं।

क्रमशः उदाहरण—

"वचोमृतं यथा स्वादु कुम्भाविव कुचौपृथु।
गन्ध श्चन्दनवन्मोदी तव किं बहु वर्णये॥

वाणी अमृत के समान स्वादु है, कुम्भवत् कुच द्वय स्थूल है
तुम्हारी चन्दन के तुल्य आमोदी गन्ध है—अधिक वर्णन तुम्हा
और क्या करें।

इस विषय में श्रीकृष्ण वाक्य यह है—

"सौरभमम्भोरुहवन्मुखस्य कुम्भाविव स्तनौपीनौ।
हृदयं मदयति वदनं तव शरदिन्दुर्यथा राधे॥"

हे राधे! तुम्हारे मुख का सौरभ कमल के समान है। कुम्
के समान स्तनद्वय स्थूल हैं, शरत् कालीन चन्द्रमा के समान तुम्हा
वदन मुझ को आनन्दित करता है। प्रथम वाक्य में सामान्य धर्

अब्जेनास्यं समं फुल्लं कुन्दाभम् स्मितमुज्ज्वलं ।
देव पीयूषवत्तस्या मोदनोऽधरपल्लवः ।
अत्र क्रमेणार्थीत्रयं, पीयूषवदिति तुल्यार्थे वतिः ।

सौरभ है, उपमान अम्भोरुह है, मुख-उपमेय है वति प्रत्यय-उपमा का प्रकाशक है। यह पूर्णोपमा है, तत्र तस्य, इव, इवार्थ में वति प्रत्यय होने से तद्धितगत श्रौती है।

द्वितीय वाक्य में "कुम्भाविव स्तनौ पीनौ" यहाँ 'इवेन समासो विभक्त्य लोपश्च' सूत्र से समास होने से समासगता श्रौती पूर्णोपमा है। द्वितीयार्द्ध में वाक्य रूप होने के कारण यथा शब्द श्रौतीपर होने से वाक्यगता श्रौती पूर्णोपमा है।

इस ग्रन्थोक्त श्लोक में क्रम पूर्वक श्रौतीत्रय का उदाहरण है, "कुम्भाविव" स्थूल में समास है, 'चन्दनवद्' वाक्य में षष्ठ्यन्त के उत्तर इवार्थ में वति प्रत्यय है। त्रिविध आर्थी का उदाहरण—

अब्जेनास्यं समं फुल्लं कुन्दाभं स्मितमुज्ज्वलम् ।
देव पीयूषवत्तस्या मोदनोऽधर पल्लवः ॥

हे देव! कमल के तुल्य उसका मुख, फुल्ल कुन्द के समान उज्ज्वल हास्य पीयूष के समान उसका अधर पल्लव मोदन है। यहाँ क्रमपूर्वक आर्थीत्रय है, पीयूष पद में तुल्यार्थ में वति प्रत्यय हुआ है।

इसी प्रकार "मधुरः सुधावदधरः पल्लवतुल्योऽतिकोमलपाणिः माधव मृगनेत्राभ्यां सदृशी चपले च लोचने तस्याः। यह त्रिविध आर्थी का उदाहरण है।

सखाने कहा—हे माधव! राधा का अधर—सुधा के समान मधुर,-पुष्प के समान कोमल, मृगनयन के तुल्य लोचनद्वय हैं, यहाँ सुधावत्-तद्धितगा आर्थी पूर्णा है, पल्लव तुल्या समासगा आर्थी पूर्णा है, मृगनेत्राभ्यां सदृशी -वाक्यगा आर्थी पूर्णा है। अपर दृष्टान्त

बाला प्रकटितटीका संहतिरिव पाणिनीय-सूत्राणां।
चेतोवृत्तिरिवासौ निरुपम-जङ्घालता विभाति पुरः॥

अत्र शब्दमात्रसाम्ये श्रौतीयं श्लेषोपमेत्युच्यते।

अथ लुप्ता—

लुप्ताष्टधोपमेयादेरेकद्वित्रयग्रहाद्भवेत्।

उपमेयादीनां चतुर्णां मध्ये एकस्य द्वयो स्त्रयाणां वा वाचकेऽगृहीते लुप्तोपमा। सा च वाचकलुप्ता धर्मलुप्ता धर्मवाचकलुप्ता वाचकोपमेयलुप्ता उपमानलुप्ता वाचक-उपमानलुप्ता धर्मोपमानलुप्ता धर्मोपमेयवाचकलुप्ता चेत्यष्टधा।

यथा—अभ्रश्यामोऽब्जतुल्यास्यो विधूयन्हृदये मम।

"बाला प्रकटितटीका संहतिरिव पाणिनीय--सूत्राणाम्।
चेतोवृत्तिरिवासौ निरुपम--जङ्घालता विभाति पुरः॥

वह प्रकटितटीका बाला पाणिनीय सूत्रों की संहति के समान एवं चित्तवृत्ति के समान तथा निरुपम पदचारी के समान सम्मुख में प्रकाशित है।

यहाँ शब्द मात्र साम्य से श्रौती श्लेषोपमा है।

पूर्णाषोढ़ा प्रकीर्त्तिता" पूर्णोपमा षड् विध हैं। अनन्तर लुप्तोपमा का वर्णन करते हैं—

लुप्ताष्टधोपमेयादेरेकद्वित्रयग्रहाद्भवेत्।

उपमेयादि के चारों के मध्य में एक, दो, वा तीन का वाचक शब्द अगृहीत होने पर लुप्तोपमा होती है। वह वाचक लुप्ता, धर्म लुप्ता, धर्म वाचक लुप्ता, वाचकोपमेयलुप्ता उपमान लुप्ता, वाचकोपमान लुप्ता धर्मोपमानलुप्ता धर्मोपमेयवाचक लुप्ता ये आठ प्रकार हैं।

उदाहरण—"अभ्रश्यामोऽब्जतुल्यास्यो विधूयन्हृदये मम।

दृष्टः कृष्णातटे कृष्णो भक्तानां कल्पपादपः ॥

अत्राभ्रश्याम इति वाचकस्येव शब्दस्य लोपः। अब्जतुल्यास्य इति धर्मलोपः। कल्पपादप इति धर्मवाचकलोपः। विधूयन्निति वाचकोपमेयलोपः। आत्मानं विधुमिवाचरन्-नित्यात्मन उपमेयस्य सहोपमावाचकेन लोपात्। 'यत्पादाभ्यां समं क्वापि मनोज्ञं नैव वीक्ष्यते। एष चित्तहरः कृष्णो भाग्येनैवोपलभ्यते। पूर्वार्द्धे उपमानस्य लोपः। परार्द्धे तु वाचकोप-मानयोः ॥

नास्ति यत्सदृशं क्वापि नापि तुल्यं यदाख्यया।
हरिणीनयना राधा तमाधावति केशवं ॥

दृष्टः कृष्णातटे कृष्णो भक्तानां कल्पपादपः ॥

कृष्णातट में भक्त कल्पपादप श्रीकृष्ण को देखा, वह मेघश्याम-वर्ण है, एवं उसका कमल के तुल्य वदन है, उसने मेरा हृदय को आलोड़ित किया।

उक्त श्लोक में उत्त "अभ्रश्याम" पद में वाचक 'इव' शब्द का लोप है, 'अब्जतुल्य आस्य यहाँ धर्मलोप है।

'कल्पपादप' यहाँ धर्म वाचक लोप है, 'विधूयन्निति' वाचकोपमेय लोप है, 'आत्मान विधुमिवाचरन्नित्यात्मन उपमेयस्य सहोपमा वाचकेन लापात् ॥ यहाँ उपमावाचक के सहित उपमेय का लोप है।

"यत् पादाभ्यां समं क्वापि मनोज्ञं नैव वीक्ष्यते।
एष चित्तहरः कृष्णोभाग्येनैवोपलभ्यते"

यहाँ पूर्वार्द्ध में उपमान का लोप है, परार्द्ध में वाचक एवं उपमेय का लोप, है।

"नास्ति यत् सदृशं क्वापि नापि तुल्यं यदाख्यया।
हरिणी नयना राधा तमाधावति केशवम् ॥

अत्र पूर्वार्द्धे धर्मोपमानयो लोपः। परार्द्धे तु धर्मोपमेय-

जिसके समान कोई नहीं है, जिसके तुल्य नामसे भी कोई नहीं है, वह हरिणी नयना राधा केशव में आसक्त है। यहाँ पूर्वार्द्ध में धर्मोपमान का लोप है, परार्द्ध में धर्मोपमेय वाचक का लोप है। हरिणी के नयन के समान मनोज्ञ नयन है, जिसके--वह राधा।

लुप्तोपमा का भेद इस प्रकार है—

पूर्णावद् धर्म लोपे सा विना श्रौतीन्तु तद्धिते ॥"

सा लुप्तोपमा धर्मस्य साधारण गुण क्रिया रूपस्य लोपे पूर्णावदिति पूर्वोक्तरीत्या षट् प्रकाराः । किन्त्वत्र तद्धिते श्रौत्यसम्भवात् पञ्च-प्रकाराः।

साधारण गुण क्रियारूप, उपमान उपमेय गत साधारण धर्म का लोप होने से तद्धित गता, समास गता, वाक्य गता, रूपसे श्रौती-आर्थी षड्विध होगी। किन्तु तद्धित में श्रौती असम्भव होने से श्रौती द्विविधा हैं, आर्थी त्रिविधा क्रमसे पञ्चविधा लुप्तोपमा होगी। षष्ठी सप्तमी विभक्त्यन्त में वति प्रत्यय होता है, प्रत्यय भी सामान्य धर्म की अपेक्षा से होता है। सामान्य धर्मका प्रयोजन होने से षष्ठी सप्तमी विभक्ति नहीं होगी, अतः समास गता वाक्यगता द्विविधा श्रौती होगी

उदाहरण— मुख मिन्दु यथाराधे ! पल्लवेन समः करः।

वाणी सुधेव विम्बाभमोष्ठं धिग् वज्रवन्मनः"

हे राधे ! मुख इन्दु के समान, कर, पल्लव के समान, वाणी-सुधा के तुल्य ओष्ठ--विम्बफल तुल्य है, किन्तु वज्र तुल्य मन को धिक्कार है। इन्दुर्यथा—वाक्यगा—श्रौती लुप्ता, 'पल्लवेन समः' वाक्यगा आर्थी लुप्ता, सुधेव—समासगता श्रौती लुप्ता है, पल्लवेन समः—वाक्यगा आर्थी लुप्ता है, सुधेव, समास गता श्रौती लुप्ता है, विम्बाभम्—समासगा आर्थी लुप्ता है।

वज्रवत्—तद्धितगा आर्थी लुप्ता है ।

लुप्तोपमा का विभाजन प्रकारान्तर से करते हैं—

वाचकानां। हरिण्या नयने इव मनोज्ञे नयने यस्याः सेति।

"आधार कर्म्म विहिते द्विविधे च कयचि कयङि।
कर्म कर्त्तोर्णमुलि च स्यादेवं पञ्चधापुनः।

धर्म लोपे लुप्तेत्यनुषज्यते। कयच् कयङ्, णमुलः कलाप मते यिन्नायि नमः। क्रमेण यथा—

"अन्तः पुरीयसि वने तनुजोयसि त्वम्।
पाल्यं जनं गिरि सुताप्यनु जायते ते।
दृष्टः प्रजाति स्मृत द्युति दर्श मिन्द्र
सञ्चार यत्र भुवि सञ्चरति व्रजेन्द्रौ॥

अधिकरण कारक—कर्म कारक के उत्तर विहित कयच् द्विविध होने से लुप्तोपमा भी द्विविधा होती हैं. कयङ् प्रत्यय में एक प्रकार, कर्म्म कर्त्तृ में नमुल कर्म में कर्त्ता में नमुल होने पर प्रत्येक एक एक प्रकार होकर समुदाय से लुप्तोपमा पाँच प्रकार होती हैं। "धर्मलोपे लुप्ता सा" पूर्व वाक्य के साथ सम्बन्ध है, कयङ् णमुलः पाणिनि के मतमे। कलाप के मत में—'यिन्नायिणमः' प्रत्यय है।

एक ही पद्य में उक्त पञ्चविध लुप्तोपमा का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

वने अन्तः पुरीयसि--आधार में कयच्। तेनुजोयसि' त्वं--कर्म्म में कयच्, अनुजायते—कयङ्, अमृत द्युति दर्श—कर्म्म में णमूल, सञ्चारं कर्त्तृक में नमुल है।

सुख पूर्वक विहार हेतु अन्तः पुरीयास पद का प्रयोग हुआ है, तनुजीयसीत्यत्र स्नेह निर्भरता का तथा साधारण धर्मका लोप है। इस प्रकार अन्यत्र भी अनुसन्धान करना चाहिये। यहाँ यथापि तथा तुल्यादि शब्द न होने से श्रौती नहीं होगी। अतः धर्म का लोप होने से दश प्रकार लुप्तोपमा हैं।

उपमान का लोप होने से भी लुप्तोपमा होती है, उपमान का कथन न होने से वाक्य गत रूप से एवं समास गत रूप से दो प्रकार

लुप्तोपम होती हैं। उपमान पद का प्रयोग न होने से उस के उत्त प्रयोज्य इवादि शब्द का प्रयोग नहीं होगा, अतः श्रौती भेद सामान्य का भेद होना सम्भव नहीं है, चन्द्र पद का प्रयोग न होने से केवल 'इवमुखम्' से बोध नहीं होता है।

आर्थी के मध्य में केवल वाक्यगत समास गत लुप्तोपमा दो प्रकार होंगी। लक्ष्म्या मुखेन तुल्यं रम्यं नास्ते नवा नयन सदृशं यहाँ मुख नयन प्रतिनिधि वस्त्वनन्तर गम्यमान होने से उपमान का लोप है, यहाँ 'मुखेन तुल्यम्'' मुखं यथेदम् नयन सदृशं'' 'दृगिव' इस पाठ से श्रौती की सम्भावना है, इस से दोनों के भेद में श्रौती आर्थी भेद से चार प्रकार होना सम्भव होने पर भी प्राचीन रीति से दो प्रकार ही कहा गया है। औपम्य वाचक, सादृश्य वाचक 'इवादि' शब्द का लोप से समास में क्विप् प्रत्यय से दो प्रकार लुप्तोपमा होगी।

"औपम्य वाचिनो लोपे समासे क्विपि च द्विधा"

क्रमेण यथा—राधया. मुख बिम्बं राकापीयूषरश्मिवद्योति' कोकिलति श्रुति मधुरं गायत् पञ्चम विशेष मेकान्ते"

राधा का मुखबिम्ब पूर्णिमा के चन्द्र के समान प्रकाश होता है श्रुति मधुर पञ्चम स्वरालाप के द्वारा कोकिल के समान आचरण करता है, यहाँ 'कोकिलति' स्थलमें औपम्य वाचि क्विप् का लोप है। उपमा धर्म का भी लोप है, ऐसा नहीं. 'गायत्'--इस से प्रकाशित हुआ है।

"द्विधासमा से वाक्ये च लोपे धर्मोपमानयो:।"

एक एक का लोप से लुप्तोपमा का वर्णन कर दो दो के लोप से जो लुप्तोपमा होती है, उसको कहते हैं—

सामान्य धर्म एवं उपमान का लोप होने से अर्थात् युगपत् उभय का अप्रयोग ते समास में वाक्य में द्विधा लुप्ता उपमा होगी। उदाहरण "लक्ष्म्या मुखेन तुल्य रम्यं नास्ते नयन सदृशम्" यहाँ सामान्य धर्म का तथा उपमान का अप्रयोग से वाक्य गता लुप्तोपमा

है। "नवा नयन सदृशम्' 'रम्यं' सामान्य धर्म का प्रयोग होने से उपमान का भी प्रयोग न होने से सदृश शब्द के साथ नयन शब्द का समास होने से लुप्तोपमा हुई है।

"क्विप् समासगतः द्वेधा धर्मवादि विलेपने।।

यथा 'विधवति मुखं रमायाः' अत्र विधवतीति मनोरमत्व क्विपो लोपः। 'मुखाब्जमस्या इति' पाठे समासगा" सामान्य धर्म इवादि सादृश्य वाचक शब्द का युगपत् अप्रयोग से क्विप् प्रत्ययगता, समास गता द्विधा लुप्तोपमा होती हैं।

उदाहरण—'विधवति मुखं रमायाः" यहाँ विधवति मनोरमत्व क्विप् का लोप है, 'मुखाब्जमस्याः" इस प्रकार पाठः से समास गता लुप्तोपमा है।

"उपमयेस्य लोपे तु स्य.देका प्रत्यये क्यचि"

यथा—"वंतेय त्रिक्रमआलोक विकस्वर विलोचनः।
चक्रेणोद् दण्ड दो र्दण्डः सहस्त्रायुधीयति।।

उपमेय का लोप से कर्म का लोप होने से लुप्तोपमा होती है, उपमेय का अप्रयोग से क्वयच प्रत्यय से एक प्रकार लुप्तोपमा होगी दृष्टान्त—दिति तनयों का विक्रम को देखकर उत्फुल्ल नयन हरि, केवल चक्र से ही उनके भुजद्वय-सहस्त्र आयुध का कार्य्य किये थे। यहाँ शस्त्रायुधमिवात्मानमाचरतीति वाक्यमें उपमेयस्य आत्मनःलोपः

"धर्मोपमेय लोपेऽन्या।"

धर्म सामान्य धर्म एवं उपमेय का युगपत् अप्रयोग से अपरा एक विध लुप्तोपमा होगी।

उदाहरण—यशसि प्रसरति कृष्णात् क्षीरोदयन्ति सिन्धवः सर्वे, "यहाँ क्षीरोदमिव आत्मानमाचरन्ति इति उपमेय आत्मा, साधारण धर्म शुक्लता लुप्ता है।

"त्रि लोपेतु समासगा"

सम्प्रति उपमान, उपमेय, सामान्यधर्म के मध्य में यथा सम्भव

लोप होने से लुप्तोपमा होगी। उपमान, सादृश्य वाचक शब्द साधारण धर्म का लोप होने से--अर्थात् प्रयोग न होने से समास गता अन्या एक प्रकार लुप्तोपमा होगी।

उदाहरण—"सा मृग लोचना" यदा मृगस्य लोचने इव चञ्चले लोचने यस्या इति समास में उपमा तत् प्रतिपादक साधारण धर्मो पमेयाया लोपः"

अतः उपमा का भेद सप्त विंशति हैं। पूर्णा—षड् विधा, लुप्ता एक विंशति विधात समष्टि से--विंशति प्रकार लुप्तोपमा हैं।

नाम   उदाहरण-

श्रौतो ३—तद्धित गता १   सौरभमम्भोरुहवन्मुखस्य"
समास गता १   कुम्भाविव स्तनौपीनौ
वाक्यगता १   हृदयं मदयति वदनं तव शरदिन्दु यथा राधे!

पूर्णोपमा ६

आर्थी ३—तद्धितगता १   मधुरः सुधावदधरः।
समासगता १   पल्लव तुल्योऽति पेशलपाणिः
वाक्यगता १   चकित मृगलोचनाभ्यां सदृशी चपले न लोचने तस्याः।

लुप्तोपमा २१-श्रौती २   समासगता १ वाचः सुधाइव।
वाक्यगता १ औष्ठस्ते विम्बतुल्यः
वाक्यगता १ पाणिः पल्लवेनसमः

प्रत्यये ५   क्यचि २ आधारात् क्यचि १ अन्तःपुरीयसि वनेषु
कर्म्मणः क्वचि १ पौरं जनं सुतीयसि
क्यङि १ कर्त्तुः क्यङि १ श्रीस्तव रमणीयते
णमुलि १ अमृतद्युतिदर्शं दृष्टः।
कर्त्तरि णमुणि १ इन्द्रसञ्चार सञ्चरसि

उपमान लोपे २ वाकचगता १ तस्यामुखेनसदृशं रम्यं नास्ते
समासगता १ नवानयन तुल्यं रम्यम्

इवादि लोपे २ समास गता १ सुधाकर मनोहर वदनम् ।
क्विप् प्रत्ययगता १ कोकिलति श्रुति मधुरं गायत्
पञ्चम विशेषमेकान्ते

सामान्यधर्म उपमानञ्च
एतयोरुभयोर्लोपे २ समासगता १ नवा नयन सदृशं
वाक्यगता १ लक्ष्म्या मुखेन तुल्यं रम्यं नास्ते

सामान्य धर्म इवादिश्च
एतयोरुभयोर्लोपे २ क्विप् प्रत्ययगता १ विधयति मुखंरमायाः
समासगता १ मुखाब्जमस्याः

उपमेयलोपे क्यचि १ कर्म्मणि क्यचि १ विकस्वर विलोचनः
सहस्रायुधीयति ।

सामान्यधर्म उपमेयञ्च
एतयोरुभयोर्लोपे १ कर्म्मणि क्यचि १ क्षीरोदयन्ति सागराः

उपमानं, इत्यादि सामान्य
धर्मश्च, एषां सर्व लोपे १ समासगता १ साराधा मृगलोचना
तेनोपमाया भेदाः स्युः सप्तविंशति संख्यकाः
"एकरूपः क्वचित् क्वापि भिन्नः साधारणो गुणः ।
भिन्ने बिम्बानुबिम्बत्वं शब्दमात्रेण वा भिदा ।

साधारण धर्म लोप से एवं अलुप्त साधारण धर्म से उपमा दो प्रकार होगी । उसमें से अलुप्त साधारण धर्मके मध्य में विशेष कुछ कहते हैं, कहीं पर साधारण धर्म एक प्रकार होता है. वस्तुत एक प्रकार नहीं, कहीं पर वस्तुतः उक्त प्रकार भेद युक्त है । भिन्न वस्तु में बिम्बानुबिम्ब भाव होता है । दर्पण में मुख का प्रतिबिम्ब मुख से भिन्न होकर भी अभिन्न होता है, इस प्रकार उपमान उपमेय गत धर्म का वस्तुतभेद होता है, किन्तु सौसादृश्य हेतु अभेद होता है, शब्द से ही भेद होता है, वस्तुत भेद नहीं है ।

एकदेश विवर्त्तिनी उपमा भी है ।
"एकदेश विवर्त्तिन्युपमा वाच्यत्व गम्यते । भवेतां यत्र साम्यस्य ।

मालोपमा यदेकस्योपमानं भूरि वीक्ष्यते ॥ यथा–

कुमुद्वतीव शीतांशोः केतकीव मनोभुवः ।
नलिनीव रवेरासीन्मनोज्ञा राधिका हरेः ॥

यहाँपर साम्य का बोध अभिधा से व्यञ्जना से होता है। सादृश्य का बोध भी अभिधा व्यञ्जना से होता—वहाँ एकदेश विवर्त्तिनी नामिका उपमालङ्कार होता है। एकदेश में साम्य का वाच्यत्व भाग में विवर्त्तन होना है. दृष्टान्त—नेत्र रूप उत्पलों के द्वारा पद्मस्य वदन से स्तन रूप चक्र वाकके द्वारा यमुना शोभित है। यहाँ उत्पलादि के सहित नेत्रादि का सादृश्य शब्दतः लभ्या है, यमुना में अङ्गना का सादृश्य, व्यञ्जना से लभ्य है।

यह उक्ति श्रीराधा के प्रति श्रीकृष्ण की है, मालोपमा का वर्णन करते हैं—

मालोपमा यदेकस्योपमानं भूरि वीक्ष्यते ॥ अथवा–
मालोपमा यदेकस्मिन् उपमानं भवेद्बहु ”

एक के अनेक उपमान होने से मालोपमालङ्कार होता है।

उदाहरण—“कुमुद्वतीव शीतांशोः केतकीव मनोभुवः ।
नलिनीव रवेरासीन्मनोज्ञा राधिका हरेः ॥

शीतांशु की कुमुदवती के तुल्य, कन्दर्प की केतकी के सदृश, सूर्य्य की नलिनी के समान श्रीहरि की राधिका मनोज्ञा थी। द्वितीय का उदाहरण—पौर्णमासी के प्रति वृन्दा की उक्ति--

वारिजेनेव सरसी शशिनेव निशीथिनी ।
मधुनेव वन श्रेणी कृष्ण सङ्गेन सा बभौ,'सा--राधा ।

श्रीकृष्ण के सङ्ग से इस प्रकार शोभिता हुई, जिस प्रकार कमल से सरोवर शोभित होता है, रात्रि चन्द से शोभिता होती है। वसन्त काल से वनश्रेणी जिस प्रकार शोभिता होती है।

यथोर्ध्वमुपमेयस्योपमानत्व-प्रकल्पनं ।

यत्र स्यात्तां रसाभिज्ञा वदन्ति रसनोपमां ॥

यथा— चन्द्रायते शुक्लरुचापि हंसो

हंसायते चारुगतेन कान्ता ।

कान्तायते स्पर्शसुखेन वारि

वारीयते स्वच्छतया विहारः ॥१॥

एकस्यैवोपमेयत्वोपमानत्वमनन्वयः ।

एकवाक्यगतमिति शेषः । यथा—

सिन्धुः सिन्धुरिव ज्यायानिन्दुरिन्दुरिवोज्ज्वलः ॥२॥

रसनोपमा

यथोर्ध्वमुपमेयस्योपमानत्व-प्रकल्पनं ।
यत्र स्यात्तां रसाभिज्ञा वदन्ति रसनोपमां ॥

उपमेय उपमान के समान प्रतीत होने से रसनोपमा होती है।

"चन्द्रायते शुक्लरुचापि हंसो हंसायते चारुगतेन राधा ।
राधायते स्पर्शसुखेन वारि वारीयते स्वच्छतया विहारः ॥

हंस शुभ्र कान्ति से चन्द्र के समान प्रतीत होता है। मनोज्ञा गमन लीला से श्रीराधा-हंस गमनी होती है, जल, स्पर्श सुख से राधा के समान प्रतीत होता है, विहार स्वच्छता हेतु वारिके समान प्रतिभात होता है। अनन्वय अलङ्कार—

एकस्यैवोपमेयत्वोपमानत्वमनन्वयः ।
उपमानोपमेयत्वमेकस्यैव त्वनन्वयः ।

एक वाक्य गत होने से ही उक्त अलङ्कार होगा। दृष्टान्त—

सिन्धुः सिन्धुरिव ज्यायानिन्दुरिन्दुरिवोज्ज्वलः ॥

एक पदार्थ युगपत् उपमान उपमेय भाव को प्राप्त करने से

पर्य्यायेण द्वयोस्तच्चेदुपमेयोपमोच्यते ।

तदुपमेयत्वमुपमानत्वं च यद्युभयोः क्रमेण स्याद्वावयाभ्यां तदोपमेयोपमा । यथा—

अनन्वय अलङ्कार होता है। सिन्धु सिन्धु के समान श्रेष्ठ है। एवं चन्द्र, चन्द्र के समान उज्ज्वल है। अथवा—

"कृष्णः कृष्ण इवाभाति राधा राधेव तत्र चेत् ।
तदा तयोर्लक्षणं वा केन कुर्य्याद् विलक्षणम् ।

कृष्ण—कृष्ण के समान प्रकाशित है, राधा भी राधा के समान शोभित है, तब दोनों का विलक्षण लक्षण किस से किया जाय!

"अत्र कृष्ण राधयोरनन्य सदृशत्व प्रतिपादनायोपमेयोपमान भावो बिवक्षितः। कृष्णः गोविन्दवद् भातीत्युक्तौ लाटानुप्रासाद्विविक्तत्वं स्यात् । किन्त्वत्रौचित्यादेक एव शब्द प्रयोक्तुं योग्यः" "अनन्वये च शब्दैकचमौचित्यादानुर्पाङ्गकम्
लाटानुप्रास एतस्मिन् साक्षादेव प्रयोजकम् ॥"

यहाँ श्रीराधा कृष्ण का अनन्य सदृशत्व प्रतिपादन से उपमेयोपमाभाव ही विवक्षित हुआ है, कृष्ण गोविन्द के समान प्रकाशित हैं, इस प्रकार कथन मे लाटानु प्रास से भिन्न प्रतीत होता है, किन्तु यहाँ औचित्य के कारण, एक शब्द को रखना ही ठीक है, कहा भी है, अनन्वय अलङ्कार में शब्द का अभिन्न आनुपूर्विक होना नियत नहीं है, किन्तु लाटानुप्रास में शब्दैक्य होना सर्वथा नियत है, अन्यथा लाटानुप्रास अलङ्कार नहीं होगा।

उपमेयोपमालङ्कार—"पर्य्यायेण द्वयोस्तच्चेदुपमेयोपमोच्यते। पर्य्यायेण द्वयोरेतदुपमेयोपमा मता। पर्य्यायेण-व्यत्ययेन। एतदुपमानोपमेयत्वम्। अर्थात् वाक्यद्वये"

पर्य्याय क्रमसे उपमान उपमेय परस्पर उपमेय उपमान होते हैं, तो—उपमेयोपमालङ्कार होगा। पर्य्याय शब्द से व्यत्यय, पर-

श्रीरिव श्रीश वाणी ते वाणीव श्रीर्मनोरमा ॥३॥

प्रतिवस्तूपमैकस्मिन्साधर्म्यं वाक्ययोः स्थिते ॥ यथा—

राधया माधवो भाति माधवेनैव राधिका।

रजन्या राजते चन्द्र श्चन्द्रेणेह रजन्यपि। अत्रोभयत्र

वर्त्तन को जानना होगा, यह उपमान उपमेय, अर्थात् वाक्यद्वय में यह अलङ्कार होगा। पूर्व वाक्य का उपमान उत्तर वाक्य का उपमेय होगा। उदाहरण—

'श्रीरिव श्रीश वाणी ते वाणीव श्री र्मनोरमा ॥३॥

हे श्रीशः तुम्हारी वाणी श्री के समान है, एवं श्री वाणी के समान मनोरमा है। अथवा—

श्रीराधिकानन्य समान सत्य सौमाधुर्य्य सम्पत्तिरिवाघविद्विषः"
माधुर्य्य सम्पत्तिरपीयमुच्चकैः श्रीराधिकेवानुपमा विराजते ॥"

'अत्र राधिकाघविद्विषमाधुर्य्य सम्पदोः सदृशंवस्त्वन्तरं नास्तीति गम्यते ॥

श्रीराधिका श्रीकृष्ण की माधुर्य्य सम्पत्ति के समान अपर वस्तु है ही नहीं। श्रीराधिका की अनन्य समान सत्य सौमाधुर्य्य सम्पत्ति है, श्रीकृष्ण की माधुर्य्य सम्पत्ति भी राधिका की सम्पत्ति के समान है।

प्रतिवस्तूपमा-- प्रतिवस्तूपमैकस्मिन् साधर्म्यं वाक्ययोः स्थिते ॥

वाक्यद्वय में अर्थात् उपमान उपमेय में एक साधर्म्य होने से प्रति वस्तु उपमालङ्कार होता है। दृष्टान्त--

"राधया माधवो भाति माधवेनैव राधिका।

रजन्या राजते चन्द्रश्चन्द्रेणेह रजन्यपि ॥' यहाँ उपमान उपमयोभयत्र दीप्ति रूप धर्म्म का कथन शब्द भेद से हुआ है, इस प्रकार वैधर्म्य के द्वारा भी उक्तालङ्कार होता है।

दीप्तिरूपो धर्मः शब्दभेदेनोपात्तः । वैधर्म्येण चेयं दृश्यते ॥

चकोर्य्य एव चतुरा श्चन्द्रिकाचामकर्मणि ।
विनावन्तो नं निपुणाः सुदृशो रतनर्मणि ॥

मालारूपा यथा—

राधा के द्वारा माधव प्रकाशित हैं, एवं माधव के द्वारा श्रीराधिका प्रकाशित है । रजनी में चन्द्र शोभित होता है, एवं चन्द्र के द्वारा रजनी शोभिता होती है ।

उक्त है,—"प्रतिवस्तूपमा साम्याद् वाक्ययो र्गम्यमानयोः एकोऽपि धर्म्मः सामान्य यत्र निर्दिश्यते पृथक् ।

गुण क्रिया रूप धर्म एक होने पर भी भिन्न आनुपूर्वीक रूपसे कहा जाता, वह प्रति वस्तूपालङ्कार होता है, प्रतिवस्तु--प्रति पदार्थ ही उपमा--सादृश्य है, अतः प्रतिवस्तूपमा है । दृष्टान्त—

"श्रीराधयानन्य समोद्‌दुर्ध्वया हृतं
मनो हरे र्धावति नापराङ्गनाम्
सरोजिनी सन्मधुलम्पटः मुदा
वल्लीं परः प्राञ्चति किं मधुव्रतः ।

अत्र धावन प्राञ्चन क्रिययोरेकार्थतैव पौनरुक्त्यनिरासाय भिन्न वाचकतया निर्दिष्टा ।

असमोद्‌र्ध्व राधा से हरिका मन हरण हुआ । वह मन अपर अङ्गना के प्रति धावित नहीं होता है । सदा सरोजिनी का उत्तम मधु में सदा लम्पट मधुप क्या अपर वल्ली के और जा सकता है ? यहाँ धावन क्रिया एवं प्राञ्चन क्रिया की एकार्थता है, पुनरुक्त नहीं है, अतः भिन्न शब्द से उक्त है । वैधर्म्यका उदाहरण—

चकोर्य्य एव चतुरा श्चन्द्रिकाचामकर्मणि ।
विनावन्तो नं निपुणाः सुदृशो रतनर्मणि ॥

विमल एव रविर्विशदः शशी प्रकृतिशोभन एव हि दर्पणः ।
शिवगिरिः शिवहाससहोदरः सहजसुन्दर एव हि सज्जनः ॥

दृष्टान्तो यत्सधर्मस्य वस्तुनः प्रतिबिम्बनं ।
सधर्मस्येति पूर्वतोऽस्य भेदः । यथा—

चन्द्रिका पान कर्म में चकोरी निपुणा है । शोभन नयना रसास्वादाभिज्ञता व्यतीत रति नर्म्म में निपुणा नहीं होती है । अपर दृष्टान्त—गोप्य एव हि गोविन्दं नृत्याद्यैस्तोषयन्त्यलम् ता विनान्य-जगन्नार्य्यो न योग्या रासकर्म्मणि"

नृत्यादि के द्वारा गोपी गण ही कृष्ण को सुखी करती हैं, उनसब को छोड़कर जगत् की नारीगण रासकार्य्य हेतु योग्या नहीं है ।

मालारूपा प्रतिवस्तुपमा—

"विमल एव रविर्विशदः शशी प्रकृतिशोभन एव हि दर्पणः ।
शिवगिरिः शिवहाससहोदरः सहजसुन्दर एव हि सज्जनः ॥

रवि, विमल है, चन्द्रमा—सुन्दर है, दर्पण भी सुन्दर है, शिव गिरि कैलास, शिवहास सहोदर है, नन्दात्मज तो सहज ही सुन्दर है । यहाँ विमल, विशद एकार्थ का वाचक है । दृष्टान्त अलङ्कार—

दृष्टान्तो यत् सधर्मस्य वस्तुनः प्रतिबिम्बनम् ।

सधर्मस्येति पूर्वतोऽस्य भेदः । अयमपि साधर्म्म्य वैधर्म्म्याभ्यां द्विधा ।

प्रतिवस्तूपमा के समान दृष्टान्त अलङ्कार भी प्रतिवस्तु से समर्थित होता है । अतः प्रति वस्तूपमा के पश्चात दृष्टान्त अलङ्कार को कहते हैं । यहाँ समान सदृशधर्म है, प्रति वस्तूपमा के सदृश अभिन्न नहीं है, धर्म शब्द से गुण एवं क्रियाको जानना होगा । सदृश पदार्थ का प्रतिबिम्ब भाव से स्थापन को दृष्टान्त कहते हैं । लक्षण में प्रति वस्तूपमा से भिन्न दिखाने के निमित्त सधर्म पद का उपन्यास

जनः कृष्णपदध्यायी विषयान्नाभिवांछति ।
माकन्दमुकुलास्वादी निम्बकान्नात्ति कोकिलः ॥

वैधर्म्ये यथा—

त्वयि दृष्टे कुरङ्गाक्ष्याः स्रंसते मदन-व्यथा ।
दृष्टानुदयभाजीन्दौ ग्लानिः कुमुद-संहतेः ॥

प्रतिवस्तूपमायामेकस्य साधर्म्यस्य द्विरुक्तिः । दृष्टान्ते

हुआ है । यह भी साधर्म्य वैधर्म्य से दो प्रकार होते हैं, दृष्टान्त क्रमश "जनः कृष्ण पदध्यायी विषयान्नाभिवाञ्छति ।
माकन्दमुकुलास्वादी निम्बकान्नात्ति कोकिलः ॥

श्रीकृष्ण चरण ध्यान परायण जन विषय को नहीं चाहता है, आम्रमुकुलास्वादी कोकिल निम्बका आस्वादन जिस प्रकार नहीं करता है ।

"शोभते गुण हीनापि गीः कृष्ण गुण योगतः ।
शालग्रामादि संस्पर्शाद् वन्द्यं स्यात् पाललं जलम् ।

श्रीकृष्ण के गुण स्पर्शसे गुण हीन वाणी भी शोभित होती है, शालग्रामादि के संस्पर्श से पङ्कमय जल भी वन्दनीय होता है। वैधर्म्य का उदाहरण

"त्वयिदृष्टे कुरङ्गाक्ष्याः स्रंसते मदन व्यथा ।
दृष्टानुदयभाजीन्दौ ग्लानिः कुमुद-संहतेः ॥

तुम्हें देखकर कुरङ्गाक्षी की मदन व्यथा विदूरित होती है, चन्द्रोदय को न देखकर कुमुद श्रेणीग्लानि को प्राप्त करती है । प्रति वस्तु उपमा में एक साधर्म्य की ही द्विरुक्ति होती है । प्रतिवस्तु उपमा के दृष्टान्त में राधा के द्वारा वचन में सनोघावन प्राञ्जन क्रिया से एकार्थ का बोध होता है, अतः प्रति वस्तुपमा ही है । दृष्टान्त अलङ्कार स्थलमें समस्त धर्मों का प्रति विम्बवत् अवभास होता है।

सर्वेषां धर्माणां प्रतिबिम्बवदवभासः ।। अर्थान्तरन्यासे तु समर्थ्यसमर्थकवाक्ययोः सामान्य-विशेषभाव इत्येषामसांकर्यं ।।५।।

बोध्यः सोऽर्थान्तरन्यासो यत्सामान्यविशेषयोः ।
हेतुहेतुमतोश्चापि तदन्येन समर्थनं ।

सामान्यस्य विशेषेण समर्थनं, विशेषस्य च सामान्येन । हेतो र्हेतुमता समर्थनं, हेतुमतश्च हेतुनेति चतुर्विधोऽर्थान्तर-न्यासः । समर्थनस्य साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां द्विष्टत्वादष्टविधतां भजति ।

क्रमेणोदा०—वृहत्सहायः कार्य्यान्तं क्षोदीयानपि गच्छति ।
सम्भूयाम्भोधिमभ्येति महानद्या नगापगा ।।

दृष्टान्त अलङ्कार स्थल में शोभा वन्दचता प्राप्ति क्रियाद्वय की समता है, किन्तु एक रूपता नहीं है, यहाँ समर्थ्य समर्थक वाक्य का सामान्य विशेष भाव से अर्थान्तर न्यास होता है । प्रति वस्तूपमा एवं दृष्टान्त अलङ्कार में उस प्रकार नहीं है । अतः उससे यह भिन्न अलङ्कार है ।

अर्थान्तरन्यास अलङ्कार—

बोध्यः सोऽर्थान्तरन्यासो यत्सामान्य विशेषयो ।
हेतहेतुमतोश्चापि तदन्येन समर्थनम् ।।

विशेष के द्वारा सामान्य का समर्थन, सामान्य के द्वारा विशेष का समर्थन, हेतुमान् के द्वारा हेतु का समर्थन, हेतु के द्वारा हेतुमान् का समर्थन—इस रीति से चतुर्विध अर्थान्तर न्यास होते हैं । साधर्म्य वैधर्म्य के द्वारा समर्थन द्विष्ट होने के कारण वह अलङ्कार अष्टविध होते हैं ।

क्रमशः उदाहरण—वृहत्सहायः कार्यान्तं क्षोदीयानपि गच्छति ।

अत्र विशेषेण सामान्यस्य समर्थनं ।

चिन्तयन्नागतः कृष्णं गान्दिनीनन्दनो यथा ।
तथैव सत्कृतस्तेन सफला हि सतां कृतिः ॥

अत्र सामान्येन विशेषस्य ।

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम् ।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः ॥

अत्र संपत्करणेन कार्येण सहसा विधानाभावस्य विमृश्य-

सम्भूयाम्भोधिमभ्येति महानद्या नगापगा ॥

यहाँ विशेष के द्वारा सामान्य का समर्थन हुआ है । क्षुद्र व्यक्ति भी वृहद् व्यक्ति की सहायता से कार्य्य सम्पन्न कर सकता है, जिस प्रकार पर्वत से निर्गत महानदी के सहित मिलित होकर क्षुद्रनदी भी सागर में मिलित होती है ।

सामान्य के द्वारा विशेष का समर्थन—
'चिन्तयन्नागतः कृष्णं गान्दिनी नन्दनो यथा ।
तथैव संस्कृतस्तेन सफल हि सतां कृतिः ॥

यहाँ सामान्य के द्वारा विशेष का समर्थन हुआ है । श्रीकृष्ण का चिन्तन करते करते अक्रूर कृष्ण के समीप में जिस प्रकार उपस्थित हुआ, उसप्रकार ही वह कृष्णकर्त्तृकसमादृत भी हुआ । कारण-सज्जनों की कृति सफला होती है ।

यहाँ सामान्य के द्वारा विशेष का समर्थन हुआ है ।
"सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदं ।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव सम्पदः ॥

सहसा ही कार्य्य आरम्भ करना उचित नहीं है । अविवेक ही परम आपद का स्थान है । विवेक पूर्वक कार्य्य कारी व्यक्ति को गुण लुब्धा सम्पद् स्वयं ही वरण करती है ।

कारित्वरूपस्य हेतोः समर्थनं ।।

पृथ्वि स्थिरा भव भुजङ्गम धारयैनां
त्वं कूर्मराज तदिदं द्वितयं दधीथाः ।
दिक्कुञ्जराः कुरुत तन्त्रितये दिधीर्षां
रामः करोति हरकार्मुकमात्तसज्यम् ।।

अत्र हरकार्मुकात्तसज्जीकरणेन हेतुना पृथ्वीस्थैर्य्यादेः कार्य्यस्य समर्थनम्। एतानि साधर्म्योदाहरणानि वैधर्म्ये यथा

हरिविमुखस्य ममैते प्राणा निर्यान्तु गान्दिनेयस्य ।
तत्पदपङ्कजमधुपा ये स्यु र्जीवन्तु ते ध्रुवं जगति ।

यहाँ सम्पत् करण रूप कार्य्य के द्वारा सहसा विधानाभावात्मक विमृश्य कारित्व हेतु का समर्थन हुआ है ।

"पृथ्वि स्थिरा भव भुजङ्गम धारयैनां
त्वं कूर्मराज तदिदं द्वितयं दधीथाः ।
दिक्कुञ्जराः कुरुत तन्नृतये दिधीर्षां
रामः करोति हरकार्मुकमात्तसज्जम् ।।

राम हरकार्मुक में गुणार्पण कर रहे हैं, अतः पृथिवि! तुम स्थिर हो जाओ, फणीन्द्र इस का धारण करो, कूर्मराज भी द्विगुणित रूप से इसे धारण करें, दिग् कुञ्जर वृन्द स्थिरत्व सार्थक हेतु धारण करने की प्रचेष्टा करें।

यहाँ हर कार्मुक आत्तसज्जीकरण के द्वारा पृथिवी स्थैर्य्यादि रूप कार्य्य का समर्थन हुआ। ये सब साधर्म्म के उदाहरण हैं। वैधर्म्म का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

हरिविमुखस्य ममैते प्राणा निर्यान्तु गान्दिनेयस्य ।
तत्पदपङ्कजमधुपा ये स्यु र्जीवन्तु ते ध्रुवं जगति ।।"

अत्र सामान्येन विशेषस्य समर्थनं ।।

गुणानामेव दौरात्म्याद्धुरि धुर्य्यो नियुज्यते ।
असंजात--किणस्कन्धः सुखं स्वपिति गौर्गडिः ।

अत्र विशेषेण सामान्यस्य, एवमन्यदूह्यं ।।६।।

उपमेयस्योपमानाद्यधाधिक्यं निबध्यते ।
व्यतिरेक स्तदा बोध्यो व्यत्ययादप्यसौ भवेत् ।।

क्वचिदुपमानादुपमेयस्याधिक्यं क्वचित्तूपमेयादुपमानस्य तत्।

हरि विमुख गादिनेय अक्रुर कहते हैं, मेरा प्राण निर्गत हो जाय। श्रीहरि पादपङ्कज मधुपगण को ही जगत् में जीवित रहना उचित है।

यहाँ सामान्य के द्वारा विशेष का समर्थन हुआ है।

गुणानामेव दौरात्म्याद्धुरि धुर्य्यो नियुज्यते ।
असंजात--किणस्कन्धः सुखं स्वपिति गौर्गडिः ।।

दौरात्म्य हेतु गुण गणों का नियोग प्रथम किया जाता है-- मक्षिका न बैठने से अलस गौ सुख से शयन करता है।

यहाँ विशेष के द्वारा सामान्य का समर्थन हुआ है।

इस प्रकार अन्य उदाहरण भी प्रस्तुत करना कर्त्तव्य है।

व्यतिरेक अलङ्कार–

उपमेयस्योपमानाद्यधाधिक्यं निबध्यते ।
व्यतिरेक स्तदा बोध्यो व्यत्ययादप्यसौ भवेत् ।।

यदि उपमान से उपमेय का आधिक्य वर्णन होता है तो अथवा उपमान से उपमेयान्यून नहीं होता है तो, व्यतिरेक अलङ्कार होता है।

"आधिक्यमुपमेयस्योपमानान्न्यूनताथवा--व्यतिरेकः"

स–च—एक उक्ते--अनुक्ते हेतौ पुन स्त्रिधा।

चतुर्विधोऽपि साम्यस्य बोधनाच्छब्दतोऽर्थतः
आक्षेपाच्च द्वादशधा श्लेषेऽपीति त्रिरूधा ।
प्रत्येकं स्यात् मिलित्वाष्टचत्वारिंशद् विधः पुनः ॥"

उपमेयस्य उपमानाद्याधिक्ये हेतुरुपमेयगतमुत्कर्षं कारण उपमान गत निकर्ष कारणञ्च । तयोर्द्वयोरप्युक्तावेकः प्रत्येकं समुदायेन वानुक्तौ त्रिविध इति चतुर्विधऽप्यस्मिन्नुपमानोपमेयत्व--निवेदनं शब्देनार्थेन क्षेपेणयेति द्वादश प्रकारोऽपि 'श्लेषे' अपि शब्दादश्लेषे--ऽपिभवतीति चतुर्विंशति प्रकारः । उपमानात् न्यूनतायामप्यनयैव भङ्ग्या चतुर्विंशति प्रकारतेतिमिलित्वाष्टचत्वारिंशद् प्रकारो व्यतिरेकः ।

गुण अथवा दोष के द्वारा विलक्षण होने का नाम व्यतिरेक अलङ्कार है। यदि गुण वा दोष के द्वारा उपमान से उपमेय का आधिक्य होता है, उपमेय का आधिक्य, अथवा उपमेय का उपमान से न्यून न हो तो, यह व्यतिरेक अलङ्कार होता है।

हेतु का कथन, एवं अकथन व्यतिरेक से तीन प्रकार होगा, उपमान उपमेय का वैधर्म्य से ही व्यतिरेक होगा। उपमान की अपेक्षा उपमेय का उत्कर्ष अथवा उपकर्ष होने से व्यतिरेक होगा, उपमा में वैधर्म्य नहीं है। यहाँ वैधर्म्य है। उपमान की अपेक्षा उपमेय अधिक होने से एक प्रकार होगा, उपमान की अपेक्षा उपमेय की न्यूनता से द्वितीय प्रकार है। हेतु की उक्ति से एक प्रकार ही होगा, हेतु का कथन न होने से तीन प्रकार होगा, केवल उपमेय का उत्कर्ष कारण उक्त न होने से एक प्रकार होगा। केवल उपमान का उत्कर्ष का कारण अनुक्त होने से एकविध है। समुदाय से यह तीन प्रकार हैं। इस प्रकार हेतु उक्त होने से जो एक प्रकार होता है, उस के सहित अनुक्त हेतु सम्पन्न त्रिविध के मेलन से अलङ्कार चतुर्विध होगा। उक्त रीति से सम्पन्न व्यतिरेक चतुर्विध शब्दतः सादृश्य कथन से आक्षेप व्यञ्जना से समान सदृशादि का बोध होने से द्वादशविध होगा, चार का गुणन तीनसे होने पर द्वादश विध होगा।

श्लेष एवं अश्लेष से दो प्रकार होकर चतुर्विंशति प्रकार होगा, उक्त रीति से उपमान से उपमेय न्यून होने पर भी व्यतिरेक चतुर्विंशति प्रकार होगा. द्विगुणित होकर अष्टचत्वारिंशत प्रकार होगा। उपमेय का उदाहरण—

राधिकेयं हरेः श्लाघ्यसद्‌गुणावलि मण्डिता।
न सामान्यगुणान्यस्त्री यथैनां तं प्रसादय ॥

अत्र श्लाघ्यसद्‌गुणः सामान्य गुणयोरुक्तिः, तयोर्द्वयोः क्रम-- युगपदनुक्तौ क्रमेण चानुक्तौ त्रयो भेदाः, इति चत्वारो भेदाः। यथा शब्देन शाब्दमौपम्यमत्र। अत्रैव अन्य स्त्री तुल्यनामिति पाठे आर्थ मौपम्यम्। अनुक्त त्रितयञ्च पूर्ववत। इत्यष्टौभेदाः।

"निर्म्मलं ते मुखं राधे जयतीन्दुं कलङ्किनम्।
सामार्थ्याक्षिप्तमौपम्य मत्रानुक्तित्रयञ्च पूर्ववत् इति द्वादशभेदाः।

श्रीराधिका श्रीकृष्ण के प्रशंसित गुणों से मण्डित हैं। अन्यस्त्री उनके सामान्य गुणों से युक्त नहीं है। यहाँ पर श्लाघ्य सद्‌गुण-सामान्य गुण की उक्ति, उन दोनों की युगपदनुक्ति से क्रमशः तीन भेद होते हैं—इस रीति से चारभेद हैं। यथा शब्द से शब्दौपम्य है। इस श्लोक में अन्य स्त्री तुल्यैनामिति पाठ में आर्थी–औपम्य है। अनुक्तत्रितय भी पूर्ववत् है—इस प्रकार अष्टविधभेद हैं।

हे राधे ! तुम्हारा मुख निर्म्मल है, इसने कलङ्क चन्द्र को जीत लिया है। सामर्थ्याक्षिप्त औपम्य अनुक्तित्रय भी पूर्ववत् है। श्लेष में दृष्टान्त—'न चन्द्रवत् कलाः क्षीणा हरेऽनन्तकलभ्यते' हे हरे ! तुम अनन्त कला सम्पन्न ही चन्द्र की कलाके सदृश--यह क्षयिष्णु नहीं है। यहाँ इवार्थ में वति का प्रयोग है। यह शब्दौपम्य है। कलाशब्द श्लिष्ट है, क्षीणतानन्तकलतालोप से पूर्ववदनुक्ति है। हे हरे ! नदी नदेश होकर भी तुम समुद्र के समान कैसे हो ? तुम दोषाकर प्रिय हो, किन्तु वह भी दोषाकर प्रिय है। यहाँ सम शब्दसे आर्थी उपमा। है। नदीन शब्द श्लिष्ट है, अन्वयावद्वय का क्रमसे युगपत् अनुक्तित्रय

हैं। अभङ्गुर गुण सम्पन्न विधुप्रिय राधावक्त्र विभङ्गुर गुणमुक्त विधूदय निमीलित पद्मको पराजित किया। यहाँ जिगाय यह उपमा, आपेक्ष्या है। गुण विधु शब्द श्लिष्ट है, गुण विधु योग के अभाव से अनुक्तित्रय हैं।

"नदी न देशोऽपि हरे त्वङ्घाब्धिश्च समः कुत.।
दोषाकर प्रियोऽसि त्वमसौदोषाकर प्रियः।
"विभङ्गुर गुणं पद्म विधूदय निमीलितम्
जिगायाङ्गुर गुणं राधा वक्त्रं विधुप्रियम्॥

कृष्ण, चन्द्र के समान क्षीण कल नहीं हैं। और इन्द्र के समान पक्षभित् भी नहीं हैं, सूर्य के समान तापप्रद भी नहीं है। इस रीति से यह अलङ्कार माला रूप भी होता है। इस प्रकार उपमेय की विलक्षणता से उदाहरण समूह हैं।

न्यूनता का उदाहरण—

"क्षीण: क्षीणोऽपि शशी योभूयो वर्द्धते सत्यम्।
विरम प्रसीद सुन्दरि! यौवन मनिवर्त्ति यातं तु॥

क्षीण से क्षीण होते हुये भी चन्द्र पुनः पुनः बढ़ते रहते हैं— यह सत्य है, हे सुन्दरि! प्रसन्न हो, रुको, यौवन चले जाने से लौटता नहीं है। यहाँ उपमेयभूत यौवन की अस्थिरता का आधिक्य है। इससे उपमान से उपमेय का आधिक्य से एवं विपर्य्यय से व्यतिरेक है, इस प्रकार किसी के लक्षण में विपर्य्यय पद अनर्थक है, कतिपय व्यक्ति का कथन उसी प्रकार है।

किन्तु यह कहना ठीक नहीं है, क्योंकि आधिक्य न्यूनत्व का सत्वासत्व विवक्षित है, चन्द्र की अपेक्षा यौवन का असत्व प्रकाशित है, किंवा, इस उदाहरण में यथा कथञ्चित् समाधान है। उपमानादि की अपेक्षा से उपमेयभूत नल का अपकर्ष प्रतीति ही व्यतिरेक है, ऐसा कहो। वह विपर्य्यये दा'' हने से ही होता है। अतः 'न्यूनताथवा' इति सुष्ठु कहा है—

क्रमेणादा०—पल्लवितः कल्पतरोरेष विशेषः करस्य ते वीर।
भूषयति कर्णमेकः परस्तु कर्णं तिरस्कुरुते॥

"विपर्य्यये वा" इस के अनुसार हुआ है।

व्यतिरेक भेद सङ्कलनम्।

उपमेयगतमुत्कर्ष कारणम्, उपमानगतमपकर्ष
कारणञ्च एतयोरुभयोरेवोक्तौ—१

शाब्दौपम्ये—केवलोपमेय गतोत्कर्ष कारणानुक्तौ—१
केवलोपमेय गतापकर्ष कारणानुक्तौ—१

श्लेषे—१२ तयोरुभयोरेवानुक्तौ १

उपमानादुपमेयस्य आर्थौपम्ये--उक्तक्रमेण—४

आधिक्ये—२४ आक्षिप्तौपम्ये—उक्तक्रमेण—४

शाब्दौपम्ये— उक्तक्रमेण—४

अश्लेषे १२ आर्थौपम्ये— उक्तक्रमेण—४

आक्षिप्तौपम्ये उक्तक्रमेण ४

उपमानगतमुत्कर्ष कारणम्, उपमेयगत
मपकर्ष कारणञ्च एतयोरुभयोरेवोक्तौ १

शाब्दौपम्ये—केवलौपमान गतोत्कर्ष कारणानुक्तौ १
केवलोपमेयगतापकर्ष कारणानुक्तौ १

श्लेषे १२ तयोरुभयोरेवानुक्तौ १

उपमानादुपमेयस्य आर्थौपम्ये—उक्त क्रमेण ४

न्यूनत्वे २४ आक्षिप्तोपम्ये उक्त क्रमेण ४

४८ शाब्दौपम्ये—उक्त क्रमेण ४

आर्थौपम्ये—उक्त क्रमेण ४

श्लेषे १२ आक्षिप्तौपम्ये—उक्तक्रम ४

४८

प्रस्तुत अन्योक्त लक्षणस्य दृष्टान्तः—

"पल्लवितः कल्पतरोरेष विशेषः करस्य ते वीर।

रक्तस्त्वं नवपल्लवै रहमपि श्लाघ्यैः प्रियायाः गुणै

स्त्वामायान्ति शिलीमुखाः स्मरधनुर्मुक्ताः सखे मामपि ।

कान्तापादतलाहति स्तव मुदे तद्वन्ममाप्यावयोः

सर्वं तुल्य मशोक केवलमहं धात्रा सशोकः कृतः ॥

श्लेषविच्छित्तिकोऽयं व्यतिरेकः । शुद्धो यथा—

तत्तद्गुणै रगाधाः सन्ति न का धामनि स्त्रियोऽस्य हरेः ।

आधारः खलु राधा नियतमसाधारणप्रेम्णः ॥७॥

भूषयति कर्णमेकः परस्तु कर्णं तिरस्कुरुते ॥"

हे वीर! तुम्हारे कल्पतरु विशेष कर का यह पल्लवित है, एक कर्ण को भूषित करता है, किन्तु अपर कर्ण को तिरस्कार करता है ।

"रक्तस्त्वं नवपल्लवे रहमपि श्लाघ्यैः प्रियायाः गुणै
स्त्वामायान्ति शिलीमुखाः स्मरधनुर्मुक्ताः सखे मामपि ।
कान्तापादतलाहति स्तवमुदे तद्वन्ममाप्यावयोः
सर्वं तुल्यमशोक केवलमहं धाता सशोकः कृतः ॥

"तुम नव पल्लव समूह से रक्त हो, मैं भी प्रशंसनीय प्रियाके गुणों से रक्त हूँ, तुम्हारे समीप में भ्रमर वृन्द आते रहते हैं, मेरे निकट भी कन्दर्प धेनु से मुक्त शर समूह आते रहते हैं । कान्तापद तलाघात तुम्हारे पक्ष में आनन्दकर है, मेरा भी वही है, हे सखे अशोक! तुम्हारे हमारे में सब कुछ तुल्य हैं, किन्तु तुम अशोक हो, और मुझ को विधाताने सशोक बनाया है ।

यहाँ श्लेष विच्छित्तिक व्यतिरेक है । शुद्ध व्यतिरेक का उदाहरण

"तत्तद् गुणंरगाधाः सन्ति न का धामनि स्त्रियोऽस्य हरेः ।
आधारः खलु राधा नियतमसाधारणप्रेम्ण ।७॥

श्रीहरि को क्या नहीं हैं? किन्तु उन उन गुणोंसे परिपूर्ण ललना

अप्रस्तुतप्रशंसा तु सा चेत् प्रस्तुतमाश्रयेत् ।

अप्राकरणिकस्य प्रस्तावश्चेत् प्राकरणिकमाक्षिपति तदाऽप्रस्तुतप्रशंसालङ्कारः । तद्भेदानाह— कार्य्यकारण-सामान्य-विशेष-सदृशेषु हि ।

स्यात्प्रस्तुतेषु हेत्वादेः सदृशस्य च शंसनम् ॥

तदेवं पञ्चधा—क्रमेणोदाहरणम्—

आश्लिष्य क्व गतः कान्तो न जाने सखि सम्प्रति ॥

अत्र दुःखिता किमित्युपलक्ष्यते इति कार्ये प्रस्तुते तद्धेतोः कान्तविच्छेदस्य प्रस्तावः ॥१॥

श्रीराधा ही नियत असाधारण प्रेम का आधार है ।

अप्रस्तुत प्रशंसा–

वह यदि प्रस्तुत को आश्रय कर होती है, तो उसको अप्रस्तुत प्रशंसा कहते हैं ।

अप्राकरणिक का प्रस्ताव यदि प्राकरणिक अर्थ को सूचित करता है तो, वह अप्रस्तुत प्रशंसालङ्कार होता है । उसके भेद को कहते हैं–

"कार्य्य कारण सामान्य विशेष सदृशेषु हि—
स्यात् प्रस्तुतेषु हेत्वादेः सदृशस्य च शंसनम्"

कार्य्य कारण--सामान्य विशेष एवं प्रस्तुत सदृश में सदृश हेतु का कथन होने से अप्रस्तुत प्रशंसालङ्कार होता है । यह पञ्चविध है—क्रमशः उदाहरण--यह है –

"आश्लिष्य क्वगतः कान्तो न जाने सखि सम्प्रति ॥

हे सखि ! कान्त आलिङ्गन कर सम्प्रति कहाँ चला गया, मैं नहीं जानती हूँ । सखि !

यात्यस्तं पुष्णं कुर्वन्ति वेशान्कृष्ण व्रजाङ्गनाः ।

अत्र कृष्णान्तिकागमने हेतौ प्रस्तुते तत्कार्य्यस्य वेशरचनस्य ॥२॥

गहनां कुहनां छेत्तुं रामनामानि कीर्त्तय ।

अत्राविद्या-विनाशकतया भक्ति-सामान्ये प्रस्तुते नाम-कीर्तनस्य भक्तिविशेषस्य ॥३॥

प्रसाद्य वनिता नाथ कमनीयातियत्नतः ।

अत्र स्वसखीरूपे विशेषे प्रस्तुते नायिकासामान्यस्य ॥४॥

कनकाचितमूलोऽयं तमालः किल दीव्यति ।

तुम दुखिता क्यों जान पड़ती हो' इस प्रकार कहने के उद्देश्य से उसका हेतु कान्त विच्छेद को कहा गया है।

"यात्यस्तं पुष्ण कुर्वन्ति वेशान् कृष्ण व्रजाङ्गनाः ॥'

यहाँ कृष्ण के समीप में आगमन रूप प्रस्तुत कार्य्य में उसका कार्य्य वेश रचन को कहा गया है।

"गहनां कुहनां छेत्तुं रामनामानि कीर्त्तय।'

निविड़ दम्भ को छेदन करने के निमित्त रामनाम का कीर्त्तन करो! यहाँ अविद्या विनाशक भक्ति सामान्य कथन प्रसङ्ग में नाम कीर्त्तन रूप भक्ति विशेष का वर्णन हुआ है।

"प्रसाद्य वनिता नाथ कमनीयातियत्नतः'

हे नाथ! यत्न से कमनीया वनिता को प्रसन्न करना उचित है। यहाँ निज सखी रूप विशेष को प्रसन्न करने के उद्देश से नायिका सामान्य का कथन हुआ है।

"कनकाचितमूलोऽयं तमालः किल दीव्यति।

यह सदृश का उदाहरण है—

कनक खचित मूल समुत्पन्न तमाल वृक्ष शोभित है। यहाँ पीत-

अत्र पीतवाससि कृष्णे प्रस्तुते तत्तुल्यस्य स्वर्णनिबद्धमूला तमालस्येति पञ्चधा ।।५।८।।

प्रस्तुतात्प्रस्तुते व्यक्ते कथ्यते प्रस्तुतांकुरः ।।

यत्र प्रस्तुतेन वर्ण्यमाणेनान्यदभिमतं प्रस्तुतं व्यज्यते स प्रस्तुतांकुरो नाम ।। उदाहरणम्–

कोशद्वन्दमियं दधाति नलिनी कादम्ब-कञ्चुक्षतं
धत्ते चूतलता नवं किसलयं पुंस्कोकिलास्वादितं ।
इत्याकर्ण्य मिथः सखीजनवचः सा दीर्घिकायास्तटे
चेलान्तेन तिरोदधे स्तनतटं बिम्बाधरं पाणिना ।।

वसन कृष्ण का उल्लेख प्रस्तुत होने से सुवर्ण निबद्ध मूलक तमाल वृक्ष का कथन हुआ है ।

प्रस्तुताङ्कुर अलङ्कार–

प्रस्तुत वर्णन से अन्यत् अभिमत वस्तु ध्वनित होती है । उसको प्रस्तुतालङ्कार कहते हैं—लक्षण

"प्रस्तुतात् प्रस्तुते व्यक्ते कथ्यते प्रस्तुताङ्कुरः ।"

उदाहरण—"कोशद्वन्दमियं दधाति नलिनी कादम्ब--चञ्चुक्षतं
धत्ते चूतलता नवं किसलयं पुंस्कोकिलास्वादितं ।
इत्याकर्ण्य मिथः सखीजनवचः सा दीर्घिकायास्तटे
चेलान्तेन तिरोदधे स्तनतटं बिम्बाधरं पाणिना ।।

नीलवर्ण पक्ष हंस के चञ्चुक्षत कोष युगल को नलिनी धारण करती है, पुरुष कोकिलास्वादित नव किसलय को चुतलता धारण करती है । वीधिकाके तटदेश में सखी के पारस्परिक वचन को सुनकर एक नायिकाने वेसनाञ्चल के द्वारा स्तनतट को एवं हस्त के

अत्र वाच्यार्थः प्रस्तुतः। इयमिति नलिनी, व्यक्तिविशेष-
निर्देशात् दीर्घिकायास्तट इत्युक्तेश्च ॥८॥

विशेषः किञ्चिदारम्भात्कार्यं यद्दुष्करं भवेत्।
आधेयं यदनाधारं यच्चैकं बहुवृत्तिमत् ॥

एकं कार्यं कुर्वतो यदि तेनैव व्यापारेण दुःशकमन्यत्कार्यं
सिध्येत्, यदि प्रसिद्धमाधारं विनैवाधेयं तिष्ठेत्यदि चैकमेक-
रूप्येण युगपदनेकत्र वृत्तिमत्स्यात्तदा त्रिविधो विशेषः।
क्रमेणोदाहरणम्—

विधिना विदधे राधा सारमादाय सर्वतः।
विद्युच्चन्द्रारविन्दादि तच्छेषेणैव निर्ममे ॥

द्वारा विम्बाधर को आच्छादित किया।

यहाँ वाच्यार्थ सुस्पष्ट है, एवं प्रस्तुत है, इयम् शब्द से नलिनी का बोध होता है। व्यक्ति विशेष निर्देश हेतु दीर्घिका के तटदेश में यह कथित हुआ है।

विशेषालङ्कार—

"विशेषः किञ्चिदारम्भात्कार्यं यद् दुष्करं भवेत्।
आधेयं यदनाधारं यच्चैकं बहुवृत्तिमत् ॥

एक कार्य्य करने में प्रवृत्त होने से यदि उसी प्रयत्न से दुष्कर अन्य कार्य्य निष्पन्न होता है, यदि--प्रसिद्ध आधार के विना ही आधेय की स्थिति हो, यदि--एक एक रूप से स्थित वस्तु अन्यत्र युगपद् अवस्थित हो तो विशेष अलङ्कार होता है। वह त्रिविध है। क्रमश

उदाहरण— "विधिना विदधे राधा सारमादाय सर्वतः।
विद्युच्चन्द्रारविन्दादि तच्छेषेणैव निर्ममे ॥

परलोकं गतस्यापि यस्य कुन्देन्दु--सुन्दर ।
जगद् व्याप्य यशो भाति स जीवति न संशयः ॥
अस्ति सा पुरतः पृष्ठे पार्श्वे वाचि मनस्यपि ।
कामः केनाध्वना मम प्रविश्य प्रतुदत्ययं ॥१०॥
विषमः स स्मृतो या स्याद् घटनाननुरूपयोः ।
इष्टार्थोद्योगतो यत् स्यादनिष्टस्यैव लम्भनं ॥
कार्य्यं यच्च विरूपं स्याद्वैरूप्याद्गुणकर्मणोः ।

विधि ने समस्त वस्तुओं का सार ग्रहण कर राधा का निर्म्मण किया है, और उसके निर्म्माण विशेष वस्तुओं के द्वारा विद्युत चन्द्र अरविन्द प्रभृति का निर्म्माण किया है। यह प्रथम कल्प का निदर्शन है—द्वितीय का निदर्शन—

"परलोकं गतस्यापि यस्य कुन्देन्दु-- सुन्दर ।
जगद् व्याप्य यशो भाति स जीवति न संशयः ॥

हे कुन्देन्दु सुन्दर ! परलोक गमन करने पर भी जिस का यश जगद् में व्याप्त रहता है, निःसन्देह वही व्यक्ति जीवित है। तृतीय का दृष्टान्त—

"अस्ति सा पुरतः पृष्ठे पार्श्वे वाचि मनस्यपि ।
कामः केनाध्वना मम प्रविश्य प्रतुदत्ययं ॥१०॥

वह ललना--सम्मुख में पृष्ठ में, पार्श्व, मे वाणी में एवं मन में है, तथापि कन्दर्प-किस पथसे मेरे अन्तः करन में प्रविष्ट होकर मुझ को दुःखी बना रहा है !

विषम अलङ्कार—

विषमः स स्मृतो या स्याद् घटनाननुरूपयोः ।
इष्टार्थोद्योगतो यत् स्यादनिष्टस्यैव लम्भनम् ॥
कार्य्यं यच्च विरूपं स्याद्वैरूप्याद्गुणकर्मणोः ।

विषम अलङ्कार का वर्णन करते हैं—

"गुणौ क्रिये वा यत्स्यातां विरुद्धे हेतु कार्य्ययोः
यद्वारब्धस्य वैफल्यमनर्थस्य च सम्भवः।
विरूपयोः संघटना या च द्विषमं मतम्।

हेतु कार्य्य का गुण विरुद्ध होने से, अथवा क्रिया विरुद्ध होने से विरोध अलङ्कार होता है। कार्य्य गुण यदि कारण गुण से विरुद्ध होता है—यह एक प्रकार है। कार्य्य गत क्रिया—कारण गत क्रिया से विरुद्ध हो तो विरोधालङ्कार होता है, यह द्वितीय प्रकार है।

अथवा—आरब्ध कर्म्म का वैफल्य अनर्थ अनिष्ट की उत्पत्ति-यह तृतीय प्रकार है। विपरीत पदार्थ की योजना एकत्र होने से--यह चतुर्थ प्रकार है। यह विषम शब्द वाच्य लिङ्ग है, अलङ्कार शब्द का विशेषण होने के कारण विषम पुरुषोत्तम लिङ्ग होता है। एकदेशस्थ का विरोध से विरोधाभास होता है, किन्तु कार्य्य वृत्ति रूप से भिन्न देशस्थ का विरोध से विषम होता है। व्याख्या रूपसे गुणादि का वैषम्य होने से ही इस की विषम संज्ञा हुई है।

क्रमशः उदाहरणम्—

"कृष्णाधर पीयूषं पिब सिक्तसदा वंशिकेति मधुरंत्वम्।
वमसि रुतं गरलात् कटु युवतिगण विमोहनं किमिदम्।

वंशिका तुम सदा मधुर कृष्णाधर पान कर रही हो। तथापि गरल वमन करती रही हो। युवति विमोहन कार्य्य अतिकटु है, यहाँ कारण रूप मधुराधर पीयूष पान का कारण गुण कार्य्य गुण का उत्पादक है, किन्तु यहाँ विरुद्ध कटुरुत वमन है।

"त्वदीक्षणेन हे राधे ! तत्तदानन्ददायिना।
जनितोऽयं स्मरो मह्यं दत्ते दाहं कथं प्रिये॥

हे राधे ! हे प्रिये ! तुम्हारे आनन्दद ईक्षणसे स्मर उत्पन्न होकर मुझ को तापित क्यों कर रहा है ? यहाँ ईक्षण रूप कारण की आनन्द दान क्रिया द्वारा उसका कार्य्य रूप स्मर की दाहद न क्रिया का

क्रमेणोदा०—क्व वज्रसारश्चाणूरः क्व कृष्णः कुसुमप्रभः ॥
अत्राति कर्कशत्वेनातिमृदुत्वेन च विरूपयोश्चाणुर-कृष्णयो
घंटना ॥

विरोध है ।

"दृष्ट्वा राधां निपुण विधिना सुष्ठु केनापि सृष्टाम्
धाता ह्लीणः सदृशमनया यौवतं निर्मिमित्सु ।
सारं चिन्वनसृजदिह तत् स्वस्य सृष्टेः समास्या
नैकाप्यासीदपितु समभूत पूर्व सृष्टि निरेर्था ॥"

निपुण विधि के द्वारा सृष्ट राधा को देखकर ब्रह्मा जीने उनके सदृश सृजन करने की इच्छा की और समस्त वस्तुओं से सार लेकर सृजन करने पर भी उनके समान सृष्ठि नहीं हुई, किन्तु पूर्व पूर्व सृष्टि विफला हो गई है । यहाँ राधा के समान कोई नहीं है, वस्तुतः पूर्व सृष्टि निःसार हो गई ।

"क्वेमौ नयनपीयूषनिषेकौ मृदुलाङ्गकौ
मल्लाः क्वेमा मदोत् फुल्लाः संरब्धा वज्र विग्रहाः ॥

ये दोनों बालक—राम कृष्ण, मृदुल अङ्ग के तो हैं ही, प्रत्युत नयनानन्द दायक भी हैं, और ये मल्ल मदसे उत्फुल्ल क्रोधी और कितने कठोर शरीर के हैं ।

यहाँ कोमल राम कृष्ण को कठिन मल्ल के साथ भिड़ादेना विरुद्ध है ।

"नायमेकाश्रया भावाद् विरोधाभास इष्यते ॥

इसमें एकाश्रय का अभाव से विरोधाभास अलङ्कार नहीं हुआ है ।
प्रस्तुत ग्रन्थोक्त उदाहरणों का समन्वय यह है—

"क्व वज्रसारश्चाणूरः क्व कृष्णः कुसुमप्रभः ॥"

अत्राति कर्कशत्वेनातिमृदुत्वेन च विरूपयोश्चाणूर--कृष्णयो घंटना ।
यहाँ कर्कशत्व एवं मृदुत्व के कारण विरूप--चाणूर--कृष्ण का

अयं दुग्धसिन्धोः पति गोकुलेशो हरि र्भूरि दुग्धं प्रदातेति
लोभात् ।
भजन्तोद्वहन्तेन तु चर्याविताशाः स्वकान्मातृदुग्धाद्वयं
वारिताः स्म ॥

तमालश्यामलोऽप्येष तवासिरसुरान्तक ।
आसज्य परसेनायां तनोति विशदं यशः ।

अत्र श्यामरूपं कारणगुणस्तद्वैरूप्यं शौक्ल्यं कार्यं ।

जातः सखि मनोजस्ते नेत्रेणानन्ददायिना ।
तापं तनोति कृष्णस्य तन्वि चित्रमिदं महत् ।

अत्र कारणनिष्ठा क्रियानन्दः तया विरूपा तापक्रिया कार्यं ॥

मिलन है ।

दुग्ध सिन्धु पति गोकुलेश हरि भूरि दुग्ध प्रदाता हैं. इस लोभ से निखिल वासना को परित्याग कर लोक भजन करते हैं, हमसब तो मातृ दुग्ध पान से भी वञ्चिता हो गये हैं ।

तमालश्यामलोऽप्येष तवासिरसुरान्तक ।
आसज्य परसेनायां तनोति विशदं यशः

तमाल श्याम वर्ण होने पर भी तुम्हारी असि असुरान्तक है, पर सेना को प्राप्त कर विशद यशको विस्तार करती है । यहाँ श्याम रूप कारण गुण उसको वैरूप्य शुक्ल कार्य्य का प्रकाशक है ।

"जातः सखि मनोजस्ते नेत्रेणानन्ददायिना ।
तापं तनोति कृष्णस्य तन्वि चित्रमिदं महत् ॥

हे सखि ! तुम्हारे आनन्दद नेत्र के द्वारा मनोज उत्पन्न होकर कृष्ण को सन्तप्त कर रहा है, तन्वि ! यह महान् आश्चर्य कर है । यहाँ कारण निष्ठा – क्रियानन्दः उस से विरूप ताप क्रिया रूप कार्य्य समुद्भूत है ।

तद्गुणः स्वगुणं हित्वा यद्यन्यगुणमाश्रयेत् ।।
यथा—अधराञ्जनयोः कान्त्या सुतनोरुपरंजिताः ।
पश्य गुञ्जाफलायन्ते मुक्ता नासावलम्बिनाः ।।१२।।
सङ्गतान्यगुणानङ्गीकारस्तु स्यादतद्गुणः ।।

तद्गुण अलङ्कार—लक्षण यह है—

"तद्गुणः स्वगुणं हित्वा यद्यन्यगुणमाश्रयेत् ।

निज गुण को छोड़कर अन्य गुण को आश्रय करने से तद्गुण अलङ्कार होता है । दृष्टान्त—

अधराञ्जनयोः कान्त्या सुतनोरुपरंजिताः :
पश्य गुञ्जाफलायन्ते मुक्ता नासावलम्बिनाः ।।

अधराञ्जन की कान्ति के द्वारा सुतनुरञ्जिता हुई है, देखो! नासावलम्बिमुक्ता गुञ्जाफल के सदृश दिखाई देती है ।

भक्तिरसामृतशेष में उक्त है—

"तद्गुणः—स्वगुणत्यागादुत्कृष्टगुणग्रहः"

निज गुण का त्याग कर अत्युत्कृष्ट गुण का ग्रहण से तद्गुण अलङ्कार होता है । उदाहरण—

"राधायाः कर पङ्कजे विनिहिता कौन्दी मुदा वृन्दया
या माला लघु लोहितोत्पलकुलस्रक् बीभ्रमेषा दधे ।
सुक्ष्मेन्दीवरमालरोचिरनया कृष्णस्य कण्ठेऽर्पिता
तेनास्या हृदि योजिता स पुलके चाम्पेयम ल्यद्युतिम् ।।"

वृन्दा ने श्रीराधा के हस्त में कुन्द की माला दी, किन्तु वह माला, लघु लोहितोत्पल के समान हो गई, और कण्ठार्पिता सूक्ष्मेन्दीवर कान्ति की माला श्रीराधा को पहनाने से वह माला चम्पक पुष्प की द्युति की माला हो गई ।

मीलित अलङ्कार में अन्य वस्तु के द्वारा आच्छादन होता है,

यथा–क्षीराब्धेरुदराज्जातः कालकूटस्य सोदरः।
तथापि रक्त एवैकः कौस्तुभो न सितासितः ॥१३
पूर्वख्यातगुणोत्कर्षोऽनुगुणः कारणान्तरैः ॥

किन्तु तद्गुण में अन्य वस्तु के गुण के द्वारा मण्डित होना है।

अतद्गुण—

सङ्गतान्यगुणानङ्गीकारस्तु स्यादतद्गुणः ॥

सङ्गत अन्यगुण का अङ्गीकार न करने से अतद्गुण अलङ्कार होता है। उदाहरण—

क्षीराब्धेरुदराज्जातः कालकूटस्य सोदरः।
तथापि रक्त एवैकः कौस्तुभो न सितासितः ॥"

कालकूट का सहोदर कौस्तुभ क्षीराब्धि से उद्भव है। तथापि एक ही कौस्तुभ सितासित नहीं है, रक्त है।

तद्गुण का वैपरीत्य से अतद्गुण अलङ्कार होता है। उस में अपर का गुण ग्रहण नहीं होता है। अर्थात् हेतु होने पर भी परगुण ग्रहण करने की योग्यता सन्निधानादि होने पर भी परगुण का अननुहार–अग्रहण से अतद्गुण अलङ्कार होता है। उदाहरण—

"नानृतं तव गोविन्द सस्नेहोऽस्मीति यद्वचः।
यन्मे रागवति स्वान्ते निहितोऽपि न रज्यसि।

अथवा—गाङ्गमम्बु सितमम्बु यामुनं कज्जलाभमुभयत्र मज्जतः।
राजहंस तव सैवशुभ्रता चीयते न च नचापचीयते।

पूर्वत्र रागयुक्त हृदय होकर भी गोविन्द अनुरक्त नहीं हुये, उत्तर दृष्टान्त में अप्रस्तुत प्रशंसा विद्यमान होने पर भी गङ्गा यमुना की अपेक्षा से प्रकृत हंस को गङ्गा यमुना सम्पर्क से भी गुण ग्रहण नहीं हुआ। वर्णान्तर की उत्पत्ति न होने से विषय से भी भिन्न हुआ।

राग युक्त हृदय होने पर भी गोविन्द में रक्तत्व निष्पन्न नहीं हुआ। द्वितीय दृष्टान्त में अप्रस्तुत प्रशंसा विद्यमान होने पर भी गङ्गा

यथा—मर्कटो मदिरामत्तो वृश्चिकेनापि दंशितः।
ग्रस्तश्चैष पिशाचेन कुरुते गुरु चापलम् ॥
अत्र स्वाभाविकस्य कपिचापलस्य मद्यादिभिरुत्कर्षः ॥१४॥

अनुगुणः।

प्रत्यनीकं बलिष्ठस्य रिपोः पक्षे पराक्रमः ॥

यथा—मध्येन तनुमध्या मे मध्यं जितवतीत्ययम्।
इभकुम्भौ भिनत्यस्याः कुचकुम्भनिभौ हरिः ॥१५॥

यमुना के सम्पर्क से भी हंस की तत्तद् रूपता नहीं हुई। यहाँ गुणाग्रहण रूप विच्छित्ति विशेष का आश्रय होने के कारण विशेषोक्ति से इसका भेद है। वर्णान्तरोत्पन्न न होने के कारण विषम से यह भिन्न हुआ।

अनुगुण—अलङ्कार—

"पूर्वख्यात गुणोत्कर्षोऽनुगुणः कारकान्तरैः।

कारकान्तरों के द्वारा पूर्णख्यात गुणोत्कर्ष होने से अनुगुण अलङ्कार होता है। दृष्टान्त—

"मर्कटोमदिरमत्तो वृश्चिकेनापि दंशितः।
ग्रस्तश्चैष पिशाचेन कुरुते गुरुचापलम् ॥"

वानर स्वाभाविक चपल तो है ही—उसमें भी उसने मदिरा पान किया है,—वृश्चिक ने भी दंशन किया है। एवं पिशाच के द्वारा ग्रस्त होने से वह अतिशय चपलता कर रहा है।

यहाँ कपिस्वाभाविक ही चपल है, किन्तु मद्यादि के द्वारा उत्कर्ष हुआ है। प्रत्यनीक अलङ्कार—

लक्षण—प्रत्यनीकं—बलिष्ठस्य रिपोः पक्षे पराक्रमः"

बलिष्ठ रिपु के पक्ष में पराक्रम प्रदर्शन से प्रत्यनीक अलङ्कार होता है। उदाहरण—

उत्कर्ष्यं वस्तु यत्तस्योपमानत्वं प्रकल्प्यते ।
प्रख्यातस्योपमेयत्वमुपमानस्य यद्भवेत् ।।
निष्फलत्ववचो यच्च तत् प्रतीपं त्रिधा स्मृतं ।।

"मध्येन तनुमध्या मे मध्यं जितवतीत्ययम् ।
इभ कुम्भौ भिनत्यस्याः कुचकुम्भनिभौहरिः ।।"

तनुमध्याने मेरा मध्यभाग को जीत लिया है। किन्तु यह हरि, सिंह जिस प्रकार गज कुम्भ द्वयको भेदन करता है, उसी प्रकार इसके कुच कुम्भ द्वय को भेदन करता है।

प्रत्यनीकमशक्तेन प्रतीकारे रिपोर्यदि
तदीयस्य तिरस्कार स्तस्योत्कर्षस्य साधकः"(भक्तिरसामृतशेषः)

अभीष्ट कार्य्य दुष्कर होने से प्रत्यनीक अलङ्कार होता है।

दृष्टान्त—कृष्णस्य सौन्दर्य्यभरैर्विनिर्जितः
कामोऽस्य किञ्चित् प्रतिकर्त्तृमक्षमः ।
राधामिह प्रीतिमतीं विनिर्णयं
स्तां बाधतेऽद्धा तदगोचरेऽबलाम् ।।

रिपुदमन करना असम्भव होने से रिपु पक्ष का तिरस्कार करना एवं उससे रिपुका उत्कर्ष होने पर प्रत्यनीक अलङ्कार होता है।

कृष्ण सौन्दर्य्य से पराजित होकर कामदेवने उन का कुछ भी कर न सका, किन्तु राधा को प्रीतिमती एवं अबला जानकर कृष्ण के विरह में दुःख दिया है।

प्रत्यनीक अलङ्कार के द्वितीयार्द्ध में प्रतीपालङ्कार का प्रसङ्ग होने पर प्रतीपालङ्कार का वर्णन करते हैं।

"उत्कर्ष्यं वस्तु यत्तस्योपमानत्वं प्रकल्प्यते ।
प्रख्यातस्योपमेयत्वमुपमानस्य यद् भवेत् ।।
निष्फलत्व वचो यच्च तत् प्रतीपं त्रिधास्मृतम् ।।
भक्ति रसामृत शेषे अस्य लक्षणम्—

'प्रसिद्धस्योपमानस्योपमेयत्व प्रकल्पनम् ।
निष्फलत्वाभिधानं वा प्रतीपमिति कथ्यते ।।

लोक प्रसिद्ध उपमान की कल्पना उपमेय रूप से अथवा उपमान को निष्फल कहने से प्रतीप अलङ्कार होता है। यह दो प्रकार के हैं—प्रसिद्ध उपमान का वर्णन उपमेय रूप से—यह प्रतीप प्रतिकूल होता है। प्रथम प्रकार है। द्वितीय प्रकार में उपमान को निष्फल सूचित करने से प्रतीप प्रतिकूल होता है।

क्रमशः उदाहरण—मुरहर कविलोकः सुष्ठु वैदग्ध्य मुग्धः
शिवशिव भुवि भद्राभद्र भावेऽनभिज्ञः।
तव विगतकलङ्केनाननेनैव योऽयम्
शशिनमुपमिमीते नैवलज्जां करोति ।।"

हे मुरहर ! कविलोक सुष्ठु वैदग्ध्य मुग्ध है। शिवशिव पृथिवी में भद्र अभद्र के विषय में वह अनभिज्ञ है। तुम्हारे कलङ्क हीन आनन के सहित शशी का उदाहरण प्रस्तुत करता है, इससे लज्जित नहीं होता है।

"निर्म्माय राधा वदनं विधाता दृष्ट्वाम्बुजेन्दू बहुदोषपूर्णौ
अशुद्धतां व्यञ्जयता तयोस्तौ कृतौ द्विरेफाङ्कमसी विलिप्तौ ।।"

विधाता ने राधा वदन को रचकर अम्बुज एवं चन्द्रको अनेक दोष पूर्ण देखा, उन दोनों को अशुद्ध घोषित करने के निमित्त कमल को भ्रमर से एवं चन्द्र को कलङ्क से चिह्नित कर दिया।

अत्र राधा वदनस्यैव तत्तच्छोभातिशयाश्रयणात् तयोर्निष्कलङ्कत्वम्।
उक्त्वा चात्यन्तमुत्कर्षमत्युत्कृष्टस्य वस्तुनः।
कल्पिते ऽप्युपमत्वे प्रतीपं केचिदुचिरे ।।"

यहाँ राधा वदन ही अत्यधिक शोभा मण्डित है, उत्तम की विद्यमानता में अधम की आवश्यकता नहीं है। अतः चन्द्र एवं कमल निष्फल है। अत्युत्कृष्ट वस्तु को अत्यन्त उत्कृष्टत्व कल्पना करके अथवा उपमान रूप से कल्पना करके प्रतीप अलङ्कार होता है। यह

क्रमेणोदाहरण —

अहमेव गुरुः सुदारुणानामिति हालाहलतातमास्य दृप्तः ।
ननु सन्ति भवादृशानि भूयो भुवनेऽस्मिन्वचनानि दुर्जनानाम् ।

अत्र परमदारुणत्वेन हालाहलमुत्कर्ष्य दुर्जनवचनस्योपमानं तत्कल्पितं ।

विवेक--विधुरः प्रेयाद् यत्तेनाप्युपमीयते ।
कृशोदरि तवानेन मुखेन मृगलाञ्छनः ।

मत कतिपय व्यक्तियों का है ।

"मम वदनमेव नयनानन्दकमिति मा कृथाः सुतनु गर्वम्
अपरोऽपि कश्चिदेवं राकायां शरदि शीतांशुः ॥"

अत्र नयनानन्द मुत्कर्ष उक्तः, स्तदमुक्तै नायमलङ्कारः यथा--ब्रह्मैव ब्राह्मणो वदतीत्यादि"

मदीय वदन ही आनन्ददायक है, उस प्रकार गर्व न करो, अपर भी कोई है, शारदीय पूर्णिमा का चन्द्र को देखो। यहाँ नयनानन्द का ही उत्कर्ष है। उस के बिना अलङ्कार नहीं होगा। जिस प्रकार ब्रह्मा के समान ब्राह्मण को कहते हैं ।

काव्य कौस्तुभ कारोक्त लक्षण का उदाहरण—

"अहमेव गुरुः सुदारुणानामिति हालाहलतातमास्य दृप्तः ।
ननु सन्ति भवादृशानि भूयो भुवनेऽस्मिन्वचनानि दुर्जनानाम् ।

हालाहल ! मैं ही सुदारुणों के मध्य में गुरु हूँ—इस प्रकार गर्वित होना अतीव असमीचीन है, कारण इस भुवन मे आपके समान अपर भी है--वह है—दुर्जनों के वचन समूह । यहाँ परम दारुण रूप में हालाहल का उत्कर्ष प्रस्तुत करके दुर्जन के वचन को उपमान माना गया है ।

विधाय वेधा वदनं मृगाक्ष्या निरीक्ष्य चन्द्रं क्षयिणं जडञ्च।
अशुद्धतां तस्य वदन्स विज्ञ: कलङ्कमस्या कलयाञ्चकार॥
एतस्मिन्वदने सति निष्फलोऽयं विधुरिति तत्राङ्कमसीक्षेपः।

भवेत्सम्भावनोत्प्रेक्षा त्रिधा वस्त्वादि--भावतः।
वस्तुनो वस्त्वन्तरभावेनाहेतो र्हेतुभावेन।
फलस्य फलभावेन च सम्भावना त्रिविधोत्प्रेक्षा॥

"विवेक विधुर: प्रेयान् यत्तेनाप्युपमीयते।
कृशोदरि तवानेन मुखेन मृगलाञ्छनः॥"

हे कृशोदरि ! प्रिय विवेक विधुर है, कारण-तुम्हारे मुख के सहित मृगलाञ्छन चन्द्र का उपमा दी गई है।

"विधाय वेधा वदनं मृगाक्ष्या निरीक्ष्य चन्द्र क्षयिष्णु जड़ञ्च।
अशुद्धतां तस्य वदन् स विज्ञः कलङ्कमस्या कलयाञ्चकार॥"

विधाता ने मृग नयनी के वदन निर्म्माण करने के पश्चात् क्षयिष्णु जड़ चन्द्र को देखा, और उसको अशुद्ध प्रतिपन्न करने के निमित्त कलङ्क स्थापित किया है। कारण— विधाता विज्ञ है।

यहाँ इस प्रकार ललना का वदन रहते हुये, विधु का रहना निष्फल है, अतः उसको कलङ्क के द्वारा परिचित विज्ञ विधाता ने किया। यह प्रतीप है।

उत्प्रेक्षा अलङ्कार-लक्षण

"भवेत् सम्भावनोत्प्रेक्षा त्रिधा वस्त्वादि भावतः।
वस्तूनां वस्त्वन्तर भावेनाहेतो र्हेतु भावेन।
फलस्य फलभावेन च सम्भावना त्रिविधोत्प्रेक्षा॥

वस्तु आदि भावसे उपमेय को उपमान रूप में सम्भावना करने से उत्प्रेक्षा होगी, यह उत्प्रेक्षा तीन प्रकार की है। वस्तु की वस्तु अन्तर भाव से हेतु को हेतु भाव से, फल की फल भाव से सम्भावना

उत्कटतया प्रकृष्टस्योपमानस्येक्षा प्रतीतिरिति योगाद्-उत्कटोपमानकोटिकः संशयः सेत्यर्थः ॥

क्रमेणोदा०—जृम्भानुबन्धविकसद्वदनोदराणां
चन्द्रः करेण कृपयेव कुमुद्वतीनां ।
निर्वाप्य गाढ़विरहानलमुज्वलन्त-
मङ्गारपुञ्जमिव कर्षति भृङ्गसङ्घम् ॥

अत्र भृङ्गसङ्घस्वरूपस्य निर्वापिताङ्गारपुञ्ज-स्वरूपत्वेन सम्भावना स्वरूपोत्प्रेक्षा । उपमानस्येह तत्पुञ्जस्योत्कटा प्रतीतिरस्ति ।

करने पर त्रिविध उत्प्रेक्षा होती हैं ।

उत्कट रूपसे प्रस्तुत उपमान को देखने से यह अलङ्कार होता है, अर्थात् इस प्रकार योग से उत्कट उपमान कोटिक संशय ही उत्प्रक्षा है ।

क्रमशः उदाहरण—"जृम्भानुबन्धविकसद्वदनोदराणां
चन्द्रः करेण कृपयेव कुमुद्वतीनाम् ।
निर्वाप्य गाढ़विरहानलमुज्ज्वलन्त-
मङ्गार पुञ्जमिव कर्षति भृङ्ग सङ्घम् ॥"

चन्द्र किरणों के द्वारा कुमुदगण जृम्भाच्छल से विकसित होने पर मानों निविड़ विरहानल जो प्रज्ज्वलित हो रहा था वह शान्त हुआ कुमुद विकसित होने से भृङ्ग समूह का जो आकर्षण हुआ, वे सब निर्वापित विरहानल के अङ्गार सदृश प्रतीत होने लगे ।

यहाँ भृङ्ग संघ स्वरूपको निर्वापित अङ्गार पुञ्जरूप में सम्भावना करना ही उत्प्रेक्षा है । यहाँ पर उपमान रूप भ्रमर पुञ्ज की उत्कट प्रतीति है ।

सा राधिका मदधिकेतिरुषातिताम्र
श्चन्द्रो विजेतुमुदयं त्वरितो जगाम ।
वीक्ष्याथ तत्पदलसत्त्नखरांशुजालं
पाण्डु विदग्धहृदयः स बभूव सद्यः ।

अत्र पूर्वाद्र्यारोहणादिक्रमेण व्योम्नि विचरतो विधो रक्तिमपाण्डिमलाञ्छनव्यक्तिः स्वाभाविकी, सा चात्र श्रीराधिका-विजिगीषा तदङ्घ्रिनखरांशुदर्शन-कृतात्म-तिरस्कारहेतुकत्वेन सम्भाव्यते । न च तस्यां तद्विजिगीषादि हेतुरित्यहेतुत्वेन सम्भावना हेतूत्प्रेक्षा ॥

"सा राधिका मदधिकेतिरुषातिताम्र
श्चन्द्रो विजेतुमुदयं त्वरितो जगाम ।
वीक्ष्याथ तत्पदलसत्त्नखरांशुजालं
पाण्डु विदग्ध हृदयः स बभूव सद्यः ॥"

राधिका हमसे अधिक सुन्दरी है,—यह मान कर चन्द्र उनको पराजित करने के निमित्त पूर्वाचल में उदित होने के निमित्त आशु प्रस्थान किया, किन्तु श्रीराधिका की पदाङ्गलिस्थित नखर चन्द्रिका को देखकर वह विदग्ध हृदय चन्द्र सद्य पाण्डुवर्ण को प्राप्त किया । यहाँ पूर्णाचल के आरोहण क्रमसे गगन में विचरण परायण चन्द्र का नव कुङ्कुमारुण होना एवं श्वेत वर्ण से चिह्नित होना स्वाभाविक है । इस प्रकार वर्णानुरञ्जन से प्रतीत होता है कि—उसकी इच्छा राधिका को जय करने की रही । किन्तु श्रीराधिका की चरणाङ्गुलिस्थित नखर चन्द्रिका को देखकर अपने को वह तिरस्कार करते करते श्वेत वर्ण हो गया । इस प्रकार सम्भावना की जाती है । इस प्रकार सम्भावना में वास्तविक जयेच्छा हेतु नहीं है, किन्तु हेतु रूप में सम्भावना होने से हेतुत्प्रेक्षा हुई है ।

वीक्ष्यावलग्नं सरसीरुहाक्ष्याः विभज्यमानं स्तनयो र्भरेण।
तयो र्विधृत्यै विधिरद्भुताभि र्बबन्ध तत् किं त्रिबली-लताभिः
अत्र मध्यः स्वयमेव स्तनौ धरति न तु लताबन्धन-

"वीक्ष्यावलग्नं सरसीरुहाक्ष्याः विभज्यमानं स्तनयो र्भरेण।
तयो र्विधृत्यै र्विधिरद्भुताभि र्बबन्ध तत् किं त्रिबली लताभिः॥
कमल नयनीओं के कटिदेश को स्तन भार से भग्नोन्मुख देख कर विधिने क्या उसको यथावत् रखने के निमित्त त्रिबली लता के द्वारा बँधा है। यहाँ मध्यदेश स्वभावतः ही स्तन द्वय को धारण करता है, किन्तु लताबन्धन भावसे निश्चित त्रिवली धारण सामर्थ्य से नहीं, इस प्रकार मध्य देश के द्वारा स्तन धारण रूप जो फल है, उसकी जो सम्भावना की गई है, इस से फलोत्प्रेक्षा हुई है।

भक्ति रसामृतशेषोक्त उत्प्रेक्षा प्रकरण यह है—

"भवेत् सम्भावनोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परात्मना।
वाच्या प्रतीयमाना सा प्रथमं द्विविधा मता॥
वाच्येवादेः प्रयोगे स्यादप्रयोगे परापुनः।
जाति गुणः क्रिया द्रव्यं यदुत्प्रेक्ष्यं द्वयोरपि।
तदष्टधापि प्रत्येकं भावाभावाभिमानतः
पुनःक्रया स्वरूपत्वान्निमित्तस्य पुनश्च ताः
द्वात्रिंशद्विधतां यान्ति—

निश्चयालङ्कार निरूपण के अनन्तर निश्चयात्मक उत्प्रेक्षा अलङ्कार का निरूपण करते हैं, उपमेय को उपमान रूपमें सम्भावना करना--उत्प्रेक्षा है। सम्भावना--अंशद्वय के मध्य में एक अंश में किसी प्रकार दृढ़ ज्ञान रहना है। जैसे "सम्भावयामि स्थाणुरेवायम्' यहाँ स्थाणु अंश में दृढ़ता है,पुरुष अंशमें दुर्बलता है, अतः सम्भावना अंश विशेष में किञ्चित् निश्चय रूप है। किन्तु समुदाय में संशय ही रहता है। शुद्ध संशय स्थल में उभय अंश में ही समान बल रहता

है। जैसे 'स्थाणु र्वा पुरुषो वा' यहाँ स्थाणु में एवं पुरुष अंश में समान बल होता है, इससे सम्भावन का अर्थ मनसि करणम् मननम् है, धारणम्, धारणा, प्रभृति सम्भावना के पर्य्याय शब्द हैं। प्रकृत की वर्णना में प्रस्तुत उपमेय का ग्रहण होता है, परात्मना—उस से भिन्न उपमान रूपसे सम्भावना मन में करना—उत्प्रेक्षा नामक अलङ्कार है। उद् ऊद्र्ध्वदेश में दृष्टि जिस से होती है, वह उत्प्रेक्षा लङ्कार है। किसी पदार्थ की वर्णना करने में वर्णन कर्त्ता की दृष्टि यदि ऊपर की और हो तो उत्प्रेक्षा होती है।

रूपक में आरोप की, भ्रान्तिमान में भ्रम की, अतिशयोक्ति में अध्यावसाय की निश्चयता है। उत्प्रेक्षा में—सम्भावना की संशय रूपता है, रूपक सारोपाख्य लक्षणा मूलक है, अतिशयोक्ति में साध्यवसानाख्य लक्षणामूल है, यह लक्षणामूला नहीं है, सन्देह केवल संशय मूलक है, किन्तु यह उत्प्रेक्षा—सम्भावनात्मक संशय रूप है। उत्प्रेक्षा—प्रथम वाच्या प्रतीयमाना रूप से दो प्रकार हैं, वाच्य शब्द से बोध्य प्रतीयमाना आर्थी है। इवादि के प्रयोग से वाच्या होगी। इवादि का अप्रयोग से आर्थी होती, वाच्य एवं प्रतीयमाना उभय में ही जाति विशिष्ट अर्थ, गुण, क्रिया, द्रव्य, ये सब उत्प्रेक्षा के विषय होंगे। समुदायको लेकर उत्प्रेक्षा अष्टविध हैं। भाव सम्भावना से, अभाव सम्भावना से उक्त अष्टविध द्विगुणित होकर षोड़श विध हैं, पुनः वह गुण स्वरूप क्रिया स्वरूप से प्रत्येक प्रकार द्विगुणित होने से द्वात्रिंशत् प्रकार उत्प्रेक्षा होती हैं।

वाच्योत्प्रेक्षा का उदाहरण—

"अभिसारे चल चेला व्रजतन्वीनां ततो रुरुचे।
अपि किं विजय पताका दधिरेऽनङ्गस्य सङ्गतिः-'पुरतः'

अभिसार के समय व्रजतरुणीगण अतिशय शोभित है, पवन के द्वारा उनके अङ्गस्थित वसनाञ्चल कम्पित होने से कनक स्तम्भ में विजयी कन्दर्प की विजय पताका शोभित हुई है। यहाँ विजय पताका

अनेक होने से जात्युत्प्रेक्षा है, जाति का कथन होने पर एक वचन प्रयोग होता है। सकल विषयक ज्ञान होने पर भी अनावश्यक विषय में मौनावलम्बन, सामर्थ्य होने पर भी क्षमा, सहिष्णुता, दान कार्य्य में अहङ्कार हीनता। इस प्रकार श्रीमान् उद्धव में क्या गुण समूह सकल गुणों से विभूषित ही थे, यहाँ विभूषितत्व ही गुण है।

"ज्ञानेऽलपभाषिता वीर्य्ये क्षान्ति दानेऽप्यमानिता।
एवं श्रीमत्युद्धवे किं गुणा गुणाविभूषिताः॥"

"पाञ्चजन्य स्वनः कृष्ण द्विड् बधूगर्भ पातनः
प्रायश्चित्तं पृच्छतीव शुद्धयै विधिसभां गतः॥"

श्रीकृष्णविद्वेषी की ललनाओं के गर्भपातन हेतु ही पाञ्चजन्य की ध्वनि सत्य लोक में उपस्थित होकर मानो प्रायश्चित्त विधि को पूछने लगी, यहाँ 'पृच्छति" यह क्रिया है।

"चकोर जयिनोः कृष्ण नेत्रयोऽपि पोषकः,
मुख विम्बः स राधायाः पूर्णश्चन्द्र इवापरः॥

चकोर को जीतने वाले श्रीकृष्ण नेत्रों का पोषक श्रीराधा का मुखविम्ब है, वह द्वितीय पूर्ण चन्द्र के समान है। यहाँ चन्द्र एक व्यक्ति होने के कारण द्रव्य है। यह तो भावाभिमान का दृष्टान्त है। अभावाभिमान का दृष्टान्त—

"राधाया स्तद्विधौ भूत्वा कष्टं तौ गण्ड मण्डलौ,
अपश्यन्ताविवान्योऽन्यं तारुण्ये पाण्डुतां गतौ॥

विरह दुःख से राधा के गण्ड मण्डल परस्पर को न देख कर तारुण्य में पाण्डुता को प्राप्त किये हैं। यहाँ 'अपश्यन्तौ' क्रिया का अभाव है। इस प्रकार अन्य दृष्टान्त प्रस्तुत करना चाहिये। निमित्त का गुण रूपत्व में दृष्टान्त—"पाञ्चजन्य" यहाँ पृच्छतीव क्रिया में निमित्त, गर्भ पातन गुण है, 'अपश्यन्तौ' इव, यहाँ पाण्डुता गमन रूप क्रिया निमित्त है, इस प्रकार अपर दृष्टान्त को जानना होगा।

प्रतीय मानोत्प्रेक्षा का उदाहरण—

"राधाया नेत्र युगलं तिर्य्यगञ्चति सर्व्वदा।

ईप्सितास्त्वदियं रुन्धे स्वमित्थं सोढ़ुमक्षमम् ॥"

राधा के नेत्र युगल सर्वदा वक्र दृष्टि सम्पन्न हैं, यही ईप्सित है, सहन करने में असमर्थ होकर स्वयं इस की रक्षा की। यहाँ सोढ़ु मक्षम मिवेति प्रतीयते ? इस प्रकार अन्य दृष्टान्त भी अनुसन्धेय है।

यद्यपि अलङ्कार समूह व्यङ्ग्य होते हैं, अतः पृथक् रूप से उत्प्रेक्षा का प्रतीयमानत्व कहना कैसे सङ्गत होगा ? तथापि 'महिला सहस्ते' में व्यङ्ग्योत्प्रेक्षा के द्वारा वाक्य समाप्ति हुई है। किन्तु "राधाया नेत्र युगलं तिर्य्यगञ्चति सर्वदा" यहाँ नेत्र युगल में विचार कर्त्तृत्व नहीं है, "सोढ़ुमक्षमः" इस प्रकार अर्थ बोध होना सम्भव नहीं है, अतः उक्त रूप उत्प्रेक्षा को मानना आवश्यक है। षोड़श प्रकार वाच्योत्प्रेक्षा के भेद में जो विशेष है, उसका वर्णन करते हैं,

"विना द्रव्यं त्रिधा सर्वाः स्वरूप फल हेतुगाः"

वाच्योत्प्रेक्षा प्रतीयमानोत्प्रेक्षा के मध्य में द्रव्योत्प्रेक्षा के विना अपर सब वाच्या उत्प्रेक्षा का भेद स्वरूप, फल, हेतु रूप से होगा। पूर्वोक्त वाच्य प्रतीयमानोत्प्रेक्षा भेद के मध्य में जो वाच्योत्प्रेक्षा के षोड़श भेद हैं, उस में जात्यादि के तीनों में जो द्वादश भेद हैं, उन में प्रत्येकके स्वरूप, फल, हेतु गत रूप से द्वादश भेद होने के कारण—षट् त्रिशद् भेद होते हैं, द्रव्य का स्वरूपोत्प्रेक्षण होना सम्भव नहीं है। अतः उक्त चतुर्विध के सहित युक्त चत्वारिंशद् (४०) भेद हैं।

यहाँ स्वरूपोत्प्रेक्षा का निदर्शन—पूर्वोक्त "अनङ्गस्य विजय पताका इव गुणा गुण विभूषिता" इत्यादि में जाति गुण स्वरूप गत है। "फलोत्प्रेक्षा' यह है—

"रावणस्यापि रामास्तो भित्वा हृदयमाशुगः
विवेश भुवमाख्यातुमुरगेभ्य इव प्रियम्"

राम का शर, रावण के हृदय को भेदन कर मानो पाताल वासियों को संवाद प्रदान हेतु भूमि में प्रविष्ट हुआ। यहाँ

'आख्यातुमिव' इससे प्रवेश फल क्रिया रूप का उत्प्रेक्षण हुआ। हेतूत्प्रेक्षा यह है—

"सवा स्थली यत्र विचिन्वता त्वां भ्रष्टं मया नूपुरमेकमूर्व्याम्"
अदृश्यत त्वच्चरणारविन्द विश्लेष दुःखादिव बद्धमौनम् "

दृश्यमान वही स्थली है, जिस स्थान में मैं तुम्हें ढूढ़ता हुआ भूतल में एक नूपुर पाया मानो वह विशेष दुःख से ही मौन धारण कर लिया है। सीता के चरण से पृथक् होने के कारण–दुःखी होकर नीरव हुआ है। इस प्रकार अन्योदाहरण भी अनुसंधेय है।

स्वरूपोत्प्रेक्षा का विभाग करते हैं— पूर्वोक्त प्रकार के मध्य में स्वरूपगा उत्प्रेक्षा, निमित्त निज निज कारण कथन से अकथन से दो प्रकार हैं। एवं पूर्वोक्त चत्वारिंशद् भेद के मध्य में स्वरूप गत जो षोड़श भेद हैं वह निमित्त का उपादान—अनुपादान से द्वात्रिंशद् भेद युक्त होते हैं। समुदाय से मिलकर षट् पञ्चाशद् भेद स्वरूप उत्प्रेक्षा के हैं। निमित्तका, 'उपादान' का उदाहरण—'पाञ्च जन्य' है। यहाँ प्रायश्चित्त प्रश्न में निमित्त गर्भ पातन पातकित्व है। अनुपादान में—'कृष्णः काम इवापरः'

यहाँ उस प्रकार सौन्दर्य्यादि अतिशय का कथन नहीं है। हेतु फल का नियम से ही निमत्त उपादान होता है। 'विश्लेष दुःखादिव' यहाँ बद्ध मौनत्व ही जिसका निमित्त है, 'आख्यातुमिव' यहाँ 'भू प्रवेश' दोनों का अप्रयोग से वाक्य असङ्गत ही होगा।

प्रतीयमान उत्प्रेक्षा के जो षोड़श भेद हैं, उस भेद का विशेष वर्णन करते हैं। प्रत्येक फल हेतु गत होकर प्रतीयमाना का भेद होता है। इसमें भी निमित्त उपादान का होना सम्भव नहीं है, इवादि का अप्रयोग से उत्प्रेक्षण का निरूपण करना सम्भव नहीं है। स्वरूप उत्प्रेक्षा भी यहाँ रही होगी। धर्मान्तर तादात्म्य निबन्धना में "अस्यामिवाद्य प्रयोगे" विशेषण के योग से अतिशयोक्ति होती है,— जिस प्रकार 'अयं राजा अपरः पाक शासन" विशेषण के अभाव से

रूपक का दृष्टान्त "यथा राजा पाक शासनः "इति द्वात्रिंशत् प्रतीयमाना उत्प्रेक्षा है।

"प्रतीयमाना भेदाश्च प्रत्येक फल हेतुगाः
उक्तयनुक्तयोः प्रस्तुतस्य प्रत्येकं ता अपि द्विधा ॥"

प्रस्तुत की उक्ति से एवं अनुक्ति से प्रत्येक दो प्रकार होते हैं। उक्ति में दृष्टान्त--'अभिसारे' अनुक्ति में लिम्पन्तीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः" है। यहाँ तमः लेपन का व्यापन रूप विषय का कथन नहीं हुआ है। अञ्जन वर्षण का तमः सम्पात है, दोनों का ही उत्प्रेक्षा निमित्त है, तमः की बहुलताः धारारूप 'अधः' संयोग भी यथा संख्य असम्भव है।

कतिपय व्यक्ति के मतमें लेपन कर्त्तृ भूत की तमोलेपन कर्त्तृत्वेन उत्प्रेक्षा हुई है। व्यापन निमित्तम्। इस प्रकार 'नभः' वर्षाक्रिया कर्त्तृत्वेन उत्प्रेक्षित हुआ। वह—उत्प्रेक्षा अलङ्कारान्तर से उत्थित होने से—अधिक वैचित्र्य पूर्ण होती है। अपह्नुति अलङ्कार मूला उत्प्रेक्षा का निदर्शन—

"अलङ्कारोत्था सा वैचित्र्यमधिकं भजेत् ॥"
"अश्रुच्छलेन रुक्मिण्या हुत पावक धूमकलुषाक्ष्याः"
अप्राप्य मानभङ्गे विगलति लावण्य वारि पूर इव ॥"

यज्ञ मण्डप में यज्ञीय वह्नि का धूम से नेत्र पङ्किल ही हो जाने पर रुक्मिणी का अश्रु के च्छल से लावण्य प्रवाह सम्मान से वञ्चित होकर गिरने लगा श्लेष हेतुक उदाहरण—

मुक्तोत्कर सङ्कट शुक्ति मध्याद्विनिर्गतः श्रीवृषभानुजायाः
जानीमहेऽस्याः कमनीयकम्बुग्रीवाधिवासाद् गुणवत्त्वमाप"

श्रीवृषभानुनन्दिनी के कम्बु विनिन्दित कण्ठ देश में अवस्थित होने के कारण मुक्तापुञ्जउत्कर्षवत्त्व है। अर्थ द्वय का योग है। "कम्बुग्रीवाधिवासात्" उत्प्रेक्षा का उपस्थापक है, जानीमहे--यह उत्प्रेक्षा वाचक है। एवं इस प्रकार "एवं मन्ये, शङ्के ध्रुवं, प्रायो-

नूनमित्येवमादय:' इत्यादि का प्रयोग से उत्प्रेक्षा होती है। कभी उपमोत्प्रेक्षा होती है—

"पारेजलं नीरनिधेरपश्यन् मुरारिरानीलपलाशराशी:
वनावलीरुत्कलिका सहस्र प्रतिक्षणोत् कूलित शैवलाभा:"

मुरारि श्रीकृष्ण ने वन श्रेणी को देखा, वह किस प्रकार ? समुद्र के तीर में गाढ़ नीलवर्ण के पत्र पुञ्च युक्त थी, और वह प्रतिक्षण में तरङ्ग चालित शैवाल के समान दिखाई देती थी। यहाँ आभा शब्द उपमा वाचक होने से उपक्रम में उपमा है, पर्य्यवसान में जलनिधि के तीर में शैवाल की सम्भावना नहीं है। सम्भावना का उत्थान हेतु उत्प्रेक्षा हुई है,इस प्रकार विरह वर्णन में केयूरायित सङ्गदे: विकासिनी नीलोत्पलानि स्म कर्णे श्रीराधिकाया: कुटिल कटाक्ष:" में जानना होगा।

भ्रान्तिमद् अलङ्कार में—"महलक्ष्म्या स्तव जन्मेत्यादि में भ्रान्तदेवताओं का चन्द्र प्रभाविषयक ज्ञान ही नहीं है, कवि ने ही उसका उट्टङ्कन किया है। उत्प्रेक्षा में--विषयी उपमान को एवं उपमेयको भी सम्भावना है। जहाँ वाक्य से ही प्राणी का भ्रम होता है, वहाँ सत्य भ्रम है, और जहाँ सम्भावना होती है--वहाँ उत्प्रेक्षा होती है। सन्देह में समकक्षरूप से उभय कोटि को प्रतीति होती है, उत्प्रेक्षा में सम्भव रूप से ज्ञात एक कोटि का निश्चय रूप ज्ञान होता है। अतिशयोक्ति में विषयी उपमान का अन्वय बोध के समय सत्य रूप से ज्ञान होता है। पर्य्यवसान में सम्पूर्ण अन्वय बोध के अनन्तर असत्य प्रतीति होती है, उत्प्रेक्षा में प्रतीति समकाल में ही विषयी की असत्यता की प्रतीति होती है।

"रञ्जिता नु विविधा स्तरुशैला नामितं नु गगनं स्थगितं नु।
पूरिता नु विषयेषु धरित्री संहृता नु ककुभ स्तिमिरेण॥"

अन्धकार से विविध तरुशैल रञ्जित हो गये हैं ? गगनाकाश क्या पृथिवी पर उतर आया है ? धरित्री क्या अपनी उच्चनीचता

को भर दी है ? अथवा दिग्मण्डल सङ्कुचित हो गये हैं।

यहाँ तरु प्रभृति में तिमिराक्रान्तता रञ्जनादि रूप में सन्देह करते हैं, अत: यह सन्देहालङ्कार है, यह किसी का मत है, सो ठीक नहीं है। एक विषय में समान बल से अनेक कोटि का स्फुरण होना ही सन्देह है, यहाँ तरु आदि व्याप्ति से सम्बन्धि भेद है। व्यापनादि का कथन न होने से रञ्जनादि का प्रकाश है। अपर का मत है—अनिर्धारण रूप वैचित्री का आश्रय से एक कोटि का आधिक्य से यह सन्देह प्रकार है। यह भी युक्ति सङ्गत नहीं है। निगीर्ण स्वरूप की अन्य तादात्म्य प्रतीति सम्भावना है, उसकी सम्भावना ही सुस्पष्ट रूप से है, "नु" शब्द से चैव शब्द के तुल्य प्रकाश होने पर उत्प्रेक्षा ही होनी चाहिये, अत: अदृष्ट सन्देह प्रकार की कल्पना से बिरत होना ही ठीक है।

"हरे यच्चन्द्रान्तर्जलदलवलीलां वितनुते
तदाचष्टे लोक: शशक इति नो मां प्रतितथा।
अहं त्विन्दुं मन्ये त्वदरिविरहाक्रान्त तरुणी--
कटाक्षोल्कापातव्रणकिणकलङ्काङ्कित तनुम्॥"

हे हरे! लोक चन्द्र के अन्तर्वर्त्ती मेघचिह्न को देखकर 'शशक' है, यह मान-लेते हैं, मैं तो चन्द्र को यह मानता हूँ,—तुम्हारे शत्रु के विरह से उस की तरुणीयों की कटाक्षोल्कापातव्रण में जो मांस का कड़ा पड़ा है, उस से ही चन्द्र कलङ्क युक्त हो गये हैं।

यहाँ "मन्ये" शब्द प्रयोग से उक्त रूप सम्भावना की अप्रतीति है, वितर्क मात्र है। वितर्काख्य व्यभिचारि भाव है, यह अपह्नवोत्प्रेक्षा नहीं है।

अथोत्प्रेक्षा भेदसङ्कलनम्।

प्रथमं वाच्यं प्रतीयमाना द्वौ भेदौ तत्र भावाभिमाने एक:, अभावाभिमाने चैक इति द्वौ, तयोश्च प्रत्येकमेव

जाते:--गुणनिमित्तकत्वात् क्रियानिमित्तकत्वाच्च

स्वरूप गताः ३२। द्वैविध्येन चत्वारः--- ४

गुणस्योक्तरूपेण -- ४

क्रियायाः--- ४

द्रव्यस्य ४

१६

वाच्याः ११२

तेषाञ्च षोड़शानां निमित्तस्य उपादानेन अनुपादानेन च

द्वैविध्यात् द्वात्रिंशत् प्रकाराः--- ३२

जातेः --भावाभिमानादिनोक्त क्रमेण-- ४

फलगता.---१२। गुणस्य.. ४

क्रियायाः.. ४

१२

जातेः भावाभिमानादिनोक्त क्रमेण- ४

हेतुगताः— १२ गुणस्य ४

५६--क्रियायाः ४

फल गताः १६ द्रव्यस्य -- १६

(प्रतीयमानायां स्वरूपोत्प्रेक्षा नास्ति)

जातेः-- भावाभिमानादिनोक्त क्रमेण--- ४

प्रतीयमानाः ६४ हेतुगताः गुणस्य ,,— ४

१६

३२

क्रियायाः ,, ४

द्रव्यस्य ,, ४

१६

तेषाञ्च द्वात्रिंशद्भेदानां प्रत्येकमेव

पूर्ववत् प्रस्तुतस्य उक्त्या अनुक्त्या च

पुनर्द्वैविध्येन चतुःषष्टि भेदाः

सम्पद्यते— ६४

साकल्येन -- १७६

भावेनाध्यवसितायाः स्त्रिवलीशालितायाः सामर्थ्यादित मध्यकर्तृकायाः स्तनविधृतेस्तत्फलत्वेन सम्भावना फलोत्प्रेक्षा ॥१७॥

द्योत्यार्थद्योतनं मुद्रा शब्दैः प्रकृतवाचिभिः ।

यथा—पुष्पमार्गणमनोरथोद्धतेत्यादि । अत्र नायिका-वर्णनपरेण रथोद्धता-शब्देन रथोद्धताख्यस्य सूच्यस्य छन्दसः सूचनं मुद्रा ॥ एवमन्यत्र च बोध्यं ॥१८॥

विचित्रं तद्विरुद्धं चेत् कुर्यादिष्टफलाप्तये ॥

मुद्रा अलङ्कार—प्रकाशन योग अर्थ को प्राकरणिक शब्द के द्वारा प्रकाश करने से मुद्रा अलङ्कार होता है । उदाहरण—पुष्पमार्गण मनोरथोद्धता इत्यादि" यहाँ नायिका वर्णन पर रथोद्धता शब्दके द्वारा रथोद्धता छन्द सूचित होने से यह मुद्रा अलङ्कार हुआ। इस प्रकार अपर उदाहरण अनुसन्धान करना चाहिये । विचित्र अलङ्कार— "विचित्रं तद्विरुद्धं चेत् कुर्यादिष्ट फलाप्तये"

अभिलषित फल प्राप्ति हेतु इष्ट विपरीत को हेतु मानने से यह अलङ्कार होता है । अर्थात्

"विचित्रं यद् विरुद्धस्य कृतिरिष्ट फलाप्तये"

विरोध घटित यह विचित्र अलङ्कार है, चेद्--यदि-विरुद्ध-इष्ट विरुद्ध--, इष्ट विपरीत को कृति,—कारण, इष्ट फल प्राप्ति हेतु अर्थात अभिलषित फल सिद्धि हेतु हो तो विचित्र अलङ्कार होता है ।

विरोधाभास एवं विरोध अलङ्कार में विरोध स्वतः सम्भवी है, यहाँ विरुद्धार्थ ही विरुद्ध का कारण है । विपरीत फल प्राप्ति हेतु विपरीत कारण, स्वीकार हेतु इसको संज्ञा विपरीत है । विचित्र शब्द का अर्थ है—आश्चर्य निदर्शन—

यथा—नमत्युन्नतये प्राणान् मुञ्चत्याजीवनाप्तये ।

दुःखीयति च सौख्याय को मदः सेवकात्परः ।१८।

समाधिः सुकर कार्य्यं यदि हेत्वन्तराद्भवेत् ।

"भोगेप्सव सकल काममर्थ लुब्धाः
सर्वार्थदं सुखतुष्टश्च सुख स्वरूपं ।
लोकाधिपत्य लसिता जनरीश्वर त
कृष्णं द्विषन्ति दनुजाः कुधियो वर्तते ।।'

जगदीश्वर कृष्ण—सर्वार्थद सकल कामद सुख स्वरूप हैं। किन्तु आश्चर्य्य यह है कि—सुखाभिलाषी भोगेच्छु अर्थ लोलुप्त लोकाधिपत्य कामी व्यक्ति गण बुद्धि हीन होते हैं, कारण,--वे सब कृष्ण के प्रति विद्वेष करते हैं।

ग्रन्थ कारोक्त दृष्टान्त—"नमत्युन्नतये प्राणान् मुञ्चत्याजीवनाप्तये ।
दुःखीयति च सौख्याय कोमदः सेवकात् परः"

उन्नति हेतु नत होता है,जीविका हेतु प्राण समर्पण भी करता है, सुख हेतु दुःखाचरण करता है, अतः सेवकता से अपर मत्तता क्या हो सकती है ? समाधि अलङ्कार-—

"समाधिः सुकरं कार्य्यं यदि हेत्वन्तराद्भवेत् ।।

यदि भिन्न हेतु से कार्य्य सुलभ होता है, तो उसे समाधि अलङ्कार कहते हैं। अर्थात् "समाधिः" सुकरे कार्य्ये दैवाद्धेत्वन्तरा गमात्"

प्रारब्ध कारण से दुष्कर कार्य्य निष्पन्न न होने से यदि ईश्वरेच्छा से प्राप्त कारण से वह होता है तो उसे समाधि अलङ्कार कहते हैं। अतएव काव्य लिङ्ग से यह भिन्न है। दैव प्राप्त कारण से कार्य्य समाधान से समाधि संज्ञा होती है।

उदाहरण—"राधिकाया मान शान्त्यै पादयोर्मे पतिष्यतः ।
उपकाराय दिष्टेयदमुदीर्ण घन गर्जितम् ।।"

यथा–प्रणम्य पादौ वृषभानुजायाः,

प्रसादनं कुर्वति पङ्कजाक्षे ।

तथाम्बुदः प्रांशु जगर्ज वक्ष

स्तटीं यथासौ सहसास्य भेजे ॥२०॥

समं स्यादाभिरूप्येण श्लाघा चेद्योग्यवस्तुनः ।

यथा–विसर्गव्यग्रचित्तोऽपि विधि र्युक्तविधानकः ।

पिचुमर्द्दफले काकः सहकारे कृतः पिकः ॥२१॥

मान शान्ति हेतु राधिका के चरणों में निपतित व्यक्ति के पक्ष में भाग्य से घन गर्जन ही मान प्रशमन का कारण बनाया ।

ग्रन्थ कार कृत निदर्शन—"प्रणम्य पादौ वृषभानुजाया.

प्रसादनं कुर्वति पङ्कजाक्षे ।

तथाम्बुदः प्रांशु जगर्ज वक्ष

स्तटीं यथासौ सहसास्य भेजे

कमल नयन श्रीकृष्ण, मान प्रशमन हेतु राधिका के चरण पङ्कज में प्रणाम कर रहे थे, इस समय अकस्मात् अम्बुद गर्ज्जन से भीत होकर वृषभानुनन्दिनी सहसा वक्षः स्थल में आ गई । 'सम' अलङ्कार—"समं स्यादाभिरूप्येण श्लाघा चेद्‌योग्यवस्तुनः"

योग्य वस्तु की प्रशंसा यदि सुन्दर रूपसे की जाती है तो 'सम' अलङ्कार होता है । दृष्टान्त—

विसर्गव्यग्रचित्तोऽपि विधिर्युक्त विधानकः ।

पिचुमर्द्द फले काकः सहकारे कृतः पिकः ॥"

सुनिपुण विधिवेत्ता विधिने, सृष्टि कार्य्य में व्यग्र चित्त होकर भी निम्बफल में काक को एवं रसाल में पिक को रत किया । अथवा

'समं' स्यादानुरूप्येण श्लघास्याद् योग्यस्यवस्तुनः ॥

जिस प्रकार विरुद्ध पदार्थ द्वय का सङ्घटन से विषमालङ्कार

सारः स्यात्प्रान्तविश्रान्तो यद्युत्कर्षो यथोत्तरम् ।

यथा—राज्यं सारं वसुधायां राज्ये पुरं पुरे सौधं ।

सौधे तल्पं तल्पे वराङ्गनाऽनङ्ग सर्वस्वम् ॥२२॥

होता है, उस प्रकार अनुरूप पदार्थ द्वयका संघटन से समालङ्कार होता है—आनुरूप्य से अर्थात् परस्पर सदृश रूप से योग्य वस्तु के अनुरूप पदार्थ के सहित श्लाघा—अर्थात् साधुवाद से सम नामक अलङ्कार होता है। अतएव समाना मा मानं ज्ञानं यस्मिन् तत् सममिति व्युत्पत्तिः। अयं सम शब्दोऽपि पूर्ववद् वाच्य लिङ्ग"

निदर्शन— "कृष्णो वरीयान् पुरुषेषु सद्गुणैः
श्रीराधिका स्त्रीषु गुणै र्वरीयसी।
सङ्ग विधातुस्त्वनयोः परस्परं
धातुर्नरीनर्त्ति गुणज्ञता यशः॥"

पुरुषों के मध्य में सद् गुणों से कृष्ण ही श्रेष्ठतम हैं, श्रीराधा भी सकल स्त्रीयों में अत्यधिक गुणवती हैं। उभय का सङ्ग विधान हेतु विधि की गुण ज्ञता यश वृद्धि हुई है।

सार अलङ्कार—"सारः स्यात् प्रान्त विश्रान्तो यद्युत्कर्षोयथोत्तरम्। यदि उत्तरोत्तर पदार्थों का उत्कर्ष चरम रूपसे प्रति पादित हो तो सार अलङ्कार होता है। दृष्टान्त—

राज्यं सारं वसुधायां राज्ये पुरं पुरे सौधम्।
सौधे तल्पं तल्पे वराङ्गनाऽनङ्ग सर्वस्वम्॥"

वसुधा में राज्यसार है, राज्य में पुरसार है, पुर में सौधसार है, सौध में तल्पसार है,तल्प में अनङ्ग सर्वस्व वराङ्गना सार है। अथवा— "उत्तरोत्तरमुत्कर्षो वस्तुनः सार उच्यते" विशेष पदार्थो का उत्तमत्व स्थापन से सार अलङ्कार होता है। सार शब्द का अर्थ श्रेष्ठ है। मालादीपक में जिस किसी का गुणरूप अथवा क्रियारूप धर्म का उत्तरोत्तर सम्बन्ध है। इस में केवल उत्कर्ष, रूप गुण का ही है।

श्लेष स्त्वेकार्थकैः शब्दै र्यद्यनेकार्थवाचनम् ॥

यथा—प्रवर्त्तयन् क्रियाः साध्वी र्मालिन्यं हरितां हरन्।

भूयसा महसा दीप्तो विराजति दिवाकरः॥

अत्र रवि र्नृपविशेषश्च वाच्योऽभिधाया अनियमात्

अतः यह विशेष रूप है, और सामान्य का बाधक है। निदर्शन—

"गी र्भू लीला युवतिषु वरैः सद् गुणैः सारभूता
स्ताभ्यः सा श्री स्तत इह महाप्रेम गोपाङ्गनास्ताः
ताभ्यश्चन्द्रावलिमुखलसद् यूथनाथा अमूभ्यः।
श्रीराधाऽस्याः वत हि नितरां सोऽपि कृष्णः सतृष्णः॥"

वाणी, भ्रू, लीला, युवतियों में सद्गुणों के द्वारा सारभूत हैं, उन सबों से लक्ष्मी श्रेष्ठा है, उनसे गोपाङ्गना श्रेष्ठा है। उन गोपाङ्गनाओं में चन्द्रावली श्रेष्ठा है। उनसे श्रीराधा श्रेष्ठा है, उनमें श्रीकृष्ण सतृष्ण हैं। इस में उत्तरोत्तर विशेष्यों का उत्कर्ष प्रतिपादित हुआ है। श्लेष अलङ्कार—

"श्लेष स्त्वेकार्थकैः शब्दै र्यद्यनेकार्थ वाचनम्।

एकार्थक शब्द के द्वारा यदि अनेकार्थ का बोध हो तो वह श्लेष अलङ्कार होता है।

दृष्टान्त—प्रवर्त्तयन् क्रियाः साध्वी र्मालिन्यं हरितां हरन्।
भूयसा महसा दीप्तो विराजति दिवाकरः॥

दिवाकर सूर्य्य पक्ष में नृपति—दिक्मण्डलों का मालिन्य विदूरित कर एवं समस्त प्राणियों में समस्त क्रिया प्रवर्त्तन कर अतिशय तेजोदीप्त विराजित है।

यहाँ रवि एवं नृपति विशेष—दिवाकर शब्दार्थ सुस्पष्ट है, किन्तु अभिधा के द्वारा सूर्य्य का बोध होने के कारण मुख्या वृत्ति से सूर्य्य एवं लक्षणा वृत्ति से नृपति का बोध होने से यह श्लेष अलङ्कार हुआ। अथवा—

तत्रे कोऽभिधया परस्तु तत्तुल्यया रूढ़ि-लक्षणया बोध्याः ॥

"श्लिष्टैः पदैरनेकार्थाभिधाने श्लेष उच्यते ।
वर्ण प्रत्यय लिङ्गानां प्रकृत्योः पदयोरपि ।
श्लेषाद्विभक्तिः वचन भाषाणामष्टधा च सः ॥"

अनेकार्थ युक्त शब्दों के प्रयोग से जब एक बार उच्चारण से ही अनेकार्थ का बोध होता है, तो उसे श्लेष अलङ्कार कहते हैं, यह श्लेष अष्ट विध होते हैं। वर्ण, श्लेष, प्रत्यय श्लेष, लिङ्ग श्लेष, प्रकृति श्लेष, पद श्लेष, विभक्ति श्लेष, वचन श्लेष, एवं भाषा श्लेष।

क्रमशः उदाहरण–"अनुकूले विधौ त्वया सद्य एव प्रपद्यताम् ।
प्रतिकूले विधावुद्यत् याति सा ते विनङ्क्ष्यति ॥

श्रीराधा के प्रति सखी की उक्ति---विधि अनुकूल होने पर अभिसार मङ्गलमय होगा, विधि प्रतिकूल होने पर वह गमन निष्फल होगा। यहाँ विधौ--विधु--वि ध- उ--इ कार का एक रूप होने से श्लेष हुआ है। पूर्वार्द्ध में विधि शब्द से दैव का बोध होता है, उत्तरार्द्ध के विधु शब्द से चन्द्र का बोध होता है।

'किरणा हरिणाङ्कस्य दक्षिणस्य समीरणः ।
रामाणां श्लिष्ट कृष्णानां सर्व एव सुधाकिरः ॥

चन्द्र किरण---मलय समीरण--श्रीकृष्णालिङ्गित ललना के पक्ष में अमृत हैं। श्लिष्ट--कृष्णो याभिस्तासां, सुधाकिर इत्यत्र किरण-विशेषणत्वात् बहुत्वम्, समीरण विशेषणत्वात् एकत्वम्।

यहाँ सुधाकिर--क्विप् क प्रत्यय का श्लेष है, सुधां किरन्तीति 'सुधाकिर' 'कृविक्षेपे' इति कृधातोः क्विप् प्रत्ययान्तात प्रथमाया बहु वचनम्, किं वा बहु वचन--एक वचन का रूप 'सुधाकिर' एक प्रकार होने से वचन श्लेष भी हुआ।

लिङ्ग श्लेष का उदाहरण---

"विसन्नेत्र नीलाब्जे तथा तस्याः स्तनद्वयी ।
हारिणी गोपिका कान्त तुभ्यं दत्तां सदा मुदम् ॥"

हे गोपिका कान्त ! विकसित नेत्र नीलाब्ज, एवं वक्षोजद्वय-हारसे शोभित होकर तुम्हें सदा आनन्दित कर रहे हैं। हारिणीत्यस्य अब्ज विशेषणत्वे नपुंसकत्वं, द्वयीत्यस्य विशेषण स्त्री लिङ्गत्वम्। वचन श्लेषस्तु 'दत्तां हारिणो" इत्युभयत्र ॥

प्रकृति श्लेष का उदाहरण----

"अयं शस्त्राणि भुजाया शास्त्राणि तु रसज्ञया।
ननन्द स्तव हे नन्द ! वक्ष्यति स्म कपालक ॥

हे नन्द ! तुम्हारे पुत्र, भुजद्वय के द्वारा शस्त्र का प्रकाश एवं रसना के द्वारा शास्त्रका प्रकाश करते हैं। 'कपालकः--स्वानु भक्तान्' यहाँ 'वह' धातु-एवं 'वच' धातुसे वक्ष्यति पद निष्पन्न अपर निदर्शन "हरिदिक् पराङ्मुखतयाचलतः पतनं भवेदखिलमत्यलम्। स्खलनं सदा जलनिधौ सवितुः स्थिति कृत्नपादशशत्यपि सा।

हरि विमुख होने से सब ओर से पतन होता है। सूर्य्य जल राशि में प्रविष्ट होने से दशशत किरण सूर्य्य को पतनसे उद्धार करने में असमर्थ होते हैं। यहाँ, हरि पाद शब्द के द्वारा श्लेष है, श्लेषेण हरेरिन्द्रस्य, पादः किरण वाचो च।

"रसयन् माधव रस कृष्ण कर्मा सुरादृतः।
भक्त सर्वजनः कर्ण भवान् परम वैष्णवः ॥"

सुरादृत कृष्ण कर्मा व्यक्ति—माधव की सेवा में रत होकर भक्त एवं परम वैष्णव होता है। यहाँ पद भङ्गि प्रकृति समास के वैलक्षण्य से पद श्लेष है, किन्तु प्रकृति श्लेष नहीं है, माधवोवसन्तः, श्लेषेण--मधुदैत्यस्य अपत्यं—माधवः, कृष्णकर्मा--श्लेषेण मलिन कर्मा। सुराः-देवाः, श्लेषेण-मदिराः। परम वैष्णवः—श्लेषेण--परं अवैष्णवः।

खगेन हरि चक्रेण व्याकुली भावमीयुषाम्।
दैत्य—शैवल जातीनां ददृशे तति राहवे ।।'

समराङ्गण में गरुड़ एवं चक्र के आक्रमण से दैत्यगण व्याकुल

हो गये थे। खगेन हरिचक्रेण—आकाशगामिना चक्रेण-श्लेषेण चक्रवाकाख्य पक्षिणा, आहवे युद्धे,। यहाँ पर चक्रेण—शब्द श्लिष्ट होने पर भी एक विभक्ति होने से प्रकृति श्लेष हुआ है। अन्यथा, सर्वत्र पद श्लेष प्रसङ्ग ही होगा।

विभक्ति श्लेष का उदाहरण—

"हर सर्वस्य दुःखानि भव सर्वस्य सौख्यदः।
यतस्त्वं शिवतां यातः स्वर्धुनी जलसेवया॥"

सबका दुःख हरण करो, और सुखद हो, कारण, गङ्गा जलके सम्पर्क से तुम तो शिव हो गए हो। यह भङ्ग-अभङ्ग, श्लेष है। श्लेष से शिवकी स्तुति भी होगी, यहाँ हर—पक्षमें शिवका सम्बोधन है, पक्षान्तर में 'हृ' धातु का (तिङ् विभक्ति का) रूप है। इस प्रकार 'भव' शब्द का भी दो स्वरूप हैं, यह भेद प्रकृति प्रत्यय श्लेष में पर्य्यवसित होने से भी सुबन्त तिङन्त होकर अतिशय चमत्कार होता है, अतः पृथगुक्ति हुई है।

पद श्लेष का--उदाहरण—

"न उप उमरा अध्यमुहं र अलङ्कामेइ गोइ मे हि अअं।
किन्तु सवाहीस्वरं वञ्च इहारन्तरे काडु" यहाँ संकृत प्राकृत भाषा में श्लेष है।

यह श्लेष--सभङ्ग-अभङ्ग-एवं सभङ्ग, अभङ्ग-उभयात्मक-त्रिविध हैं। शब्द विश्लेषण निष्पन्न को सभङ्ग कहते हैं, शब्द सारूप्य से अनेकार्थ का प्रकाशक होने पर अभङ्ग होता है, सभङ्ग--अभङ्ग--उभय रूप को उभयात्मक कहते हैं। वाक्य के किसी अंश में सभङ्ग, एवं किसी अंश में अभङ्ग होता है, पद श्लेष विभक्ति श्लेष, भाषाश्लेष रूपसे ये त्रिविध होते हैं। वर्ण श्लेषादि पञ्च, केवल अभङ्ग रूप में होते हैं। अतः वर्ण श्लेषादि पञ्च पद श्लेष, तीन सभङ्गादि रूप, विभक्ति श्लेष तीन, भाषाश्लेष तीन, साकल्य में चतुर्दश प्रकार श्लेष हैं।

सभङ्गादि भेदत्रय का उदाहरण—

"येन ध्वस्त मनोभवेन बलिजित् कायः पुरास्त्रीकृतो
योऽप्युद्वृत्त भुजङ्ग हार वलयो गङ्गां च योऽधारयत् ॥
यस्याहुः शशिमच्छिरो हर इति स्तुत्यं च नामामराः
पायात् स स्वयमन्धक क्षयकर स्त्वां सर्वदोमाधवः ॥"

'हरिहर' उभयात्मक यह आशीर्वाद श्लोक है। इस में सभङ्गादि भेदत्रय का उदाहरण है, चरण प्रहार से जिन्होंने शकटासुर को बिनष्ट किया, जिन्होंने वामन रूपसे बलिको जीता, अमृत परिवेशन अवसर में जिन्होंने मोहिनीरूप धारण किया। अघासुर को जिन्होंने मारा एवं गोवर्द्धन पर्वत धारण किया। कृष्ण रूप से, कूर्म्म रूपसे पृथिवी की रक्षा की, राहु का शिरच्छेदन किया, एवं कूटनीति से प्रभास तीर्थ में यदुवंशीयों को समाप्त किया। सर्वाभीष्ट लक्ष्मीपति माधव नारायण---आप सब की रक्षा करें।

शिवपक्ष में जिन्होंने--काम देवको ध्वंस किया त्रिपुरासुर विनाश के समय बलिविजयी नारायण के अङ्ग को भी अस्त्र का विषय बनाया। जो सर्प के हार, एवं वलय धारण करते हैं, मस्तक में गङ्गा को धारण करते हैं। अमर गण शशिशेखर नाम से जिन को स्तुति करते हैं। अन्धक नामक असुर विनाश कारी उमाधव॰ पार्वती पति महादेव तुम सब की रक्षा करें।

माधव पक्षमें---सर्वदाता माधव, तुम सब की रक्षा करें। हस्त शब्द से सौन्दर्य्य का प्रकाश हुआ है। मोहिनी रूप को स्त्री वेश कहते हैं। कालिय दमन के समय भुजङ्ग वेष्टित हुये थे। सबसे॰ बंशी ध्वनि से सब को द्रवित करते हैं। अधारयत् शब्द से अवास्थापयत् जानना होगा। राहु का शिरच्छेदन कारी, अन्धक बंश में निवास कारी,- उमाधव के पक्ष में त्रिपुरनाशन समय में बलिजित् विष्णु शरीर को लक्ष्य करके अस्त्र निक्षेप किया, जिनके शिर में चन्द्रमा विराजित है। हर, यह स्तवनीय नाम है; और सब

नष्टेऽपि हेतौ तत्कार्य्यं यदि हेत्वंतराद्भवेत् ॥
पुनः स्वगुणलब्धिर्वा पूर्वरूपं तदा द्विधा ।
क्रमेणोदा-ज्योत्स्न्यां विहरतो रात्र्यां युनोरस्तमगाद्विधुः ॥
अभूज्ज्योत्स्नो तथैवासौ तयो र्वदनकान्तिभिः ॥
तव करकमलस्थां स्फाटिकीमक्षमालां
नखकिरण--विभिन्नां दाड़िमी--वीजबुद्धया ।
अनुकलमनुकर्षन्येन कीरैर्निबद्धः
स भवतु मम भूत्यै वाणि ते मन्दहासः ॥२४॥

सुगम है। यहाँ--'येन' इत्यादि में सभङ्ग श्लेष है। 'अन्धक' इत्यादि में अभङ्ग श्लेष है। दोनों का अवस्थान एकत्र सम्भव होने से सभङ्ग अभङ्गात्मक हुआ है। शब्दालङ्कार में यह श्लेषालङ्कार अन्यत्र सन्निविष्ट है।

पूर्वरूप अलङ्कार---

"नष्टेऽपि हेतौतत् कार्य्यं यदि हेत्वन्तराद्भवेत् ।
पुनः स्वगुणलब्धिर्वा पूर्व रूपं तदा द्विधा ॥"

हेतु विनष्ट होने पर भी यदि उसका कार्य्य भिन्न हेतु से होता है तो "पूर्वरूप' अलङ्कार होगा। इस में दो प्रकार हैं।

क्रमेणोदाहरणम्--"ज्योत्स्न्यां विहरतो रात्र्यां युनोरस्तमगाद्विधुः ।
अभूज्ज्योत्स्नो तथैवासौ तयो र्वदनकान्तिभिः ॥

ज्योत्स्ना विस्तार पूर्वक निशानाथ निशा में यथेच्छ विहरण-कर अस्तङ्गत होने पर युवक युवती की वदन कान्ति के द्वारा रजनी पुनर्वार ज्योत्स्ना मण्डित चन्द्र के द्वारा रजनी शोभिता हुई थीं।

तव करकमलस्थां स्फाटिकीमक्षमालाम्
नखकिरण विभिन्नां दाड़िमी वीज बुद्धया ।

उत्तरं तूत्तरं श्रुत्वा प्रश्न श्चेत्परिकल्प्यते ।

बहूनि वा विचित्राणि प्रश्नप्रतिवचांसि तत् ॥

क्रमेणोदा – मदुरसि सौरभलोभात्पतितान्मृगनाभिभाविते मधुपान् ।

निवारयन्त्या विदितं न मया नखरक्षतं तदाभ्युदितं ॥

अत्र त्वद्वक्षसि कस्मादमूनि क्षतानीति प्रश्नो गम्यते ।

किं गेयं भगवन्नाम किं पेयं तत्कथामृतम् ।

किं हेयं गुरुवैमुख्यं किं ध्येयं तत्पदाम्बुजम् ॥

अनुकूलमनुकर्षन् येन कोरैर्निबद्धः
स भवतु मम भूत्यै वाणि ते मन्दहासः ॥"

हे वाणि ! तुम्हारे कर कमल में स्थित स्फटिक माला, नखर कान्ति के द्वारा श्वेतारुण वर्ण मण्डित होने पर दाड़िम बीज बुद्धि से कीर उस में आकृष्ट हुआ। वह तुम्हारे स्मित हास्य मेरा अभ्युदय के हेतु हो।

उत्तर अलङ्कार—"उत्तरन्तूत्तरं श्रुत्वा प्रश्नश्चे त् परिकल्प्यते ।
बहूनि विचित्राणि प्रश्न प्रतिवचांसि तत् ॥

उत्तर अलङ्कार है, जिस में अनेक विचित्र प्रश्नोत्तर होते रहते हैं। एवं उत्तर को सुनकर प्रश्न की कल्पना होती है।

निदर्शन-"मदुरसि सौरभ लोभात् पतितान् मृगनाभि भाविते मधुपान्
निवारयन्त्या विदितं न मया नखरक्षतं तदाभ्युदितम् ॥"

मृगनाभि कस्तुरी परिवासित मदीय वक्षः स्थल में निपतित मधुपवृन्द को निवारण करते करते वक्षः स्थल में नखरक्षत हुआ है।

यहाँ कैसे तुम्हारे वक्षः स्थल में क्षत हुआ है ? यह प्रश्न ध्वनित होता है।

न चेयं सप्रश्नपरिसंख्या । अन्यव्यपोहे तात्पर्याभावात् ।२५।

पृष्टं किञ्चिदपृष्टं वा यद्युक्तं परिकल्पते ।
तत्समान्यनिरासाय परिसंख्या तदा भवेत् ॥

किञ्चिद्वस्तु पृष्टमपृष्टं वा गदितं सद्यदि तत्तुल्यान्यव्यावृत्तये कल्पते, तदा परिसंख्या । तत्रोभयत्र व्यावर्त्यं व्यङ्ग्यं वाच्यं चेति चतुर्धासौ ॥

तत्र पृष्टे यथा—कः खलु चिन्तनविषयो रघुपतिरिह के पुनः पूज्याः ।

अन्य उदाहरण--"किं गेयं भगवन्नाम, किं पेयं तत्कथामृतम् ।
किं हेयं गुरुवैमुख्यं किं ध्येयं तत्पदाम्बुजम् ॥

कीर्त्तनीय क्या है ? भगवन्नाम ही कीर्त्तनीय है । पेय क्या है ? भगवत् कथामृत ही पेय है । परित्याज्य क्या है ? श्रीगुरुविमुखता ही परित्याज्य है । ध्येय क्या है ? श्रीभगवच्चरण नलिनयुगल ही ध्येय है ।

यह अलङ्कार सप्रश्न परिसंख्या में अन्तर्भूत नहीं है, कारण-इस में अन्य निषेध में तात्पर्य्य नहीं है ।

परिसंख्या अलङ्कार—

"पृष्टं किञ्चिदपृष्टं वा यद्युक्तं परिकल्पते ।
तत् समान्य निरासाय परिसंख्या तदा भवेत् ॥"

सप्रश्न अथवा अप्रश्न से—यदि कथन कल्पित होता है, एवं उसके समान अपर का निरास हेतु वह होता है तो परिसंख्या अलङ्कार होगा ।

अर्थात् किञ्चिद् वस्तु प्रश्न के द्वारा अथवा प्रश्न के विना ही कथित होती है, एवं वह उसके सदृश वस्तु निरास हेतु होता है । यह अलङ्कार--उभयत्र व्यावर्त्य-'व्यङ्ग्य वाच्य' भेद से चतुर्विध है ।

तत्सेवका न चान्ये तत्पदपङ्कज--वहिर्भूताः ॥

अपृष्टं यथा—ध्येयो बुद्धिमता कृष्णो भगवान्जगदीश्वरः ।
सेव्या वेदविदो विप्रा नत्वन्ये हेतुवादिनः ।२६।

पृष्ट का दृष्टान्त–"कः खलु चिन्तन विषयो रघुपतिरिह के पुनः पूज्याः
तत् सेवका न चान्ये तत्पदपङ्कज वहिर्भूताः ॥"

चिन्तनीय कौन है ? रघुपति चिन्तन योग्य हैं । पूज्य कौन हैं ? उनके सेवक गण ही पूज्य हैं, किन्तु जो उनके चरण पङ्कज में दास्य लोलुप नहीं हैं, वे पूज्य नहीं हैं ।

अदृष्ट का उदाहरण--"ध्येयो बुद्धिमता कृष्णो भगवान्जगदीश्वरः।
सेव्या वेदविदो विप्रा नत्वन्ये हेतुवादिनः ॥२६॥

बुद्धि मान् मनुज वृन्दके पक्षमें भगवान् जगदीश्वर श्रीकृष्ण ही ध्येय है । एवं सेव्य,—वेदविद् विप्रवृन्द हैं, किन्तु अपर हेतु वादी विप्रगण पूज्य नहीं हैं ।

अथवा ।   "प्रश्नादप्रश्नतो वापि कथिताद्वस्तुनो भवेत् ।
तादृगन्य व्यपोह श्चेच्छाब्द आर्थोऽथवा तदा "परिसङ्ख्या' ॥

सम्प्रति एक उक्तिसे अन्य प्रतीति पर 'परिसंख्या' अलङ्कार का वर्णन करते हैं—प्रश्न से अथवा अप्रश्न से वैचित्री पूर्ण पदार्थ का वर्णन होने से परिसंख्या अलङ्कार होता है, इस में शब्द से अर्थ से वस्तु की प्रतीति होती है । कथित सदृश वस्तु का व्यापोह--प्रतिषेध होता है । प्रश्न पूर्वक कथन एवं अप्रश्न पूर्वक कथन से-यह दो प्रकार हैं । प्रत्येक—शब्द एवं अर्थ--भेद से दो प्रकार हैं, समष्टि से यह अलङ्कार चतुर्विध होते हैं ।

निदर्शन—"का कृष्णस्य प्रणय जनिभूः राधिकैका न चान्या
कास्य प्रेयस्यनुपमगुणा राधिकैका परा न ।
का चक्रे तं स्व वश मनिशं राधिका नेतरा तद्
वाञ्छापूर्त्यै प्रभवति हि का राधिका नापरेह ॥"

कृष्ण की प्रणय पात्री कौन है ? राधिका ही है, अन्य नहीं कृष्ण की अनुपम गुणा प्रेयसी कौन है ? श्रीराधिका ही है। अपर नहीं, कृष्ण को निज वशमें निरन्तर कौन रखती है ? राधिका। अन्या नहीं, श्रीकृष्ण की वाञ्छा पूर्त्ति करने में कौन समर्था है— राधिका, अपरा नहीं। यहाँ निषेध पर नान्यादि– शब्दोपात्त हैं।

"किं गेयं कृष्ण चरितं क्व स्थेयं कृष्ण कानने,
किं ध्येयं कृष्ण पादाब्जं किं मृग्यं कृष्ण सेवनम् ॥"

गेय—क्या है ? कृष्ण चरित, अवस्थान करना कहाँ है ? कृष्ण कानन में। ध्येय क्या है ? कृष्ण पादाब्ज। अन्वेषणीय क्या है ? कृष्ण सेवन।

यहाँ व्यवच्छेद्य – अर्थ लभ्य हैं। उभय उदाहरण--प्रश्न पूर्वक के उदाहरण हैं। अप्रश्न पूर्वक का उदाहरण—

"भक्तिः कृष्णे नान्यदेवे वाञ्छास्मिन् विषये न हि।
दृश्यते कृत पुण्यानां सङ्गः सत्सु न रागिषु ॥"

पुण्यवान् जनों की कृष्ण में भक्ति होती है, अन्य देव में नहीं, विषय में वाञ्छा नहीं होती है, सङ्ग, सज्जनों के साथ होता है, विषय लोलुपों के सहित नहीं।

"केशेषु कौटिल्य मुरोजयुग्मे काठिन्यमक्ष्णो स्तरलत्वमुच्चैः।
पाणिद्वये पादयुगेऽधरोष्ठे रागः सदा दीव्यति राधिके ते ॥

हे राधिके ! तुम्हारे केश में कुटिलता, उरोजयुग्म में काठिन्य नयनों में तरलता, पाणिद्वय में, पद द्वय में, एवं अधर ओष्ठ में लालिमा सदा विराजित हैं।

श्लेष मूलक होकर वैचित्री विशेष होता है। उदाहरण—
श्लेष मूलत्वे वाच्य वैचित्र्य विशेषो यथा---

"पापेषु गुण विच्छेद शिवत्वेषु वर्ण सङ्करः।
मथुरायां हरौ राजत्यपां नीचोऽरासर्पणम् ॥"

मथुरा में श्रीहरि विराजित होने पर युद्धक्षेत्र में शत्रुओं के

क्रमः स्यात्क्रमिकाणां चेत्पदानां क्रमतोन्वयः ॥

यथा--मृगमीनसज्जनानां तृणजलसन्तोषविहित-वृत्तीनां।
लुब्धकधीवरपिशुना निष्कारणवैरिणो जगति ॥
इमं यथासंख्यमाहुः ।२७।

धनुर्गुण का छेदन होता था। किन्तु दयादाक्षिण्यादि गुणों का विलोप नहीं होता था। विभिन्न वर्णों का संमिश्रण चित्र कार्य में होता था, किन्तु जगत् में वर्ण सङ्कर की सृष्टि नहीं होती थी, नीच गामिता प्रवाह का ही होती, मनुष्यों की नहीं, यहाँ गुणविच्छेद वर्ण सङ्कर नीच में अपसर्पण श्लेष है।

क्रम अलङ्कार—

"क्रमः स्यात् क्रमिकाणां चेत्पदानां क्रमतोऽन्वयः ॥"

क्रमिक पदों का अन्वय यदि क्रमसे हो तो क्रमनामक अलङ्कार होगा। निदर्शन--

मृगमीन सज्जनानां तृणजल सन्तोष विहित वृत्तीनाम्।
लुब्धकधीवर पिशुना निष्कारण वैरिणो जगति ॥"

जगत् में तृण जल एवं सन्तोष के द्वारा जीवन धारण परायण मृग मीन सज्जन वृन्द के अकारण वैरी लुब्धक व्याध, धीवर एवं पिशुन-खल व्यक्ति गण होते हैं।

इस अलङ्कार को यथासंख्य अलङ्कार भी कहते हैं।

"यथा संख्यमनुद्देश उद्दिष्टानां क्रमेण यत् ॥

"शास्त्र में वृक्षवद्व्यवहारः" नियम से उद्दिष्टा ऊर्द्ध्वे दिष्ट-प्रथमाभिहित यथार्थ का पौर्वापर्य्य क्रमसे अनुद्देशपश्चादुक्ति को यथा संख्य अलङ्कार कहते हैं।

संख्यानति क्रम्य स्थितमिति यथा संख्यं--निरस्तालङ्कोऽयं शब्दः।
दृष्टान्त—स्त्रीणामरीणां मित्राणां कृष्ण स्तै स्तै गुणै र्भवत्
स्मरो दण्डधरश्चन्द्र स्त्रिधैकोऽपि भवां स्थितः ॥"

क्रमादेकमनेकस्मिन् पर्य्यायो व्यत्ययाच्च सः ।

एकं वस्तु चेत्क्रमेणानेकत्र स्यादनेकं वैकत्र, तदा पर्य्यायो द्विधा ।

क्रमेणोदा० — चेतो मदीयं चिकुरे निपत्येत्यादि ।

विलसन्ति नितम्बिन्यो यत्र चित्रांवरांचिताः ।

विचरन्ति शिवा स्तत्र त्वद्वैरिभवने विभो ।२८।

श्रीकृष्ण, ललना-अरि—मित्रों के निकट उसके अनुरूप गुण से विराजित होकर एक होकर भी आप स्त्रियों के पक्ष में कामदेव-शत्रु के पक्ष में दण्डधर, मित्रों के पक्ष में प्रसन्नता कारण पूर्णचन्द्रबने थे। पूर्वोक्त त्रिविध के सहित उपरोक्त त्रिविध का क्रम से अन्वय होने से यथा संख्यक अलङ्कार हुआ है।

पर्य्याय अलङ्कार—

क्रमिक के प्रकरण में क्रम प्रयुक्त पर्य्याय अलङ्कार का वर्णन करते हैं-- "क्रमादेकमनेकस्मिन् पर्य्यायो व्यत्ययाच्च सः ।।

यदि एक वस्तु क्रम पूर्वक अनेक स्थान में हो, अथवा अनेक वस्तु एकत्र हो तो पर्य्याय अलङ्कार होता है, यह द्विविध है। क्रमश उदाहरण-"चेतो मदीयं चिकुरे निपत्येत्यादि ।

विलसन्ति नितम्बिन्यो यत्र चित्रांवरांचिताः ।
विचरन्ति शिवा स्तत्र त्वद्वैरिभवने विभो ।।"

हे विभो ! आप के वैरी भवन में जहाँ विचित्र वसनादि शोभिता नितम्बिनी विलास करती रहती थी, वहाँ सम्प्रति शृगाल विचरण करते रहते हैं।

अथवा--"क्वचिदनेकमेकस्मिन्ननेकं चैकशः क्रमात् ।
भवति क्रियते वा चेत्तदा 'पर्य्याय' इष्यते ।।"

एक वस्तु क्रमसे अनेक स्थान में स्वयं यदि अवस्थित होती हो,

अथवा अन्य के द्वारा अवस्थित होती हो। कभी अनेक वस्तु क्रमश एकस्थान स्थित यदि होती हो, किंवा अन्य से होती हो, तब पर्य्याय नामक अलङ्कार होता है।

पर्य्याय—क्रम को कहते हैं, उस से युक्त को पर्य्याय कहते हैं। एक वस्तु का अनेक स्थान में स्वयं अवस्थित होने का दृष्टान्त प्रस्तुत करते हैं।

"पक्ष्माणि हित्वा पतिताधरेऽस्मात् पयोधरेऽतोऽपि बलित्रयेऽस्मात्।
नाभिं प्रपेदे हरि सङ्ग जाता श्रीराधिकायाः प्रणयाश्रुधारा ॥"

श्रीराधिका की प्रणयाश्रु धारा क्रमशः नयन पलक को छोड़कर अधर में उससे पयोधर में उससे बलित्रय में, उससे नाभि में निपतित हुई। यह श्रीकृष्ण के सङ्ग से बनी है।

"कौटिल्य मासीत् सहजं कचेषु यत तत् साम्प्रतं वाच्यिविलोकनेऽर्पितम्
कठोरताया कुचयोः स्वभावजा राधेऽर्पितासापि कुतस्त्वया हृदि ॥"

केशपाश में जो स्वाभाविकी कुटिलता थी, वह वाणी में पश्चात् विलोकन में आ गई, किन्तु हे राधे! तुम्हारे कुचों में जो कठोरता रही, उस स्वभावजा कठोरता का आधान हृदय में तुमने कैसे किया? अनेक का एकत्र संस्थान का उदाहरण—

"एकस्मिंस्तव हृदये व्रजेन्द्रसुनोर्भूयस्योनलिनदृशः कृतप्रवेशाः।
नास्त्यस्मिन्नवसर एव गाढ़ पूर्णे सख्योमेगुणबहुला कथं विशन्तु?

हे व्रजराज नन्दन! तुम्हारे हृदय तो एक ही है, उस में भी अनेक कमल नयनी का प्रवेश हुआ है। उस गाढ़ पूर्ण हृदय में गुण बहुला सखी का प्रवेश कैसे होगा? अन्य के द्वारा होने पर भी

"ययोर्न्यस्तः पुराहारी हरिः श्रीराधया हरेः।
तद्वियोगेऽधुनार्प्यन्ते हातयोरश्रुबिन्दवः ॥"

एष च क्वचिदाधारः संहतरूपोऽसंहतरूपश्च। आधेयमपि।

हे हरे! श्रीराधा ने पहले हार का अर्पण किया, वहाँ तुम्हारे वियोग से अधुना अश्रु बिन्दु का अर्पण वह कर रही है। इसमें संहत

उपमां रूपकं प्राहु र्भेदे सति तिरोहिते।
साङ्गं तत्स्यान्निरङ्गं च परम्परितमेव च ॥

साङ्गं यथा--माधुर्य्यमधुभिः पूर्णं दशनद्युतिकेशरं।
हरिनेत्रालिनिष्पीतं राधावदन-पङ्कजम् ॥

निरङ्गं यथा--मुखेन्दु स्तव गोविन्द प्रकाशयति मे मनः।
यस्य कस्यचिदारोपः परस्यारोपको यदा।

रूप सयुक्त स्वरूप, अनेक होकर भी संयुक्त रूप से एक रूप है। असंहत रूप—विश्लिष्ट रूप एक अवयवी होकर भी विश्लिष्ट रूपसे अनेक रूप आधार है। आधेय भी पूर्ववत् संहत रूप असंहतरूप है। इस रीति से ही सर्वत्र लक्षणों की सङ्गति होती है।

"पक्ष्माणी" यहाँ पर असंहत, रूप आधार में अश्रु बिन्दुओं का क्रमशः होना, 'एकस्मिन्' इत्यादि में आधेय रूप नलिन नयनी का संहत रूप से हृदय में होना है, इस रीति से अन्यत्र अवगत होना चाहिये।

यहाँ एकका क्रमशः अनेकत्र अवस्थान के द्वारा विशेष अलङ्कार से यह भिन्न हुआ, विनिमय का अभाव के कारण परिवृत्ति से भी यह भिन्न है।

रूपकालङ्कार—"उपमां रूपकं प्राहु र्भेदेसति तिरोहिते।
साङ्गं तत्स्यान्निरङ्गञ्च परम्परितमेव च ॥"

भेद तिरोहित होने पर उपमा को रूपक कहते हैं। यह साङ्ग, निरङ्ग, एवं परम्परित क्रमसे त्रिविध हैं।

साङ्ग रूपक—माधुर्य्यं मधुभिः पूर्णं दशनद्युति केशरम्।
हरिनेत्रालि निष्पीतं राधा वदन पङ्कजम् ॥

राधा वदन पङ्कज—दशन द्युति केशर युक्त एवं माधुर्य्यमधु पूर्ण तथा हरिनेत्रालि निष्पीत है। यहाँ सर्वाङ्गीण रूप से पङ्कज के

तत्परंपरितं श्लिष्टाश्लिष्टशब्दविनिर्मितं ॥

क्रमेणोदा० कमलामोद-रोलम्बो महत्पङ्कक्षयांशुमान् ।
योगिमानस-हंसोऽयं भवताद्भवतापभित् ।

अत्र कमलाया मोद एव कमलानामामोद एवमाद्यारोपो भगवतो रोलम्बत्वाद्यारोपकः ।

दारिद्र्यगजपञ्चास्यो दुर्नयांबुधि-मन्दरः ।
दानवारण्य-दावाग्निर्दुःखं दामोदरो द्यतु ॥

सहित रूपित हुआ है ।

निरङ्ग रूपक—मुखेन्दु स्तव गोविन्द प्रकाशयति मे मनः ।

हे गोविन्द ! तुम्हारे मुखेन्दु मदीय मनको प्रफुल्ल करता है ।

परम्परित रूपक—"यस्य कस्यचिदारोपः परस्यारोपको यदा ।
तत्परम्परितं श्लिष्टाश्लिष्टशब्दविनिर्मितं ॥

जहाँ जिस किसी का आरोप अपर के आरोप के प्रति हेतु होता है, वह परम्परित रूपक है, श्लिष्ट--अश्लिष्ट भेद से द्विविध हैं ।

क्रमशः उदाहरण—"कमलामोद-रोलम्बो महत्पङ्कक्षयांशुमान् ।
योगिमानस-हंसोऽयं भवताद्भवतापभित् ॥

महत् पङ्कक्षयांशुमान् योगि मानस हंस यह कमलामोद रोलम्ब भवतापाप हारी हों । यहाँ कमला का मोद ही कमल समूह का आमोद है, इस प्रकार प्रथम आरोप ही भगवान् को भ्रमर रूप में आरोप करने का हेतु है ।

'दारिद्र्यगजपंचास्यो दुर्नयांबुधि-मन्दरः ।
दानवारण्य दावाग्नि दुःखं दामोदरो द्यतु ॥

दारिद्र्य रूप गज के पक्षमें जो सिंह स्वरूप हैं, दुर्नीति रूप अम्बुधि के पक्ष में जो मन्दर रूप हैं, दानव रूप अरण्य के पक्ष में जो

अत्र दारिद्र्यादे र्गजत्वाद्यारोपो भगवतः पञ्चास्यत्वाद्यारोपकः ॥२९॥

दावाग्नि स्वरूप हैं, वह दामोदर दुःख भञ्जन करें।

यहाँ दारिद्य प्रभृति का गज प्रभृति रूप में वर्णन करने से ही भगवान् का वर्णन पञ्चास्य रूप में हुआ।

भक्ति रसामृतशेषोक्त रूपक प्रकरण इस प्रकार है—

"रूपकं रूपितारोपाद् विषये निरपह्नवे"

व्यङ्गय साम्य अलङ्कार के मध्य में रूपक का स्थान प्रधानतम है, अतः रूपकालङ्कार का वर्णन करते हैं। शब्दतः तात्पर्य्यतः निषेध रहित होकर उपमेय में उपमान का अभेद आरोप को रूपक-अलङ्कार कहते हैं।

"रूपयति उपमानोपमेययोरभेदारोपणं करोतीति रूपकम् ॥

उक्त लक्षण में रूपित पद प्रदान से परिणाम अलङ्कार व्यावृत्त हुआ। उपमेय में उपमान का अभेदारोप ही रूपक है, उपमेय में आरोप्यमाण उपमान का अभेद प्रकृत में उपयोगी होने से परिणाम अलङ्कार होता है। इसका विचार 'परिणाम' अलङ्कार प्रदर्शन में होगा। लक्षण में--"निरपह्नवे' पद दान हेतु 'अपह्नुति' अलङ्कार की व्यावृत्ति हुई। शब्द तात्पर्य्य से निषेध का नाम अपह्नव है, उपमेय में उपमान का अभेद आरोप—रूपक है। सापह्नव उपमेय में उपमान का अभेदारोप अपह्नुति है। तत् परम्परितं साङ्गं निरङ्गमिति त्रिधा" रूपक--साङ्ग, निरङ्ग-परम्परित भेद से त्रिविध हैं। जिस में कार्य्य कारण भाव-श्रेणी परम्परा क्रमसे विन्यस्त हैं, वह परम्परित रूपक है। सकल अङ्ग प्रतिपादन होने से साङ्ग होता है। प्रतिपादकों में से एक को न होना निरङ्ग है।

"यत्र कस्य चिदारोपः परारोपण कारणम्।
तत् परम्परितं प्राहुः श्लिष्टाश्लिष्ट निबन्धनम्।
प्रत्येकं केवलं मालारूपञ्चेति चतुर्विधम् ॥

उक्त त्रिविध रूपक के मध्यमें परम्परित रूपक का वर्णन करते हैं। यहाँ एकका आरोप अन्य आरोप के प्रति होता है। यह परम्परित रूपक-द्विविध हैं, श्लिष्ट-एवं अश्लिष्ट। एक एकभी केवल, एकमात्र मूल मालारूप भेद से चतुर्विध हैं। श्लिष्ट शब्द निबन्धन केवल परम्परित रूपक का दृष्टान्त—

"आहवे जगदुद्दण्ड राजमण्डल राहवे।
श्रीनृसिंह महीपाल स्वस्त्यस्तु तव बाहवे॥"

हे श्रेष्ठ सैन्य समन्वित महीपाल! युद्धक्षेत्र में आप के बाहुद्वय शत्रु दलन कार्य्य में राहु के समान हैं, अतः वे जय युक्त हैं।

यहाँ राज मण्डल दैत्यनृप समूह ही चन्द्र बिम्ब है। इस प्रकार आरोप ही पुण्य काल में आविर्भाव परायण श्रीनृसिंह के बाहु में राहुत्वारोपण में निमित्त है। राज शब्द से भी चन्द्र का बोध होता है। माला रूपक—"पद्मोदय दिनाधीशः सदागति समीरणः।
क्रूर भूभृद्वर्गवज्रं श्रीकृष्ण त्वं विराजसे॥"

हे श्रीकृष्ण! आप ही पद्मफुल विकासी सूर्य्य स्वरूप हैं। जिस प्रकार एक सूर्य्य असंख्य पद्म विकास कार्य्य में सक्षम है, उस प्रकार आप एकक पृथिवी में असाधारण सम्पत्ति की वृद्धि करते हैं। जिस प्रकार वायु सर्वत्र गमन शील है, उस प्रकार आप भी दान मान के द्वारा सर्वदा साधु जनों का आगमन सम्पादन करते हैं। हिंसक भूभृद् वर्ग ही कठिन पर्वत वृन्द हैं, इस प्रकार आरोप ही श्रीकृष्ण में सूर्य्यत्वादि आरोप के प्रति कारण है।

अश्लिष्ट निबन्धन केवल का निदर्शन—

"पान्तु वो जलदश्यामाः शार्ङ्ग ज्याहति कर्कशाः।
त्रैलोक्य मण्डपस्तम्भा श्चत्वारः कृष्ण बाहवः॥

शार्ङ्गधनु आकर्षण विकर्षण से अतिकर्कश, त्रैलोक्य मण्डपस्तम्भ जलद श्याम श्रीकृष्ण के चतुर्बाहु तुम सब की रक्षा करें। यहाँ पर तीन लोकों में मण्डपत्वारोप ही श्रीकृष्ण बाहु में स्तम्भत्वारोप के

प्रति निमित्त है। माला रूप का दृष्टान्त—

"मनोज राजस्य सितातपत्रं श्रीखण्डचित्रं हरिदङ्गनायाः।
विराजति व्योमसरः सरोजं राधे! सिताभ्र प्रभमिन्दुबिम्बम्॥"

हे राधे! कन्दर्प राज के शुभ्रच्छत्र के समान दिग् वधूओं के श्रीखण्डचित्र के तुल्य आकाश सरोवर के कमल सदृश चन्द्रमा प्रकाशित है। यहाँ मनोज में राजत्वारोप ही चन्द्र बिम्ब में सितात पत्रादि आरोपण में कारण है। इसी प्रकार श्रीनृसिंह भुजों में राहुत्वारोप ही हिंसक राजन्य वर्ग में चन्द्र बिम्बत्वारोपण में कारण है। यह मत अपर का है।

"अङ्गिनो यदि साङ्गस्य रूपणं साङ्गमेव तत्।
समस्त वस्तु विषयमेकदेश विवर्त्ति च॥

साङ्ग रूपक का वर्णन करते हैं—आकाङ्क्षित अङ्ग युक्त अङ्गीप्रधान उपमान का यदि रूपण हो, और उस प्रकार ही उपमेय का अभेदारोपण हो तो, साङ्ग नामक रूपक होगा। अर्थात् साङ्ग उपमेय में साङ्ग उपमान का अभेदारोप ही साङ्ग रूपक है। यह द्विविध हैं। एक समस्त वस्तु विषय अपर एकदेश विवर्त्ति, समस्त वस्तु--अर्थात् अङ्गाङ्गि समस्त विषय शब्द से गृहीत होते हैं। यहीं समस्त वस्तु विषय है। एकदेश में विवर्त्तित होता है, शब्दत्वांश में विशेषण रूप में स्थित होता है, यह एकदेश विवर्त्ति है। अशेष आरोप्यमाण का शब्द द्वारा उपस्थित होने से समस्त वस्तु विषय होता है।

"रावणावग्रह क्लान्तमिति वागमृतेन सः।
अभिमृश्य मरुत सस्यं कृष्णमेघ तिरोदधे॥

रावण नामक अनावृष्टि से क्लान्त देवगण सस्य को वाणीरूपा अमृत से सिञ्चन कर कृष्ण मेघ अन्तर्द्धान हो गया।

कृष्ण में मेघत्वारोपण कर्त्तव्य होने से ही वाणी में अमृत का आरोप हुआ, वर्षण के निमित्त जो जो सामग्री की आवश्यकता

होती है, यहाँ भी वे सब सामग्री हैं, जिस प्रकार कर्त्ता, कर्म, करण। उपमेय भूत कृष्ण हैं, उपमान स्वरूप मेघ—कर्त्ता रूप से स्वतन्त्र होने से अङ्गी है। वाग् अमृत समूह अङ्ग होने से प्रयोज्य हैं, वर्षण सम्पादक होने से अङ्ग हैं, सब ही शब्दतः वर्णित हैं।

"यत्र कस्यचिदार्थत्वमेकदेश विवर्त्ति तत्"

जिस रूपण में आरोप्यमाण उपमान भेद को प्राप्ति अर्थ से होती है, उस रूपक को एकदेश विवर्त्ति साङ्ग रूपक कहते हैं।

दृष्टान्त—"लावण्य मधुभिः पूर्णं कृष्णस्यास्यं विकस्वरम्।
लोक लोचन रोलम्ब कदम्बैः कैर्न पीयते ॥"

लावण्य मधु से पूर्ण श्रीकृष्ण के प्रफुल्लित वदन का दर्शन लोक लोचन भ्रमर से कौन नहीं करेगा ?

यहाँ लावण्य आदि में मधुत्व आरोप शब्द से ही गृहीत है। मुख में पद्मत्वारोप किन्तु अर्थ से गृहीत है, इसको एकदेश विवर्त्ति उपमा कहना ठीक नहीं होगा। विकस्वरत्वारोप्य पद्मका बोध शब्द से ही होता है। विकस्वरत्व का अर्थ है—प्रस्फुटित। वह प्रकाश सङ्कुचित पद्म में मुख्य रूप से सम्भव है। किन्तु सर्वदा एक रूपमें स्थित मुख में वह सम्भव नहीं है। मुख्यार्थ प्राप्त होने से लक्षणा हेय है, इस नियम से विकस्वरपद ही रूपक का साधक है, उपमा का बाधक है।

निरङ्ग केवलस्यैव रूपणम्। तदपि द्विधा--माला-केवलरूपत्वम्।

निरङ्ग रूपको कहते हैं—अङ्ग रहित उपमान का रूपक निरङ्ग उपमेय में अभेदारोपण निरङ्ग है। निरङ्ग उपमेय में निरङ्ग उपमान का अभेदारोपण--निरङ्ग नामक रूपक है।

यह निरङ्ग रूपक—मालारूपक अर्थात् अनेकारोप युक्त है, केवल रूपक होने से एकमात्र आरोप युक्त है, अतः दो प्रकार भेद हैं। दृष्टान्त—"निर्म्माण कौशलं धातुर्मङ्गलं लोक चक्षुषाम्।
मनः क्रीड़ा गृहं शौरेः सेयमिन्दीवरेक्षणा ॥

नीलोत्पल नयना, विधाता का निर्म्माण कौशल को सूचित करती है, वह--जन नयनों का आनन्द दायक है, और कृष्ण चन्द्र का क्रीड़ागृह भी है। यहाँ इन्दीवरेक्षणा रूप निरङ्ग में निर्म्माण कौशल निरङ्ग तीनों उपमानों का अभेद आरोपत्रय से मालारूप निरङ्ग है। निर्म्माण कौशल का उपमानत्व स्वीकार न करने पर भी आरोपद्वय का अनेक होने से मालारूपक हुआ है।

केवल रूपक का दृष्टान्त—

"यत्ते सुजात चरणाम्बुरुह स्तनेषु
भीताः शनैः प्रिय ! दधीमहि कर्कशेषु।
तेनाटवी मटसि तद्व्यथते न किंस्वित्
कूर्पादिभिर्भ्रमतिधीर्भवदायुषां नः॥"

गोपिका बोली—हे प्रिय ! तुम्हारे सुजात चरणाम्बुरुह का धारण वक्षोज में भय भय से करती हूँ, कर्कश वक्षोज के स्पर्श से चरणों में व्यथा न हो, उसी चरणों से वन वन में तुम तो घुमते रहते हो, इस से चरणों में कितनी व्यथा होती है, यह सोचकर मेरी बुद्धि चकरा जाती है।

यहाँ चरणाम्बुरुह रूप निरङ्ग में एक एक उपमेय में कर्कश रूप निरङ्ग रूप एक एकका उपमान का एक मात्राभेदारोप से केवल रूप निरङ्ग रूपक है। एक आरोप का कार्य्य कारण भाव से कार्य्यान्तर की अपेक्षा से परम्परित रूपक है। अङ्गाङ्गि भाव से आरोपान्तर सापेक्ष होने से साङ्ग है। सर्वथा आरोपान्तर निरपेक्ष होने से निरङ्ग रूपक होता है।

तेनाष्टौ रूपक भेदाः—चिरन्तनै रुक्ता इति शेषः॥

शुद्ध रूपकालङ्कार के अष्टविध भेद हैं।

परम्परित—४ श्लिष्ट शब्द निबन्धन केवलम् १ 'आहवेजगदुद्दण्ड'
मालारूपकम् १ 'पद्मोदयदिनाधीश'
अश्लिष्ट शब्द निबन्धन केवलम् १ 'पातुवो जलदश्यामाः'
मालारूपकम् १ 'मनोजराजस्य'

साङ्गम् २ समस्त वस्तु विषयम् १ 'रावणावग्रह क्लान्तम्'
एकदेश विवर्ति १ 'लावण्य मधुभिः पूर्णम्'
निरङ्गम् २ मालारूपकम् १ 'निर्म्माण कौशलं धातुः'
केवल रूपकम् १ 'दासे कृतागसि'

—※—

प्राचीन पण्डित गण परम्परित के उक्त भेद चतुष्टयको मानते हैं। केवल साङ्ग रूपक ही एकदेश विवर्त्ति होता है, यह नहीं किन्तु परम्परित रूपक भी एकदेश विवर्त्ति होता है, यहाँ आरोपार्थ का होना सम्भव है, अतः परम्परित के चतुष्टय से अधिक भेद नहीं होता है, उसी में अन्तर्भाव है। प्राचीन गण परम्परित का अन्तर्भाव, उक्त भेद चतुष्टय में ही करते हैं।

उदाहरण—"खड्ग क्ष्मा सौविदल्ल स्तव यदुनृपते:" इति" इस के पूर्व पादत्रय ये हैं—

"पर्य्यङ्को राजलक्ष्म्या हरितमणिमयः पौरुषाब्धेस्तरङ्गः।
भग्न प्रत्यर्थिवंशोल्वण विजय करिस्त्यानदानाम्बु पट्टः।
संग्राम त्रासताम्यन्मुरलपति यशो हंसनीलाम्बु वाहः।"

क्ष्मा—पृथिवी में महिषीत्वारोप एव खड्ग में सौविदल्लत्वारोप में निमित्त है, यह पूर्व के समान मालारूपक में होगा।

यहाँ कन्दर्प देव में राजत्वारोप, दिक् में अङ्गनात्वारोप, आकाश में सरोवरत्वारोप, अर्थ लभ्य है। चन्द्रबिम्ब में शब्द से ही सितातपत्रत्व सरोजत्वारोप के प्रति निमित्त है, इस प्रकार एकदेश विवर्त्ति मालारूप परम्परित रूपक है।

"दृश्यते क्वचिदारोप्याः श्लिष्टाः साङ्गेऽपि रूपके॥

साङ्ग रूपक में भी श्लिष्ट शब्द निबन्धनस्वरूप परम्परित रूपक भी होता है। अर्थात् साङ्ग रूपक में भी आरोप्य आरोपणीय उपमान वाचक शब्द श्लिष्ट होता है अतः लक्ष्य के अनुसार लक्षण होने से इस को स्वीकार करना आवश्यक है। एकदेश विवर्त्ति श्लिष्ट

का दृष्टान्त—

"करमुदय गिरिस्तनेद्य राधे गलिततम: पटलांशुके निवेश्य ।
विकसित कुमुदेक्षणं विचुम्बत्ययममरेशादिशो मुखं सुधांशुः ।।

हे राधे ! सुधांशुने गलित तम पटलांशुक में निज कर को निविष्ट कर उदय गिरिस्तन को स्पर्श किया है, पूर्वदिक् के विकसित कुमुदेक्षण युक्त मुख का चुम्बन भी किया है ।

यहाँ नायक रूप सुधांशु अङ्गी है, तम पटलांशुक गलनादि उसके अङ्ग रूपसे कहा गया है । इस प्रकार साङ्ग रूपक हुआ है । तम: पटल में अंशुकत्वादि आरोप शब्द से प्राप्त है, अमरेश दिक् में नायिकात्व आरोप अर्थ लभ्य है । इस प्रकार एकदेश विवर्त्तित है । कर--मुख शब्द श्लिष्ट होने से श्लिष्ट शब्द निबन्धत्व है, इससे श्लिष्ट शब्द निबन्धन एक देश विवर्त्तिरूप साङ्ग रूपक अलङ्कार है ।

समस्त वस्तु विषयक का उदाहरण भी उक्त पद्य में ही है । विकसित कुमुदेक्षण चुकुम्बे हरिदबलामुखं इन्दुनायकेन । द्वितीय र्द्ध में उस प्रकार पाठ मानलेने से सकल आरोप ही गम्य होगा । श्लिष्ट शब्द निबन्धन समस्त वस्तु विषयक साङ्ग रूपक होगा ।

यह श्लिष्ट परम्परित है, कर श्लिष्ट है, और इस से ही महीधर में स्तनत्वारोप हुआ । इस प्रकार कहना ठीक नहीं है, "क्रूर भूभृद्वर्ग वज्र" यहाँ क्रूर भूभृद् आदि में वज्रत्वादि आरोप के विना वर्णनीय श्रीकृष्णादि का सवंथा सादृश्य ही नहीं है, "तव पद्मोदय" इत्यादि में परम्परित कैसे होगा ? श्रीकृष्णादि के द्वारा सादृश्य तेजस्वित्वादि हेतु सम्भव होगा, यह भी नहीं कह सकते, श्रीकृष्णादि हेतुक सादृश्य सुव्यक्त है । यहाँ वह विवक्षित नहीं हो, पद्मोदयादि दोनों का साधारण धर्म रूप कथन हुआ है । प्राकृत स्थल में उदय गिरिस्तनादि के द्वारा सादृश्य पीनत्वादि से सुव्यक्त है, अत: यह श्लिष्ट परम्परित हुआ है ।

कहाँ पर समान न होने पर भी रूपक होता है, दृष्टान्त—

"वदनं तव हे राधे ! सरोजमिति नान्यथा।

हे राधे ! तुम्हारे वदन सरोज ही है। इस में अन्यथा नहीं है। यहाँ समास न होने पर भी मुख में सरोजत्वारोप से केवल निरङ्ग रूपक हुआ है।

भिन्न विभक्ति होने पर भी रूपक होता है—

"विदधे मधुपश्रेणीमिह भ्रूलतया विधिः"

विधिने भ्रूलता से वदन पङ्कज में मधुप श्रेणी का निर्म्माण किया है। 'भ्रूलतया' यहाँ अभेद में तृतीया है, अन्यथा तादात्म्यारोप नहीं होगा। वैधर्म्य में भी रूपक होता है। उदाहरण—

"सौजन्याम्बु मरुस्थली सुचारता लेख्य द्युभित्तिर्गुण-
ज्योत्स्ना कृष्ण चतुर्द्दशी सरलता योगश्वपुच्छच्छटा।
यैरेषापि दुराशया कलियुगे राजावली सेविता
तेषां शार्ङ्गिणि भक्तिमात्र सुलभे सेवा कियत् कौशलम्॥"

राजन्य वृन्द-सौजन्य रूप अम्बु के पक्ष में मरुस्थला हैं, सुचरित में आकाश सदृश हैं। दया दाक्षिण्यादि गुणों में ज्योत्स्ना हेतु कृष्ण-चतुर्द्दशी के समान हैं। उन सब में कुत्ते की पुँछ के समान सरलता है। कलियुग में असत् धन लोभ से जो लोक राजावली की सेवा करते हैं, उन सबों को उतने ही क्लेश से श्री कृष्ण भक्ति मिल सकती है। अतः राजसेवा को छोड़कर श्रीकृष्ण भक्ति करना ही सुखकर है। यहाँ जल हेतु मरुस्थल, चित्र हेतु—आकाश, ज्योत्स्ना हेतु कृष्णाचतुर्द्दशी, सरलता निबन्धन—श्व पुच्छ—ये सब असम्भव हैं। अतः ये सब वैधर्म्य हैं, प्रथम विशेषणत्रय में अश्लिष्ट शब्द निबन्धन मालारूप परम्परित रूपक है, चतुर्थ विशेषण में निरङ्ग केवल रूपक है।

कतिपय रूपक शब्द श्लेष मूलक होने पर भी रूपक विशेष रूपक का प्रकार विशेष होने से अर्थालङ्कार के मध्य में उस की गणना होती है, श्लिष्ट परम्परित रूपक में शब्दार्थोभय अलङ्कार

होना ही उचित है। इस प्रकार श्लेष मूलक अलङ्कार 'अपह्नुति' व्यतिरेकादि में जानना होगा।

"अधिकारूढ़ वैशिष्ट्यं रूपकं यत्तदेवतत् ॥

पूर्वोक्त भेदों से विलक्षण भेद – अधिकारूढ़ वैशिष्ट्य नामक रूपक को कहते हैं। जो रूपक अपने में अधिक चमत्कारिता को व्यक्त करता है। वह अधिकारूढ़ वैशिष्ट्य संज्ञक होता है। उपमान उपमेय में जो धर्म है, उसको महत्त्व न देकर जो धर्म उसमें नहीं है, उसका आरोपकर रूपण करने से वैशिष्ट्य अधिक स्थापित होता है। अधिकारूढ़ वैशिष्ट्य संज्ञक रूपक का उदाहरण यह है--

"इदं वक्त्रं राधे ! तव हतकलङ्कः शशधरः
सुधाधारा धारश्चिर परिणतं बिम्बमधरः ।
इमे नेत्रे रात्रिन्दिवमधिक शोभे कुवलये
तनु लावण्यानां जलधिरवगाहे सुखभरः ।।"

हे राधे ! तुम्हारे यह वदन निष्कलङ्क शशधर है। सुधाधारा-अमृत प्रवाह का आधार-आश्रय है, औष्ठ सुपक्व बिम्बफल है, दृश्यमान नेत्रद्वय–दिनरात अधिक शोभित नीलोत्पल है, तथा तनु देह लावण्यों का समुद्र है, अवगाहन में अतीव सुखद है।

यहाँ कलङ्क राहित्यादि के द्वारा अधिक वैशिष्ट्य है। आदिपद से सुधाधारा का आधार को जानना होगा। उपमान-शशधर कलङ्क है। किन्तु उसको छिपाकर मुख में उसका रूपण हुआ। उपमान बिम्ब में अविद्यमान चिरपरिणतत्व धर्म का आरोपण हुआ है। कुवलय-रात्रि में अधिक शोभित है, उपमान में दिनरात अधिक शोभत्व धर्म का आरोप करके नेत्र में रूपण हुआ, जलधि में लावण्य न होने पर भी आरोप कर शरीर में उसका रूपण हुआ है।

परिणाम अलङ्कार—

"परिणामः क्रियार्थश्चेदारोप्यो विषयात्मना"

आरोप्य श्चेदारोपविषयात्मना क्रियार्थः प्रकृतक्रियोपयोगी स्यात्तदा परिणामः। यथा—

फुल्लेन साक्षिकमलेन ददर्श कान्तम्।

"यदि उपमान-उपमेय रूप में परिणत होता है—तो परिणाम-अलङ्कार होता है। वह प्रकृत में उपयोगी होना भी आवश्यक है।

उदाहरण—'फुल्लेन साक्षिकमलेन ददर्श कान्तम्।

विकसित अक्षि कमल के द्वारा उसने कान्त को देखा। यहाँ कमल नयन रूप में परिणत होकर दर्शन किया, वा निर्वाह किया।

अथवा— "विषयार्थं तयारोप्ये प्रकृतार्थोपयोगिनि।
परिणामो भवेत्तुल्या तुल्याधिकरणो द्विधा।

आरोप्य माणस्य आरोप विषयतया परिणामात् परिणामः॥

आरोप्य माण का उपमेय रूप में परिणत होना ही परिणाम है। परिपूर्व नमधातु का भाववाच्य में घन प्रत्यय से परिणाम शब्द निष्पन्न होता है। निदर्शन--

"स्मितेनोपायनं कृष्णस्यागतस्य कृतं तथा।
स्तनोपपीड़माश्लेषं द्यूते चक्रे यया पणः॥"

श्रीकृष्ण को आते देखकर उस से स्मित ने ही उपायन प्रस्तुत किया। और द्यूत में जो पण था, उसकी भी रक्षा उसने स्तनोपपीड़ आलिङ्गन से किया। अतः उपमेय भूत स्मित में उपमान भूत उपायन का भेद आरोप ही प्रकृत कृष्ण के अभ्यर्थन का उपयोगी है, उपमेयभूत स्तनोपपीड़ आलिङ्गन में उपमान भूत पण का अभेद आरोप, प्रकृत द्यूत क्रीड़ा साधनोपयोगी है, अतः यह परिणाम अलङ्कार हुआ है।

यहाँ उपायन एवं पण में वसन आभरणादि का विनियोग होता है। प्रस्तुत स्थल में कृष्ण सम्भाषण द्यूत में स्मित एवं आलिङ्गन ही उसका निर्वाहक है। प्रथम में वैयधिकरण प्रयोग है।

अत्र कमलमक्षित्वेन परिणतं सत् प्रकृतां दर्शनक्रियां निर्वर्त्तयति ॥३०॥

उपमान उपमेय भिन्न भिन्न विभक्ति के हैं। द्वितीयार्द्ध में सामानाधिकरण्य है, आश्लेष--पण, उपमान, उपमेय-समान विभक्ति के हैं। रूपक में—"मुखचन्द्रं हरेः पश्य" यहाँ आरोप्यमान चन्द्र उपरञ्जक मात्र है, अभेद आरोप से मुख में केवल सौन्दर्य्य प्रतिपादन होता है। किन्तु दशनादि में उपयोगी नहीं है, मुख में चन्द्रक आरोप के विना भी दर्शनादि हो सकते हैं। परिणाम स्थल में स्मितेन, विषयस्मित आश्लेष के सहित तादात्म्य-अभिन्नता है, प्रकृत में कृष्ण सम्भाषणादि में उपयोग होता है। अतएव रूपक में आरोप्य उपमान पदार्थ का अवच्छेदक इतर व्यावर्त्तक रूप में उपमेय भूत मुखादि के सहित अभेद सम्बन्ध होता है। परिणाम में तादात्म्य से प्रकृत विषय साधनोपयोगी रूपसे अभेद होता है। अर्थात् 'मुख-चन्द्रं पश्यामि' स्थलमें उपमेय मुखके सहित उपमान चन्द्रका अभिन्न प्रत्यय नहीं होता है, किन्तु कुत्सित मुख का निरास करने के निमित्त सुन्दरादि विशेषण के समान उसकी प्रतीति है।

"स्मितेनोपायनम्" परिणाम में स्मित उपायन उभय पदार्थ अभिन्न होकर कृष्णका सम्बन्ध कार्य्य सम्पन्न करता है। अतः वस्तुत अभिन्न रूप से ही प्रतीति होती है। उपमान प्रतियोगी की भेद प्रतीति रूपक है। उपमेय प्रतियोगी की भेद प्रतीति परिणाम है।

"यत्ते सुजात चरणाम्बुरुह स्तनेषु" यहाँ रूपक ही है, परिणाम नहीं है। अतिस्नेह से अति कर्कश स्तन समूह पद व्यथन के कारण हो, वह तो अप्रस्तुत है, अतः उससे सत्वर आने की प्रेरणा हो गई है, परिणाम भी रूपक तुल्य अधिकारूढ़ वैशिष्ट्य युक्त होता है। दृष्टान्त

"उद्यसमास च वृन्दावन देशे क्वापि चित्रमाभाति।
काञ्चन दिव्यौषधयः स्फुरन्ति दीपा विनापि तैलादि ॥"

अगाढ़ तमसावृत वृन्दावन प्रदेश में कुछ विचित्र घटना है।

प्रकृतं यन्निषिध्यान्यत् स्थाप्यते सा त्वपह्नुतिः ॥
उपमेयं प्रतिषिध्य यदुपमानस्थापनं सापह्नुतिः ॥

उदा०—अङ्कं केऽपि शशंकिरे जलनिधेः पङ्कं परे मेनिरे
सारङ्गं कतिचिच्च सञ्जगदिरे भूच्छायमैच्छन् परे ।
इन्दौ यद्दलितेन्द्रनीलशकलश्यामं दरीदृश्यते
तत्सान्द्रं निशि पीतमन्धतमसं कुक्षिस्थमालक्ष्यते ।

तैलादि के विना ही वहाँ के कल्प वृक्ष समूह उद्भासित होकर अन्धकार विनष्ट करते हैं ।

यहाँ गोपसमूह स्वरूप औषधि गण होने से ही श्रीकृष्ण लीलोपयोगि-अन्धकार विनाशक होते हैं । यहाँ तैलादि विनाभाव से ही अधिकारूढ़ वैशिष्ट्य है । उपमान प्रदीप में वर्त्तमान तैलपूर धर्म को न दिखाकर ही प्रकाशक कहा गया ।

उपमान उपमेय परिवार युक्त अलङ्कार ये हैं--उपमा उत्प्रेक्षा सन्देह, भ्रान्तिमान, अपह्नुति, रूपक, रूपकातिशयोक्ति, अनन्वय व्यतिरेक, निदर्शना ।

अपह्नुति अलङ्कार—

"प्रकृतं यन्निषिध्यान्यत् स्थाप्यते सा त्वपह्नुतिः ॥

उपमान उपमेय घटित अलङ्कार गोष्ठीभूत अपह्नुति अलङ्कार का वर्णन करते हैं । वर्णन प्राप्त उपमेय का शब्द से, तात्पर्य्य से, निषेध करके प्रकृत भिन्न उपमान का स्थापन करने से अपह्नुति अलङ्कार होता है । कहा है—

उपमेयं प्रतिषिध्य यदुपमान स्थापनं सापह्नुतिः"

दृष्टान्त—अङ्के केऽपि शशङ्किरे जलनिधेः पङ्कं परे मेनिरे ।
सारङ्गं कतिचिच्च सञ्जगदिरे भूच्छायमैच्छन् परे ॥

अत्रेन्दौ कलङ्कादिकं प्रकृतं निषिध्यापि पीतमप्रकृतं तमः स्थापितम् ॥३१॥

इन्दौ यद्दलितेन्द्रनीलशकलश्यामं दरीदृश्यते ।
तत् सान्द्रं निशि पीतमन्धतमसं कुक्षिस्थमालक्ष्यते ॥"

चन्द्रमा में दलित चन्द्रनील मणि खण्ड के तुल्य जो श्याम वर्ण दृष्ट होता है, उसको कतिपय व्यक्ति--कलङ्क की शङ्का करते हैं। अपर व्यक्ति—जल निधि से उत्थित होने के कारण जल निधि का पङ्क है—यह मानते हैं, कतिपय व्यक्ति उसे सारङ्ग मानते हैं, तो अपर व्यक्ति-भू छाया मानते हैं। किन्तु वह रात्री कालीन गाढ़ अन्धकार को पान करने कारण ही--कुक्षि में वह दिखाई देता है।

यहाँ इन्दु में कलङ्कादिक वर्णन प्राप्त वस्तु को निषेध कर अप्रकृत वस्तु पान किया हुआ तम को स्थापन किया गया है।

अथवा—"प्रकृतं प्रतिषिध्यान्यस्थापनं स्यादपह्नुतिः"

उपमेय को निषेध करके उपमान का स्थापन करने से अपह्नुति अलङ्कार होता है। प्रतिषिद्ध पद में त्वाच् प्रत्यय का आनन्तर्य अर्थ है। अतः अपह्नव पूर्वक आरोप, उपमेय निषेध पूर्वक उपमान का स्थापन, आरोप पूर्वक अपह्नव उपमान स्थापन पूर्वक उपमेय प्रतिषेध है, तथा मालारूप से केवल रूप से यह दो प्रकार हैं, समुदाय से यह चतुर्विध हैं। अपह्नव पूर्वक आरोप में मालारूपा अपह्नुति का दृष्टान्त प्रस्तुत करते हैं।

"नेदं नभोमण्डलमम्बुराशिर्नैताश्च तारानवफेनभङ्गाः।
नायं शशी कुण्डलितः फणीन्द्रो नासौ कलङ्कः शयितो मुरारिः॥

दृश्यमान आकाश नहीं है, किन्तु अम्बुराशि है, यह तारा नहीं है, नूतन फेन भङ्ग है, यह शशी चन्द्र नहीं है किन्तु कुण्डलित फणीन्द्र है। चन्द्रस्थित कलङ्क यह नहीं है, किन्तु मुरारि—श्रीकृष्ण शयन किये हुए हैं।

यहाँ नभोमण्डल आदि उपमेय का निषेध करके अम्बुरा
प्रभृति उपमानादि का स्थापन किया गया है, वे अनेक होने
मालारूपा अपह्नुति अलङ्कार है। तथा 'न' चतुष्टय का प्रयोग
शब्दतः प्रकृत प्रतिषेध हुआ है। आरोप पूर्वक अपह्नव में केवल
अपह्नुति का दृष्टान्त प्रस्तुत करते हैं —

"राधेऽद्य पश्यचरमाचलचूलचुम्बि
हिण्डीर पिण्डरुचि भाति सितांशुबिम्बम्।
उद्दीपितस्य रजनीं मदन लसस्य
धूमं दधत् प्रकटलाञ्छन कैतवेन ॥

अस्ताचलशिखर में फेन वस्तुपिण्ड के समान चन्द्र दिखाई पड़ता है
रात्रि में उद्दीपित मदनानल के धूम को वह लाञ्छन के छल
धारन कर प्रकाशित है।

यहाँ प्रथम धूम रूप उपमान का आरोप कर पश्चात् कल
रूप उपमेय का अपह्नव से अपह्नुति हुई है, आरोप एकमात्र हो
से केवल रूपा है। 'न' कार का प्रयोग नहीं है, केवल 'कैतव' कह
गया है। तात्पर्य्य से ही प्रकृत का प्रतिषेध हुआ है। इस प्रका

"विराजति व्योमवपुः पयोधि स्तारास्तत्र च फेनभङ्गाः"

प्रकारान्तर से भी निषेध होता है। आकाश रूप शरीर
समुद्र विराजित है, उस पयोधि में नक्षत्राकारा फेन खण्ड समूह है
इस में वपुः शब्द प्रयोग से, मयट प्रत्यय से प्रकृत व्योम ताराओं क
अपह्नव में वक्ता का तात्पर्य्य है। पयोधि फेन भङ्ग रूप उपमा
का स्थापन से अपह्नुति है, रूपक नहीं है। उस में "विषय
निरूपह्नवे "कहा गया है।

"गोपनीयं कमप्यर्थं द्योतयित्वा कथञ्चन।
यदि श्लेषेणान्यथा वान्यथयेत् साप्यपह्नुतिः ॥"

उपमेय का निषेधका उपमान कर स्थापन होने से भी अपह्नुति
प्रकरण से विलक्षण अपह्नुति अलङ्कार होता है। वक्ता, लज्जा

व्याजस्तुति स्तु निन्दायाः स्तुते र्वा व्यत्ययाद्भवेत ।।
निन्दास्तुतिभ्यां वाच्याभ्यां स्तुतिनिन्दे चेत् क्रमाद् व्यङ्ग्ये
स्यातां तदा व्याजस्तुतिः ।। क्रमेणोदा०—
भजत स्तव पादपङ्कजं न च किञ्चित्फलमत्र वीक्ष्यते ।

भूति के द्वारा योग्य विषय को गोपन करके व्यञ्जना वृत्ति से यदि से सूचित करता है तो, एवं श्लेष से अन्य विषय का स्थापन करता है, तो अपह्नुति नामक अलङ्कार होता है । श्लेष से कथन का दृष्टान्त—

"मेघागम समयेऽस्मिन्नधिगत हरिता दृशां सम्पत् ।
हरये स्पृहयसि राधे नहि नहि शाद्वलविभूतये द्विषति ।।

मेघागम समय में राधे नयनों की सम्पत्ति हरिता हो गई है । हरि को चाहती है । नहीं नहीं, शाद्वल विभूति के प्रति द्वेष करती हो । यहाँ अधिकतर हरित्व ही दृशां सम्पत है, इस को अन्यथा किया । कारण, 'शाद्वल विभूतये' कहा है । अश्लेष का उदाहरण--

"इह पुरोऽनिलकम्पित विग्रहा मिलति हन्ततमालमियलता ।
लषसि किं सखि ! कृष्ण समागमं नहि घनागम रीतिरुदाहृता ।।'

अनिल कम्पित विग्रहलता को देखो सखि ! लता तमाल से मिल रही है, सखि ! तुम क्या कृष्ण सङ्ग को चाहती हो ! नहीं नहीं, यह तो घनागम की रीति को कहा है । वक्रोक्ति में परोक्त का अन्यथा करण है, यहाँ तो निजोक्ति का ही अन्यथा करण है, उससे यह भिन्न है । गोपनकर्त्ताने गोपनीय विषय को पहले कहा है, अतः यह व्याजोक्ति से भिन्न हुई है ।

व्याजस्तुति अलङ्कार—

"व्याजस्तुति स्तु निन्दायाः स्तुतेर्वा व्यत्ययाद् भवेत "
निन्दा एवं स्तुति कथन उद्देश्य से यदि स्तुति निन्दा क्रमश व्यञ्चित होती है तो उसको व्याजस्तुति अलङ्कार कहते हैं ।
उदाहरण—"भजत स्तव पाद पङ्कजं न च किञ्चित फलमत्र वीक्ष्यते ।

अपि तु स्वजनादि विच्युति विदितं ते चरितं मयाच्युत ॥

अत्र निन्दया स्तुति र्व्यज्यते ।

जगति त्वत्समो नान्यः स्पृहाशून्यः समीक्ष्यते ।
हरिकीर्त्तन-रत्नानि कण्ठे यत्कुरुषे न हि ॥३२॥

अन्योन्यं क्रियया चेत्स्यादुपरागः परस्परं ।
एकजातीयया क्रियया मिथ श्चेदुपकारस्तदान्योन्यं ॥

उदा०—राधया माधवो भातीत्यादि । अत्र दीप्तिजननक्रियया मिथो द्वयोरुपरागः ॥३३॥

अपितु स्वजनादि विच्युति र्विदितं ते चरितं मयाच्युत ॥

हे अच्युत ! मैंने जान लिया है, तुम्हारे चरण पङ्कज का भजन करने से कोई फल नहीं होता है । किन्तु स्वजनादि से विच्युति होती है । निन्दा के द्वारा स्तुति--का उदाहरण—

"जगति त्वत्समो नान्यः स्पृहाशून्यः समीक्ष्यते ।
हरिकीर्त्तन रत्नानि कण्ठे यत् कुरुषे नहि ॥"

जगत् में तुम्हारे समान अपर कोई स्पृहा शून्य व्यक्ति देखने में नहीं आता है । कारण, तुम हरि कीर्त्तन रत्न को कण्ठ धारण नहीं करते हो ।

अन्योन्य अलङ्कार—

"अन्योन्यं क्रियया चेत्स्यादुपराग परस्परम् "

एक जातीय क्रिया के द्वारा यदि परस्पर उपकृत होता है, तो अन्योन्य अलङ्कार होता है ।

उदाहरण—राधया माधवो भाति । यहाँपर दीप्ति जनन क्रिया के द्वारा परस्पर उभय ही उपकृत हैं ।

अधिक अलङ्कार—

आधाराधेययोरेकस्याधिक्येऽधिकमिष्यते ।

आधाराधिक्ये यथा-वक्षसि व्रजराजस्य नीलाब्जमिव यद्वपुः ।

फणीन्द्रेणाप्यगण्या ये कथं मान्त्यत्र ते गुणाः ॥

आधेयाधिक्ये यथा—यस्यान्तः सकलं विश्वमपश्यद्गोकुलेश्वरी

विप्र वीक्ष्योद्गतामोदा स्तस्मिन्वपुषि न ममुः ॥३४॥

विनोक्ति स्तु विनैकं चेत्सन्नसन् वा निबध्यते ।

"आधाराधेययोरेकस्याधिक्येऽधिकमिष्यते ॥

आधार एवं आधेय के मध्य में एक का आधिक्य सूचित होने पर अधिक अलङ्कार होता है ।

आधाराधिक्य का उदाहरण—

"वक्षसि व्रजराजस्य नीलाब्जमिव यद्वपुः ।

फणीन्द्रेणाप्यगण्यया ये कथं मान्त्यत्र ते गुणाः ॥"

व्रजराज के वक्षस्थल में नीलाब्ज के समान जो कृष्ण वपुः विराजित है, अनन्त के द्वारा अगण्य जो गुण समूह हैं, उन गुण समूह का गणन कैसे हो सकता है ।

आधेयाधिक्य का उदाहरण—

"यस्यान्तः सकलं विश्वमपश्यद् गोकुलेश्वरी ।

विप्रं वीक्ष्योद्गता मोदास्तस्मिन् वपुसि ना ममु. ॥

जिनके वपु में व्रजेश्वरीने सकल विश्व को देखा, उस वपु में विप्र दर्शन से जो आनन्द उत्पन्न हुआ वह आनन्द का स्थान सङ्कुलान उस में नहीं हुआ ।

विनोक्ति अलङ्कार—

"विनोक्तिस्तु विनैक चेत् सन्नसन् वा निबध्यते"

एक के बिना यदि एक शोभन वा अशोभन होता है, तो विनोक्ति अलङ्कार होता है । उदाहरण—

एकेन विना यद्यैकः शोभनोऽशोभनो वा स्यात्तदा विनोक्तिः।
क्रमेणोदा०—विना कञ्चुलिकां धत्ते वनिता वत चारुतां।
रामा रूपाभिरामापि न भाति विनयान् विना ॥३५॥
व्याजोक्ति स्तु यदि व्यक्तं छद्मना विनिगूह्यते ॥

"विना कञ्चुलिकां धत्ते वनिता वत चारुताम् ।
रामा रूपाभिरामापि न भाति विनयान् विना ॥"

वनिता कञ्चुलिका व्यतीत ही चारुताको प्राप्त करती है। किन्तु रामा-रूपाभिरामा होने परभी विनयके विना शोभिता नही होतीहै।

अथवा "विनोक्ति र्यद् विनान्येन नासाध्वन्यदसाधु वा"

विनोक्ति—यह है—जहाँ एक का अभाव से ही शोभनता होती है, अर्थात् अशोभनत्वाभाव, तथा शोभनत्वाभाव है, अतएव यह दो प्रकार हैं, एक का अभाव प्रति पादन, विना शब्द से ही होता है, अतएव विनार्थक शब्द-अन्तरेण, ऋते, निर्, निस् रहित नञ् प्रभृति के द्वारा अभाव प्रति पादन से भी विनोक्ति अलङ्कार होगा। न असाधु--शब्द का अशब्द अशोभन नहीं होगा, इस से शोभन में पर्य्यवसान होने पर भी अशोभनत्वाभाव मुखसे शोभनत्व प्रतिपादन का अभिप्राय यह है—किसी का अशोभन होना अपर के सन्निधि से है, वह तो स्वभावतः ही शोभन है। दृष्टान्त—

"शोभते नितरां राधा कृष्णस्यासङ्गमं विना।
विनासूर्य्य प्रकाशेन द्योतते चन्द्र दीधितिः ॥"

कृष्ण का असङ्गम के विना राधा शोभिता होती है। सूर्य्य प्रकाश के विना चन्द्र दीधिति शोभिता नहीं होती है। राधा का मालिन्य--कृष्ण विरह में स्वाभाविक है। अतः उसका अभाव ही शोभा का कारण है। इस प्रकार सूर्य्य प्रकाश से चन्द्र दीधिति की मलिनता है, उसका अभाव से चन्द्र दीधिति प्रकाशित होती है।

असाधु अशोभन का उदाहरण—

यथा–मद्रुरसीत्यादि ॥ अत्र कान्त-
कृतानि नखक्षतानि भृङ्गत्रस्तस्वनखक्षतव्याजेन गोपितानि ।

"विना राधां कृष्णो न सखि सुखदः सा न सुखदा
विना कृष्णं ताभ्यामपि सखि विनान्या न रसदाः
विना रात्रिं नेन्दु स्तमपि न विना सा च रुचिभाक्
विना ताभ्यां जृम्भां दधति कुमुदिन्योऽपि नितरां ॥"

निरर्थकं जन्म गतं नलिन्या यया न दृष्टं तुहिनांशु बिम्बम् ।
उत्पत्तिरिन्दोरपि निष्फलैव दृष्टा विनिद्रा नलिन न येन ॥

हे सखि ! राधा के विना कृष्ण सुखद नहीं हैं, न तो राधा भी कृष्ण के विना सुखद है। उन दोनों को छोड़कर अपर रसदा नहीं है। रात्रि के विना चन्द्र शोभित नहीं है। चन्द्र के विना रात्री भी मनोहर नहीं होती है। दोनों को छोड़कर कुमुदिनी मुदित्ता हो जाती है।

नलिनी का जन्म निरर्थक ही हुआ, जिसने चन्द्र विम्ब को देखा ही नहीं, चन्द्र की उत्पत्ति भी विफला रही, उसने भी विकसित नलिनी को नहीं देखा है। यहाँ परस्पर विनोक्ति भङ्गि से अतिशय चमत्कार होता है। विना शब्द का अप्रयोग मे भी विना भाव की विवक्षा से विनोक्ति हो होगी। इस प्रकार सहोक्ति भी 'सह' शब्द प्रयोगाभाव से सहार्थ की विवक्षा से होगी।

व्याजोक्ति अलङ्कार–

छल पूर्वक प्रकाशित वस्तु को गोपन करने से व्याजोक्ति अलङ्कार होता है। उदाहरण –

"मद्रुरसि सौरभ लोभात् पतितान् मृगनाभि भाविते मधुपान् ।
निवारयन्त्या विदितं न मया नखरक्षतं तवाभ्युदितम् ॥"

यहाँ पर कान्त कृत नखक्षत समूह को गोपन किया गया है, भृङ्ग से भीत होकर उसको अपसारण करने के निमित्त हस्त चालन से नखक्षत हुआ है। यह कहा गया है।

यथा वा—फुल्लोज्ज्वलवनमालं कामयते का न माधवं प्रमदा।
हरये स्पृहयसि राधे नहि नहि वैरिणि वसन्ताय ॥

यथा वा—प्रजल्पन्मत्पदे लग्नः कान्तः किं नहि नूपुरः ।३६।
समासोक्ति र्यदि श्लिष्टैः परोक्तिः स्याद्विशेषणैः ॥

अन्य दृष्टान्त—फुल्लोज्ज्वल वनमालं कामयते का न माधवं प्रमदा।
हरये स्पृहयसि राधे नहि नहि वैरिणि वसन्ताय ॥

ऐसी कौन प्रमदा है—जो फुल्ल उज्ज्वल वनमाला शोभित माधव को नहीं चाहती है ? राधे तुम भी हृदय से माधव को चाहती हो, वैरिणि ! मैं वैसा नहीं चाहती हूँ, किन्तु वसन्त ऋतु को चाहती हूँ। अथवा—

प्रजल्पन् मत्पदे लग्नः कान्तः किं नहि नूपुरः"

मेरे चरण में संलग्न मुखरित कान्त है, नहीं -नूपुर है।

समासोक्ति अलङ्कार—

"समासोक्ति र्यदि श्लिष्टैः परोक्तिः स्याद् विशेषणैः ॥

यदि श्लिष्ट विशेषण के द्वारा अपर का कथन हो तो समासोक्ति अलङ्कार होता है।

"कलाभि" श्लोक के चतुर्थचरण में उक्त है—"सोऽयं कृष्ण-विजयतेतराम्" यहाँ श्लिष्ट विशेषण के द्वारा चन्द्र का भी बोध होता है। अथवा समासोक्तिः समैर्यत्र कार्य्यलिङ्गविशेषणैः।
व्यवहार समारोपः प्रकृतेनास्य वस्तुनः ॥"

साहश्य मूलक सर्व उक्ति साम्य प्राप्त विनोक्ति का वर्णन करके समासोक्ति अलङ्कार का निरूपण करते हैं, लक्षण में 'य' इस अर्थ में 'यत' अव्यय का प्रयोग हुआ है, उसके सहित प्रस्तुत पदार्थ का वर्णन करते समय कार्य्य--कर्म्म, लिङ्ग—पुरुषोत्तम, लक्ष्मी, ब्रह्मात्मक भेदक धर्म से अप्रस्तुत पदार्थ का व्यवहार का आचरणारोप से

कलाभिरित्यादौ सोऽयं कृष्णो विजयतेतरामिति तुर्य्ये पादे सत्युदाहरणं ॥ अत्र श्लिष्टविशेषणमहिम्ना चन्द्रस्यापि प्रतीतिः ॥३७॥

समासोक्ति अलङ्कार होता है।

कार्य्यका वर्णन प्राप्त होने पर अप्रस्तुत व्यवहार का समारोप का उदाहरण —

"गोपीगणादुत्तम वंशजाताद् वंश्ये-धन्यालघुवंशजापि ।
कृष्णाधरं दुर्लभगन्धमासां पिबत्यलं यास्त्यनिवारिताग्रे ॥"

उत्तम वंश से उत्पन्न गोपी गणों से लघुकुलोत्पन्न होकर भी वंशी ही धन्या है, गोपी के पक्ष में कृष्णाधर लाभ दुर्लभ है, और वंशी ता यथेष्ट उसका पान करती रहती है,बाधक कोई नहीं है, यहाँ अधर पान कार्य्य के द्वारा वंशी में नायिका व्यवहार का आरोप हुआ है। लिङ्ग सामान्य का दृष्टान्त—

"विलम्ब्य राधया कामं भजतेऽन्यां हरिः स्त्रियम् ।
पद्मिनीं रमयित्वादौ सन्ध्यां मिलति भास्करः ॥"

श्रीहरि—राधा में यथेष्ट रमण करने के पश्चात् अन्य स्त्री में गमन करते हैं, भास्कर पद्मिनी में रमण करने के पश्चात् सन्ध्या में अनुरक्त होता है। यहाँ पुरुषोत्तम लिङ्ग साम्य से सूर्य्य पद्मिनी आदि का नायक नायिका व्यवहार होता है।

विशेषण पद का श्लेष से उभयार्थ होता है, विशेषण पद का श्लेष न होने से उस का वाच्य प्रस्तुत अप्रस्तुत उभय पर होने पर औपम्य गर्भ से, विशेषण के मध्य में सादृश्य बोधक होने पर समासोक्ति त्रिविध हैं, अपर के मत में तीन प्रकार हैं, निज मत में दो प्रकार हैं,एकश्लेष युक्त,अपर अश्लेष युक्त। प्रथम का उदाहरण--

स्पृष्टा करेण रविणा प्रकटातिरागां
राधे विलोक्य गलत्तिमिरावृत्तिं ताम् ।

ऐन्द्रीं विलोक्य हरितं कलुषान्तरोऽयं
प्राचेतसीं श्रयति हन्त ! दिशं हिमांशुः ॥"

देखो राधे ! अनुराग युक्त तिमिरावरण रहित ऐन्द्रीदिक् को सूर्य्य के कर से युक्त देखकर हिमांशु ने दुःखित होकर पश्चिम दिक् का आश्रय ग्रहण कर लिया। यहाँ एकदेश रूपण से भी समासोक्ति ही है, एकदेश विवर्त्ति रूपक ही है। यहाँ तिमिर अंशुक का रूप्य रूपक भाव है, और दोनों का आवरक स्वरूप में सादृश्य है, अपर का सान्निध्य की अपेक्षा नहीं है। अतः समासोक्ति का विघटन नहीं होता है, यहाँ रूप्य रूपक का सादृश्य अस्फुट है। यहाँ एक देशान्तर रूपण के विना असङ्गत होगा, अतः शब्दोपात्त होने पर भी एकदेश रूपण के निमित्त अपेक्षा ही है, अतः एकदेश विवर्त्ति रूपक ही होगा। उदाहरण—

"संग्रामान्तः पुरे चक्रं स्वपादौ कुर्वतो हरेः।
संमुख्यपि हठाज्जाता रिपुसेना पराङ्मुखी ॥"

श्रीहरि का चक्र चरण--संग्राम एवं अन्तः पुर में गमन करने से सन्मुख होकर भी रिपुसेना पराङ्मुखी हुई। यहाँ संभोगान्तः पुर का सादृश्य अस्फुट है। कहीं पर अनेक स्फुट सादृश्य का रूपण शाब्द है, एवं एकदेश का रूपण आर्थ है,— वहाँ एकदेश विवर्त्ति रूपक ही है। रूपक की प्रतीति व्यापक होने से समासोक्ति लुप्त होगी, यदि ऐसा हो कि—संग्राम--अन्तः पुर में सुख सञ्चार के कारण सादृश्य स्फुट ही है, वैसा कहना सत्य है। किन्तु वाक्यार्थ पर्य्यालोचन सापेक्ष है, निरपेक्ष्य नहीं है। मुख चन्द्रादि का मनोहरत्व स्वाभाविक है, किन्तु संग्राम--अन्तः पुर में गमन के तुल्य स्वतः सुख कर नहीं है।

साधारण का दृष्टान्त--'निसर्ग सौरभोद्भ्रान्त भृङ्गसङ्गीत शालिनी।
राधे ! पश्योदिते सूर्य्ये स्मरोजनि सरोजिनी ॥"

हे राधे ! देखो ! सूर्य्य उदित होने पर निसर्ग सौरभ से विभोर भृङ्ग सङ्गीत शालिनी सरोजिनी हँस गई। यहाँ निसर्गादि विशेषण

सहोक्तिः पदमेकं चेत् सहार्थाद्वाचकंद्वयोः ।।

के साम्य से सरोजिनी में नायिका को प्रतीति होने पर स्मेर धर्म्म स्त्री मात्रगामी है, उसका आरोप में भी वह कारण है, उस के बिना साम्य मात्र से नायिका व्यवहार की प्रतीति नहीं हो सकती है।

उपमा रूपक—सङ्कर गर्भ हेतु औपम्य गर्भत्व त्रिविध हैं। औपम्य गर्भत्वका—उदाहरण—

"दन्त प्रभा—पुष्पचिता पाणिपल्लव शालिनी।
केशपाशालिवृन्देन सुवेशा भाति राधिका।।"

दन्त प्रभा पुष्पचिता पाणि पल्लव शालिनी केश बन्धन के द्वारा सुवेश युक्ताराधिका है। यहाँ सुवेशत्व के कारण प्रथम दन्त प्रभा पुष्प के तुल्य उपमागर्भ समास है, अनन्तर दन्त प्रभा सदृश पुष्प युक्त है, इस प्रकार भिन्न समास के समान विशेषण से राधिका में लता का आरोप है। रूपक गर्भ होने से 'लावण्य मधु से पूण' यह उदाहरण होगा।

सङ्कर गर्भ का उदाहरण—"दन्त प्रभेत्यादौ सुवेशेत्यस्यस्थाने परीतेति पाठे अत्र उपमारूपक साधका भावात् सङ्कर समा श्रयेण समासान्तरं पूर्ववत्। समासान्तर महिम्नालताप्रतीतिः।।"

दन्त प्रभा इत्यादि में सुवेश के स्थान में परीत इस पाठ से सङ्कर गर्भ का उदाहरण होगा। यहाँ रूपक की सामग्री न होने से सङ्कर के सहित समासान्तर पूर्ववत् होगा, समासान्तर की महिमा से लताकी प्रतीति होगी, इस प्रकार अन्यत्र रूपकमें अप्रकृत आत्मरूप सन्निवेश से प्रकृत का आच्छादन होता है।

यहाँ निजावस्था का आरोपण से अनाच्छादित स्वरूप ही पूर्वावस्था से विशेष है, अतएव यहाँ व्यवहार का समारोप हैं, स्वरूप का समारोप नहीं है। उपमाध्वनि श्लेष में विशेष का भी साम्य है, यहाँ विशेषण मात्र का है। अप्रस्तुत प्रशंसा में अप्रस्तुत का साम्य है, यहाँ तो प्रस्तुत का साम्य है, यह भेद है।

उदा०-स्मितेन सह कान्तस्य तस्या विकसितं मनः॥
यथा वा-सहाधरतलेनास्या यौवने रागवान् प्रियः ॥३८॥

सहोक्ति अलङ्कार—

"सहोक्तिः पदमेकं चेत् सहार्थाद् वाचकं द्वयोः॥

एक पद सहार्थ हेतु दो का वाचक होने से सहार्थ अलङ्कार होता है।

उदाहरण—"स्मितेन सह कान्तस्य तस्या विकसितं मन."

कान्त का ईषद् हास्य के सहित कान्ता का मन विकसित हुआ।

"सहाधरदलेनास्या यौवने रागवान् प्रियः॥

प्रिया का यौवन समय में अधर रक्तिमा होने के साथ ही प्रिय अनुरक्त हुआ था।

अथवा। सा सहोक्ति र्मूलभूतातिशयोक्ति र्यदा भवेत्॥"

सहार्थक शब्द की उक्ति से सहोक्ति अलङ्कार होता है। यथा कथञ्चित् सादृश्य मूला सहोक्ति का निरूपण करते हैं। जब अतिशयोक्ति भेद में अभेदाध्यवसायमूला, कार्य्य कारण का विपर्य्यय रूपा अतिशयोक्ति का मूलभूता प्रयोजिका हो, तब सहार्थस्य--सह, साकं—प्रभृति सहार्थ वाचक शब्द केवल से एक पदार्थ, दो पदार्थ वाचक—अन्वयी हो--तो वह सहोक्ति अलङ्कार होगा। अर्थात् अतिशयोक्ति मूलक होकर सहार्थक शब्द प्रयोज्य एक पदार्थ का अनेक पदार्थ में अन्वय होने से सहोक्ति अलङ्कार होगा। लक्षण में अतिशयोक्ति पद प्रदान का तात्पर्य्य यह है कि—अतिशयोक्ति पदसे अतिशयोक्ति सामान्य का ग्रहण नहीं होगा। विशेषातिशयोक्ति का ग्रहण होगा। अर्थात् भेद में अभेदाध्यवसाय घटिता अतिशयोक्ति अभेदाध्यवसाय मूला है। श्लेष भित्ति का श्लेष प्रयुक्त भेद मूला, अन्यथा अश्लेष प्रयुक्त भेद मूला भी होगी। उदाहरण—

अद्भुतात्यन्तशौर्य्यादिख्याति रत्युक्ति रुच्यते ।।

'सहाधरेण राधाया यौवने रागभाक् प्रियः"

यहाँ 'राग' पद में श्लेष है। यौवन काल में राधा का अधर रञ्जित होने के साथ प्रिय भी अनुरक्त हुआ था। राग पद श्लिष्ट है, अधर दल का राग—लौहित्य, प्रिय का राग प्रेम है, लौहित्य-प्रेम-भिन्न होने पर भी अभेदाध्यवसाय से अतिशयोक्ति है, उस से-सहार्थ से एक राग युक्त पदार्थ का अधर दल—प्रिय के साथ अन्वय से श्लेष प्रयुक्त अध्यवसाय रूपा अतिशयोक्ति मूला सहोक्ति है।

"कृष्णस्य राधा प्रणयोच्च सम्पदा माधुर्य्य सम्पत्सह वर्द्धतेऽनिशम् ।
तयोश्च कुञ्जेषु विलास सन्ततिः सार्द्ध सखीनां सुखसञ्चयात्तिभिः ॥"

अत्र माधुर्य्य वर्द्धनादेः सम्बन्धि भेदादेव भेदो, न श्लेषः।
कृष्णस्य कुञ्जे विजिहीर्षयासमं समागतासा वृषभानुजालिभिः।
इयञ्च मालयापि भवति"

राधा प्रणयोच्च सम्पद के सहित कृष्ण का माधुर्य्य सम्पत् निरन्तर बढ़ती रहती है। सखियों की सुख सम्पत्ति के सहित दोनों के सहित दोनों के कुञ्ज विलास प्रवाह भी बढ़ते रहते हैं। यहाँ माधुर्य्य वर्द्धनादि का सम्बन्धि भेद से भेद है, श्लेष नहीं है। कुञ्ज में श्रीकृष्ण की क्रीड़ा करने की इच्छा से श्रीवृषभानुजा सखियों के सहित आगई। यह अलङ्कार मालारूपा भी होता है। दृष्टान्त—

"त्वद् वाग्येन समं समग्रमधुना तिग्मांशुरस्तं गत इत्यादि॥"

तुम्हारे भाग्य के सहित सूर्य्य भी अस्तगत हुआ। 'लक्ष्मण के सहित राम वन गमन किये थे' इस वाक्य में अतिशयोक्ति न होने से सहोक्ति अलङ्कार नहीं हुआ है।

अत्युक्ति अलङ्कार—

"अद्भुतात्यन्तशौर्य्यादि ख्यातिरत्युक्तिरुच्यते"

अद्भुत अत्यन्त शौर्य्यादि का कथन से अत्युक्ति अलङ्कार

यथा–राजन्सप्ताब्धकूपारा स्त्वत्प्रतापाग्निशोषिताः।
त्वदरिराजवनिता-वाष्पपूरेण पूरिताः॥

यथा वा--यच्छन्तमर्थान् विविधान् जनेभ्यः श्रुत्वाम्बरीषं नृपसार्वभौमं।
कल्पद्रुमा याचकभावभाज स्तस्य प्रतीहारतटीं भजन्ते।२९।

डिम्भादि निजचेष्टोक्तिः स्वभावोक्ति रुदीर्य्यते॥

यथा-मुखपुटनिहित-कराङ्गुलिरुच्चलचरणः स देवकीसूनुः।
क्षणरुदितस्मितकुशलो व्रजकुलमुदमतितरामतनोत्।३०।

होता है। उदाहरण–

"राजन् सप्ताब्धकूपारास्त्वत् प्रतापाग्निशोषिताः"

हे राजन्! आपके प्रतापाग्नि से सप्त समुद्र शुष्क हो गये हैं।

"त्वदरिराजवनिता वाष्पपूरेण पूरिताः"

आपकी अरिराज वनिता गण वाष्पपूरसे पूर्ण हो गई हैं।

अथवा–

"यच्छन्तमर्थान् विविधान् जनेभ्यः श्रुत्वाम्बरीषं नृपसार्वभौमम्।
कल्पद्रुमा याचक भावभाजस्तस्य प्रतीहारतटीं भजन्ते॥"

नृप सार्वभौम अम्बरीष--व्यक्ति मात्र को विविध वस्तु प्रदान कर रहे हैं, सुनकर कल्पतरुवृन्द प्रार्थना परायण होकर प्रतीहारी के समीप में उपस्थित होते रहते हैं।

स्वभावोक्ति अलङ्कार–

"डिम्भादि निजचेष्टोक्तिः स्वभावोक्ति रुदीर्य्यते॥

बालक प्रभृति के चेष्टादि का वर्णन को स्वभावोक्ति कहते हैं।

उदाहरण–"मुखपुटनिहित कराङ्गुलिरुच्चलचरणः स देवकीसूनुः।
क्षणरुदितस्मित कुशलो व्रजकुलमुदमतितरामतनोत्॥

निरुक्ति श्चेद्‌भवेन्नाम्नां योगादन्यार्थकल्पना ॥

यथा—स्वज्ञाति-शत्रोः शक्रस्य संच्छिन्दन्पविमुत्वणम् ।
दधाराह्वयमन्वर्थमेष गोवर्द्धनो गिरिः ॥४१॥

प्रकृतस्योपमानेन यो निर्गीर्णस्य निश्चयः ।
अन्यदेवेति यद्वस्तु तदेव परिकीर्त्यते ॥
यत्तु चेद्यदिशब्दाभ्यामसम्भाव्यार्थकल्पनं ।
पौर्वोक्तिव्यत्ययो यश्च वर्ण्यते हेतुकार्य्ययोः ।

मुख पुट में निहित कराङ्गुलि चरण चारण परायण होकर क्षण क्षण में रोदन एवं ईषत् हास्य में निपुण देवकी नन्दन व्रजजन गण के अतिशय आनन्द विस्तार किये थे।

निरुक्ति अलङ्कार—

"निरुक्ति श्चेद्‌भवेन्नाम्नां योगादन्यार्थकल्पना ॥

नाम समूह के योग से अन्यार्थ कल्पना यदि हो तो निरुक्ति अलङ्कार होता है। उदाहरण—

"स्वज्ञाति-शत्रोः शक्रस्य संच्छिन्दन्पविमुल्वणम् ।
दधाराह्वयमन्वर्थमेष गोवर्द्धनो गिरिः ॥४१॥

निज ज्ञाति शत्रु इन्द्र के भीषण अग्नि उद्‌गीरण परायण वज्र से परित्राण करने के निमित्त गोवर्द्धन कारी गोवर्द्धन पर्वत निज नाम को सार्थक किया था।

अतिशयोक्ति अलङ्कार—

"प्रकृतस्योपमानेन यो निर्गीर्णस्य निश्चयः ।
अन्यदेवेति यद्वस्तु तदेव परिकीर्त्यते ॥
यत्तु चेद्यदिशब्दाभ्यामसम्भाव्यार्थकल्पनं ।
यत्तु चेद्यदिशब्दाभ्यामसम्भाव्यार्थकल्पनं ।
पौर्वोक्तिव्यत्ययो यश्च वर्ण्यते हेतुकार्य्ययोः ॥

योगेऽप्ययोगोऽयोगेऽपि योगो यः परिकल्प्यते ॥
षड् विधातिशयोक्तिः सा कविभिः समुदीर्य्यते ॥
अन्तर्निगीर्णस्योपमेयस्य यदुपमानेन निरूपणं सातिशयोक्तिः प्रथमा ।

यथा—जाता लता हि शैले जातु लतायां न जायते शैलः ।
संप्रति तद्विपरीतं कनकलतायां गिरिद्वयं जातम् ॥

योगेऽप्ययोगोऽयोगेऽपि योगो यः परिकल्प्यते ।
षड् विधातिशयोक्तिः सा कविभिः समुदीर्य्यते ॥

निगीर्ण उपमेय का उपमान के द्वारा हाने से अतिशयोक्ति अलङ्कार होता है । वह वस्तु अन्य ही है—इस प्रकार वणन से अतिशयोक्ति होती है । (१) 'यदि चेत्' शब्दोंके द्वारा सम्भाव्य अर्थ की कल्पना हो तो अतिशयोक्ति अलङ्कार होता है । (३)

हेतु की शीघ्रकारिता कथन हेतु यदि कार्य्य का प्रथम वर्णन होता है, अथवा कार्य्य कारण का युगपत् वर्णन होता है, तो अतिशयोक्ति अलङ्कार होता है । (४) सम्बन्ध होने पर भी यदि असम्बन्ध की कल्पना होती है तो (५) अतिशयोक्ति अलङ्कार होता है । असम्बन्ध होने पर भी यदि सम्बन्ध की कल्पना हो तो (६) अतिशयोक्ति अलङ्कार होता है ।

प्रथम अतिशयोक्ति का उदाहरण—

जाता लता हि शैले जातु लतायां न जायते शैलः ।
सम्प्रति तद्विपरीतं कनकलतायां गिरिद्वयं जातम् ॥"

पर्वत में लता उत्पन्न होती है, किन्तु कभी भी लता में पर्वत उत्पन्न नहीं होता है । किन्तु सम्प्रति उस नियम का विपरीत दृष्ट होता है । कारण--कनकलता में पर्वतद्वय उत्पन्न हुये हैं ।

यहाँ लता के द्वारा नायिका का निश्चय किया गया है, एवं

अत्र लतया नायिका निश्चीयते, गिरिभ्यां तु स्तनयुग्मम् ।

यच्च तदेव वस्त्विदमन्यदेवेति वर्ण्यते सा द्वितीया ॥

यथा–अन्यदेवाङ्गलावण्यमन्याः सौरभसम्पदः ।

अस्याः पद्मपलाशाक्ष्याः सरसत्वमलौकिकम् ॥

यदिचेच्छब्दाभ्यामसम्भाव्यार्थस्य यत्कल्पनं सा तृतीया ॥

यथा–प्रवालमुक्ताद्युतिपुष्पजालश्चलन् यदि स्यात्कनकाक्त-मूलः ।

तापिञ्छशाखी शिखिपिच्छमौले स्तदास्य दास्याय दधीत चेतः ॥

गिरि द्वय के द्वारा स्तन युगल का निश्चय किया गया है । द्वितीया अतिशयोक्ति—

वस्तु वही है, किन्तु उसका वर्णन अन्य रूप से करने से द्वितीया अतिशयोक्ति होती है । उदाहरण—

"अन्यदेवाङ्ग लावण्यमन्याः सौरभ सम्पदः ।

अस्याः पद्मपलाशाक्ष्याः सरसत्वमलौकिकम् ॥"

अन्य प्रकार ही अङ्ग लावण्य है, और सौरभ सम्पद भी अन्य प्रकार है, इस कमल नयनी का सरसत्व अलौकिक है ।

तृतीया अतिशयोक्ति--यदि शब्द के द्वारा असम्भाव्य अर्थ की कल्पना हो तो तृतीया अतिशयोक्ति होती है । उदाहरण—

"प्रवालमुक्ताद्युति पुष्पजालश्चलन् यदि स्यात् कनकाक्त मूलः ।

तापिञ्छशाखी शिखिपिच्छमौले स्तदास्य दास्याय दधीत चेतः ॥

तमाल वृक्ष यदि प्रवाल मुक्ता द्युति सम्पन्न पुष्प समन्वित हो और वह कनक युक्त मूलदेश के हो, और जङ्गम हो–तब उस तापिञ्छ शाखी शिखिपुच्छ विभूषित मस्तक श्रीकृष्ण के दास्य में चित निमज्जित होता ।

हेतोः शीघ्रकारितां वक्तुं कार्य्यस्य यत्प्राग्वचनं यौगपद्यं वा सा चतुर्थी ॥ क्रमेण यथा—

(१) जातः संसृतिसर्पस्य पूर्वं दर्प-परिक्षयः ।
श्रीरङ्गिसङ्गिनां सङ्गः संप्रति प्रतिपद्यते ॥

(२) भजन्ति युगपद्वीर ज्यां रिपूंश्च तवेषवः ।

सम्बन्धेऽपि सति यदसम्बन्धकल्पनं सा पञ्चमी ।

यथा—अनयोरनवद्याङ्गि स्तनयो र्जृम्भमाणयोः ।
अवकाशो न पर्य्याप्त स्तव बाहुलतान्तरे ॥

चतुर्थी अतिशयोक्ति—उदाहरण—

हेतु की शीघ्र कारिता को प्रकाश करने के निमित्त कार्य्य का पूर्व कथन अथवा युगपद् कथन हो तो चतुर्थी अतिशयोक्ति होती है। क्रमशः उदाहरण--(१) "जातः संसृति सर्पस्य पूर्व दर्प परिक्षयः।
श्रीरङ्गिसङ्गिनां सङ्गः सम्प्रति प्रतिपद्यते ॥

संसर्पण परायण सर्प का पूर्व दर्प क्षीण हुआ, किन्तु लक्ष्मीवान् जनों के संसग प्राप्त का सङ्ग का परिचय सम्प्रति मिलता है।

(२) भजन्ति युगपद्वीर ज्यां रिपूंश्च तवेषवः ।

हे वीर ! तुम्हारे शर समूह-युगपद् धनुर्गुण का एवं रिपु समूह का भजन करते हैं।

पञ्चमी अतिशयोक्ति—

सम्बन्ध होने पर भी जो असम्बन्ध की कल्पना की जाती है, वह पञ्चम प्रकार की अतिशयोक्ति है। उदाहरण—

"अनयोरनवद्याङ्गि स्तनयो र्जृम्भमाणयोः ।
अवकाशो न पर्य्याप्त स्तव बाहुलतान्तरे ॥

हे अनवद्याङ्गि ! तुम्हारे विकसित स्तन द्वय का स्थान-तुम्हारी बाहुलता के मध्य में पर्य्याप्त नहीं है।

अत्र बाहुमध्ये स्तनावकाश-योगेऽपि तदयोगो वर्णितः ॥

असम्बन्धे सत्यपि यत्सम्बन्धकल्पनं सा षष्ठी ॥ यथा—

दिनैः कतिपयैर्यायात्क्षयं मेरु र्दिनान्तकृत् ।

इत्यभ्येति मुदं कोकी दातरि त्वयि भूपते ॥

अत्र चक्रवाक्या दिवसावसानकारिसुमेरुर्विनाश-सम्भावन-प्रयुक्तानन्दा सम्बधेऽपि तत्सम्बन्धो वर्णितः ॥४२॥

यहाँ बाहु द्वय के मध्यस्थल में स्तनद्वय का स्थान पर्य्याप्त होने पर भी जो अपर्य्याप्त कल्पना की गई है, उस से पञ्चमी अतिशयोक्ति हुई है।

षष्ठी अतिशयोक्ति— असम्बन्ध होने पर भी जो सम्बन्ध की कल्पना की जाती है--उसे षष्ठी अतिशयोक्ति अलङ्कार कहते हैं।

उदाहरण—"दिनैः कतिपयैर्यायात्क्षयं मेरु र्दिनान्तकृत ।

इत्यभ्येति मुदं कोकी दातरि त्वयि भूपते ॥

दिवावसान कारी मेरु का क्षय कतिपय समय के अनन्तर होगा, हे नृप ! आप के सदृश दाता के अवस्थान से ऐसा सम्भव होगा, यह जानकर चक्र वाकी आनन्दित हो रही है।

यहाँ दिवसावसानकारि सुमेरु विनाश सम्भावना निबन्धन आनन्द का असम्बन्ध होने पर भी उसका सम्बन्ध वर्णित हुआ है।

अथवा—"सिद्धत्वे ऽध्यवसायस्यातिशयोक्ति र्निगद्यते ॥"

विषय निगरणेनाभेद प्रतिपत्तिर्विषयिणोऽध्यवसायः । तस्य चोत्प्रेक्षायां विषयिणो ऽनिश्चितत्वेन निर्देशात साध्यत्वम् । इह तु निश्चितत्वेनैव प्रतीति रिति सिद्धत्वम् । विषय निगरश्चोत्प्रेक्षायां विषयस्याधः करण मात्रेण । इह तु 'मुखं द्वितीयचन्द्रः' इत्यादौ यदाहुः'

विषयस्यानुपादाने ऽप्युपादानेऽपि सूरयः ।

अधः करण मात्रेण निगीर्णत्वं प्रतीयते ॥"

भेदेऽप्यभेदः सम्बन्धेऽसम्बन्धस्तद् विपर्य्ययौ ।
पौर्वापर्य्यात्यय कार्य्य हेत्वोः सा पञ्चधा ततः ॥

तद् विपर्य्ययौ— अभेद भेदः, असम्बन्धे सम्बन्धः । सा अतिशयोक्तिः ।

सम्भावना रूप उत्प्रेक्षा का वर्णन के पश्चात् किञ्चित् विभिन्न तत् सम्भावना रूपा अतिशयोक्ति का निरूपण करते है । यथार्थ वस्तु में अयथार्थ वस्तु रूप से,—निरुक्त सम्भावना सिद्ध होने पर, निश्चय रूपसे परिणत होने पर, अतिशयोक्ति नामक अलङ्कार होता है । अतएव अतिशय से,– सम्भवातिरेक से,–योग्यतातिक्रमसेवा, उक्ति अतिशयोक्ति है ।

विवक्षा या विशेषस्य लोकसीमातिवर्त्तिनी ।
असावतिशयोक्तिः स्यादलङ्कारोत्तमा यथा ॥

अग्नि पुराणे च—लोक सीमातिवृत्तस्य वस्तु धर्मस्य कीर्त्तनम् ।

भवेदतिशयो नाम सम्भबोऽसम्भवो द्विधा । एतेन यथार्थस्य अयथार्थ रूपेण निश्चयरूपा सम्भावना--अतिशयोक्तिरिति लक्षणं पर्य्यवसितम् ।'

अध्यवसाय का यह है– जिस में अध्यवसाय होता है, वह विषय है, यथार्थ वस्तु है । उसका अधः करण से--निगरण से--यथा कथञ्चित् अप्रधान करने से, जो वस्तु अध्यवसान प्राप्त है, वह विषय है, वह यथाथ वस्तु है, उसकी अभेव प्रतिपत्ति--अभेद सम्भावना अध्यवसाय है, निगीर्ण रूप से यथार्थ वस्तु के सहित अयथार्थ वस्तु का अभेद ज्ञान ही अध्यवसाय है । उत्प्रेक्षा के सहित अतिशयोक्ति का भेद है, उत्प्रेक्षा में विषयी का निर्देश आनश्चित रूप से होने से अयथार्थ का स्थापन, युक्त्यादि के द्वारा होता है, अतः साध्यत्व है, अतिशयोक्ति में विषयी की प्रतीति निश्चय रूपसे होती है, अतः लक्षण में "सिद्धत्वे" कहा गया है । उत्प्रेक्षा में विषय निगीरण है । यथार्थ पदार्थ का अधः करण मात्रेण— अर्थात् केवल अप्रधानी करने से ही होता है । "मुखं द्वितीयश्चन्द्रः" उत्प्रेक्षा जिस प्रकार होती है,

उस प्रकार अतिशयोक्ति भी होती है। समान विषय होने से अतिशयोक्ति लक्षण की अतिव्याप्ति उत्प्रेक्षा में होगी, अतः 'सिद्धत्वे' विशेषण देना आवश्यक है।

ज्ञातव्य यह है—कि-घट में पल्लवारोपण से घटका अधः करण होता है। "ऊरुकुरङ्ककदृशः" यहाँ ऊरुरूप यथार्थ वस्तु में सम्भावयामि यदयं स्मरस्य विजय स्तम्भः' मुख द्वितीयश्चन्द्रः" यहाँ मुखरूप यथार्थ वस्तु में "मन्ये यदयं द्वितीयश्चन्द्र एव" उस प्रकार है। विषय का अधः करण ही विषय निगीरण है। प्राचीन पण्डित गण--विषय यथार्थ पदार्थ का अनुपाद न--अनुल्लेख से भी उपादान-का उल्लेख से भी, अधः करण मात्रेण केवल विषय का अप्रधान करने से, निगीर्णत्व, विषय का निगीरण कहते हैं। सम्प्रति अतिशयोक्ति का प्रकार वर्णन करते है। भेद में भी अभेद, अभेद में भेद, सम्बन्ध, में असम्बन्ध, में सम्बन्ध, कार्य्य कारण का पौर्वापर्य्य विपर्य्यय, ये पञ्चविध भेद हैं। भेद में अभेद, यथार्थ से अयथार्थ भिन्न होने पर भी उससे अभिन्न रूपसे सम्भावना, यथार्थ का सम्बन्ध में भी असम्बन्ध की सम्भावन, उभयका विपर्य्यय--वैपरीत्यद्वय, यथार्थ अयथार्थ में अभेद होने पर भी भेद की सम्भावना, यथार्थ का असम्बन्ध होने से भी सम्बन्ध सम्भावना, तथा कार्य्य हेतु कार्य्य कारण का पौर्वापर्य्यात्यय, पूर्व वर्त्तित्व, परवर्त्तित्व, रूप वपरीत्य, यहाँ आसत्ति क्रम से ही अन्वय है। संख्याक्रम से नहीं, कारण का पूर्व वर्त्तित्व होना नियत है। यहाँ यदि कारण से कार्य्य का पूर्व वर्त्तित्व की सम्भावना, समकाल वर्त्तित्व की सम्भावना हो तो वह अतिशयोक्ति पञ्चविध होगी।

विपर्य्यय—अभेद में भेद असम्बन्ध में सम्बन्ध सा-अतिशयोक्ति भेद में अभेद का दृष्टान्त—

"इन्दुर्नीलाम्बुज युगमपि तिलपुष्पं सबन्धुकम्।
यस्यां कनकलतायां सेयं कृष्णाङ्गना चित्रम्॥"

इन्दु, नीलाम्बुज युगल, बन्धुक पुष्प के सहित तिल पुष्प

(नासिका) जिस कनकलता में है, वह कृष्णाङ्गना विचित्र है। यहाँ श्रीराधिका के मुख नेत्रादि का इन्दु नीलाम्बुजादि के सहित अभेद अध्यवसाय है।

अथवा—माधव तव राधायां विधुरुदयी पूर्णतां लभताम्।
　　नीलाम्बुरुह युगलं तस्मिन् फुल्लं तदेतदाश्चर्य्यम्॥

हे माधव! तुम्हारी राधा में उदित विधु पूर्णता को प्राप्त होते हैं। आश्चर्य्य तो यह है—उसमें नीलकमल युगल विकसित हैं। अथवा—विश्लेष दुःखादिव बद्ध मौनम्" यहाँ चेतन गत मौनत्व पृथक् है, अचेतन गत मौनत्व पृथक् है। उभय में भेद होने पर भी अभेद है, एवं 'सहाधर बलेनास्या यौवने 'रागभाक् प्रियः" यहाँ अधर का राग—लौहित्य है, प्रियका प्रेम-दोनों का अभेद है।

अभेद में भेद का दृष्टान्त—

"अन्यैव सौन्दर्य्य समृद्धिरस्या भङ्गी तथान्या वपुषोदृशश्च।
स्वान्तस्य चोल्लास भरस्तथान्यो राधैवसान्या प्रियसङ्गमेन॥"

राधा की सौन्दर्य्य समृद्धि अन्य है, वपु नयनों की भङ्गी भी पृथक् है। अन्तर का उल्लासाधिक्य भी पृथक् है, प्रिय सङ्गम से राधा ही उल्लसित होती है। अन्य कोई नहीं, सम्बन्ध में असम्बन्ध का दृष्टान्त—

अमृतं चकोर विलसितमपि शशिनि कापि नान्वभावीति।
राधामुखमनुभवता हरिणा तस्मिन् तत्तदेव मन्येत॥

चन्द्र में चकोर विलसित अमृत होने पर भी किसी को अनुभव नहीं होता है, श्रीकृष्ण, राधामुख का अनुभव कर सबका अनुभव करते हैं। यहाँ चन्द्र में उसका सम्बन्ध होने पर भी असम्बन्ध है। असम्बन्ध में सम्बन्ध का उदाहरण—

"यदिस्यान्मण्डलेसक्तमिन्दोरिन्दीवर द्वयम्।
तदोपगीयते राधावदने चारुलोचनम्।

यदि इन्दु मण्डल में इन्दीवर युगल संलग्न हो तो राधा वदन

हेतौ सति फलाव्यक्ति विशेषोक्ति रुदीर्य्यते ।।

में चारु लोचन की उपमा हो सकती है। यहाँ यदि शब्द प्रयोग से कल्पित रक्तत्व सम्बन्ध से अध्यवसाय की प्रतीति होती है, अतः इन्दु मण्डल में यथार्थ इन्द्रीवरासक्त का यथार्थ के सहित सक्तत्वरूप से अध्यवसाय होने पर लक्षण की सङ्गति हुई। कार्य्य कारण का पौर्वापर्य्य दो प्रकार से है। कारणके पहले कार्य्य की स्थिति से, कार्य्य कारण की स्थिति-समान कालीन होने से। क्रमपूर्वक उदाहरण-

कृष्णाङ्ग सङ्गाय वराङ्गनानां वितन्वती भूरिविकार वृन्दम्।
पूर्वं मनस्युत् सुकता चिरासीद्विवेश पश्चान्मुरली निनादः।

श्रीकृष्ण मिलन हेतु गोपाङ्गनाओं में अतिशय विकार समूह की उत्पत्ति होती है, पहले मन में उत्सुकता आविर्भूत होती है, पश्चात् उस मे मुरली ध्वनि प्रविष्ट होती है।

"द्वयमेतत् समं जातं रासलीलार्थिनो हरेः।
मुरली वादनं गोपी वृन्दस्याकर्षणं पुरः॥"

रासाभिलाषी श्रीकृष्ण के कार्य्य द्वय युगपत् हुये थे। मुरली वादन एवं निज समीप में गोपीवृन्द का आकर्षण। इस विषय में कतिपय व्यक्ति कहते हैं—

मुख नेत्रादि गतो लौकिकातिशयो लौकिकत्वेनाध्यवसीयते।

मुख नेत्रादि गत लौकिक अतिशय अलौकिक रूपमें अध्यवसाय नहीं करते हैं। मुख नेत्रादि का चन्द्रादि के द्वारा अध्यवसाय से अन्येव सौन्दर्य्यादि अन्यरूप से अध्यवसाय होते हैं। अन्य देव के स्थान में 'अन्येव' इव शब्द के योग से अध्यवसाय का असाध्यत्व है। अतः उत्प्रेक्षा होती है, कृष्णाङ्ग सङ्गाय' यहाँ मुरली निनाद प्रथम होने से भी पश्चात् हुआ है। ऐसा अध्यवसाय है। अतएव यहाँ भी इव शब्द के योग से उत्प्रेक्षा है।

विशेषोक्ति अलङ्कार-"हेतौ सति फलाव्यक्ति विशेषोक्ति रुदीर्य्यते।

यथा—अनुरागवती सन्ध्या दिवस स्तत्पुरःसरः ।
अहो दैवगति श्चित्रा तथापि न समागमः ।।

यथा वा—शयाना हस्ताब्जे मृदुलमुपधायाधरदलं
हरे र्मन्दान्दोलालकततिभि रावीजिततनुः ।।
दधाना साशंकाङ्गुलिभिरभिसंवाहनविधिम्
तथाप्येषा वंशी न हि भजति निद्रालवमपि ।।४३।।

हेतु विद्यमान होने पर भी फल की अभिव्यक्ति न होने से विशेषोक्ति अलङ्कार होता है।

उदाहरण—अनुरागवती सन्ध्या दिवस स्तत्पुरःसरः ।
अहो दैवगति श्चित्रा तथापि न समागमः ।।"

दिवसावसान प्राय है, अनुरागवती सन्ध्या का भी समागम हुआ है, किन्तु दैवगति किस प्रकार विचित्र है, प्रियका समागम तथापि नहीं हुआ। अपर उदाहरण—

शयाना हस्ताब्जे मृदुलमुपधायाधरदलम् ।
हरे र्मन्दान्दोलालालकततिभि रावीजिततनुः
दधाना साशङ्काङ्गुलिभिरभि सम्बाहनविधिः
तथाप्येषा वंशी न हि भजति निद्रालवमपि ।।

श्रीहरि के मृदुल अधर दल को उपाधान कर करकमल युगल में शयित वंशी है, एव शनैः शनैः श्रीहरि को अङ्गुलियों के द्वारा संबाहित भी हो रही है, इस प्रकार होने पर भी वंशी लेशमात्र भी निद्रा को प्राप्त नहीं करती है।

अथवा,—सति हेतोः फलाभावे विशेषोक्ति स्तथा द्विधा ।

हेतु प्रकरण प्राप्त एवं विभावना। का विपरीत होने से विभावन के अनन्तर हेतु घटित विशेषोक्ति अलङ्कार का निरूपण करते हैं। हेतु—प्रसिद्ध कारण, रहने पर भी फलाभाव, कार्य्यानुत्पत्ति होने से

युक्तिः कथञ्चिद्दृष्टक्तं चेत्क्रियया विनिगृह्यते ॥

विशेषोक्ति अलङ्कार होता है।

कारण प्रसिद्ध होते हुऐ भी कार्य्यानुत्पत्ति प्रतीति--विशेषोक्ति अलङ्कार है। यह द्विविध हैं। अर्थात् उक्त निमित्त एवं अनुक्त निमित्त से द्विविध होती हैं। उक्त निमित्त का उदाहरण—

"धनिनोऽपि निरुन्मादा युवानोऽपि न चञ्चला।
प्रभवोऽप्यप्रमत्ता स्ते ये कृष्णचरणाश्रिताः ॥"

श्रीकृष्ण चरणाश्रित व्यक्ति गण--धनी होकर भी मत्तता विहीन युवक होकर भी अचञ्चल, प्रभुता सम्पन्न होकर भी प्रमाद शून्य होते हैं। यहाँ श्रीकृष्ण चरणाश्रितत्व को निमित्त कहा गया है।

अनुक्त निमित्त का उदाहरण—

उदेतीन्दुः पूर्णो वहति पवन श्चन्दनवनात्
कुहुकण्ठः कण्ठात् कलमविकलं निर्गमयति।
प्रियालीनां मूर्द्धनः शपथ रचना दन्ततृणता
पदोपान्ते कृष्णस्तदपि तवमानो न विरतः ॥"

पूर्ण चन्द्र का उदय, चन्दन वन का अनिल, कोकिल की काकली, अविकल रूप से निर्गत हो रही है, प्रिय सखियों की शपथ रचना, दशन में तृण लेकर चरणों में श्रीकृष्ण निपतित है, तो भी तेरामान विरत नहीं हुआ। तुम आग्रही हो, यह आग्रही हो, इससे निमित्त को नहीं कहा गया है। अचिन्त्य निमित्तत्व ही अनुक्त है, इस भेद का कथन नहीं हुआ है। उदाहरण—

"तृणीकृत त्यक्त कुलीन नारी धर्मापि दूरोज्झित भर्तृकापि।
सती च याभिप्सित सच्चरित्रा राधाविधात्रा रचि चित्रशीला ॥

तृणवत् कुलनारी का धर्म्म को परित्याग जिन्होंने किया है, दूर से ही भर्त्तृ संसर्ग को भी परित्याग किया है, सतीगण भी जिन के चरित्र की आकाङ्क्षा करती रहती हैं, उन राधा की रचना

यथा—दम्पत्योर्निशि जल्पतो गृंहशुकेनाकर्णितं यद्वच
स्तत्प्रात गुंरुसन्निधौ निगदत स्तस्यातिमात्रं बधूः ।
कर्णालम्बित-पद्मरागशकलं विन्यस्य चञ्चूपुटे
व्रीड़ार्त्ता विदधाति दाड़िमफल–व्याजेन वाग्बन्धनम् ॥
व्याजोक्तौ वाचा गुप्तिरिह तु क्रिययेति भेदः ॥४४॥

विधाता ने चित्रशिला रूप से की है। यहाँ चित्र शिलात्व ही अचिन्त्य है, यहाँ कार्य्याभाव को–कार्य्य विरुद्ध सद्भाव से दिखाया गया है। विभावना में भी कारणाभाव–कारण विरुद्ध सद्भाव मुख से होता है। इस प्रकार "यः कौमार हरः" यहाँ उत्कण्ठा कारण विरुद्ध का सद्भाव हेतु विशेषोक्ति है। अतएव यहाँ विभावना विशेषोक्ति के द्वारा सङ्कीर्ण उभय का असंकीर्ण उदाहरण अन्वेषणीय है। युक्ति अलङ्कार 'युक्तिः कथञ्चिद् व्यक्त' चेत् क्रियया विनिगृह्यते' किसी प्रकार प्रकाशित वृत्तान्त को क्रिया के द्वारा गोपन करने से युक्ति अलङ्कार होता है। उदाहरण—

दम्पत्यो निशि जल्पतो गृंहशुकेनाकर्णितं यद्वच
स्तत् प्राप्त गुंरुसन्निधौ निगदतस्तस्यातिमात्रं बधूः ।
कर्णालम्बित पद्मराग शकलं विन्यस्य चञ्चूपुटे
व्रीड़ार्त्ता बिदधाति दाड़िमफल व्याजेन वाग् बन्धनम् ॥

निशीथ में दम्पति का कथोपकथन गृह शुकने सुन लिया था, प्रत्यूष में गुरुजन के समीप में उसने उस विवरण को कहने लगा, बन्धु ने उस वृत्तान्त को सुनकर कर्ण भूषण में स्थित पद्मराग दाड़िम फल के छल से उस का कथन को रुद्ध किया। व्याजोक्ति में वाणी के द्वारा गोपन होता है, और यहाँ क्रिया के द्वारा गोपन होता है, व्याजोक्ति के सहित युक्ति अलङ्कार का यह भेद है।

लोकोक्ति अलङ्कार—"लोकवादानुकारस्तु लोकोक्ति र्भण्यते बुधैः"
लोक प्रसिद्ध कथन के द्वारा चमत्कार पूर्ण वर्णन को लोकोक्ति

लोकवादानुकारस्तु लोकोक्ति र्भण्यते बुधैः ॥

यथा—नामैव ते वरद वाञ्छितदातृभावं

व्याख्यास्यतो न वहसे वरदानमुद्रां ।

विश्वप्रसिद्धतरविप्रकुल-प्रसूते

र्यज्ञोपवीतवहनं हि न खल्वपेक्ष्यम् ॥

अत्रोत्तरार्द्धे लोकप्रवादानुकरणं ॥४५॥

लोकोक्तिरेव छेकोक्ति र्भवेदर्थान्तरान्विता ॥

लोकोक्तेरर्थान्तरगर्भत्वेछेकोक्तिः ॥ यथा—

अहिरेवहि जानीयादहिपादान्नचापरः ।

अलङ्कार कहते हैं। उदाहरण—

"नामैव ते वरद वाञ्छित दातृभावं

व्याख्यास्यतो न वहसे वरदान मुद्राम् ।

विश्वप्रसिद्धतरविप्रकुल--प्रसूते

र्यज्ञोपवीतवहनं हि न खल्वपेक्ष्यम् ॥"

लोक प्रवादसिद्ध हि तुम वाञ्छित प्रद हो, किन्तु सक्रिय रूपसे वाञ्छित वस्तु प्रद होने की आवश्यकता नहीं है।

कारण,—विश्व विख्यात विप्रकुल में जन्मग्रहण करने के पश्चात् यज्ञोपवीत धारण करने की किसी प्रकार आवश्यकता नहीं है। इस श्लोकके उत्तरार्द्धमें लोक प्रवाद का अनुकरण किया गया है।

लोकोक्तिरेव छेकोक्ति भवेदर्थान्तरान्विता ॥

छेकोक्ति अलङ्कार—जिस लोकोक्ति से अन्य अर्थ प्रकाशित होता है, उसको छोकोक्ति अलङ्कार कहते हैं।

दृष्टान्त—अहिरेवहि जानीयादहिपादान्नचापरः ।

किस वन में, आज कृष्ण खेलना चाहते हैं ? सखा को एक

कस्मिन्वने कृष्णोऽद्य क्रीड़ितुमिच्छतीत्येकस्मिन् सख्यौ कश्चित्सखायं पृच्छति सति कृष्णान्तिकस्थं सुबलमुद्दिश्य स तमाह अहिरेव हीति लोकप्रवादानुकारोऽयं। स चास्य स्मारकव्यापारमप्ययमेव वेत्तेत्य र्थान्तरगर्भं करोति।४७।

अहेतौ हेतुताक्लृप्तिः प्रौढ़ोक्ति रिति कीर्त्यते।
कार्य्यातिशयायाहेतो तद्धेतुत्व-कल्पनं प्रौढ़ोक्तिः॥

यथा—कल्पतरुकामदोग्ध्री चिन्तामणि धनदशङ्खानां।
रचितो रजोभरपय स्तेजः श्वासान्तरां वरैरेषः॥

अत्र राज्ञोऽतिदातृत्वं वर्ण्यते तच्च कल्पवृक्षादि पञ्च-निर्मितत्वं हेतु र्नतु वस्तुत स्तदस्ति॥४८॥

सखा पूछने पर कृष्ण के समीप वर्ती सुबल को देखाकर उसने कहा, "अहिरेव हीति" यह लोक प्रवाद का अनुवाद है—इस से स्मरण कराने का कार्य्य होता है, एवं यह ही जानता है, इस प्रकार अर्थान्तर को प्रकाश करता है।

प्रौढ़ोक्ति अलङ्कार—"अहेतौहेतुताक्लृप्तिः प्रौढ़ोक्तिरिति कीर्त्यते॥

अहेतु में हेतुता की कल्पना करना प्रौढ़ोक्ति अलङ्कार है। अर्थात् कार्य्यातिशयता हेतु में उसको हेतु मानना प्रौढ़ोक्ति है।

उदाहरण—"कल्पतरुकामदोग्ध्री चिन्तामणि धनदशङ्खानाम्।
रचितो रजोभरपय स्तेजः श्वासान्तरां वरैरेषः॥

कल्पतरु, कामधेनु, चिन्तामणि, कुवेर, एवं शङ्ख, प्रभृति नामतः दाता हैं, कारण नृप दान कर्म्म के द्वारा उन सबको म्लान किये हैं, यहाँ नृपति का अतिशय दान शीलत्व वर्णन किया गया है। किन्तु कल्पवृक्षादि पञ्चनिर्मितत्व हेतु जो कथित है, वह वस्तुत नहीं है।

मिथ्याध्यवसिति मिथ्यासिद्ध्यै मिथ्यार्थनिर्मितिः ॥

यथा—गोविन्दचरणद्वन्द्वं मायावादविशारदः ।

लभते सच्चिदानन्दं खपुष्पस्तवकं वहन् ।

न चेयं तृतीयातिशयोक्तिः चेद्यदि-शब्दाभ्यामसम्भविनोऽर्थस्या कल्पनात् ॥४८॥

फलोत्पत्ति विना हेतुं यत्र स्यात् सा विभावना ॥

यथा-अपीतक्षीवकादम्बमसंमृष्टामलाम्बरम् ।

अप्रक्षालितसूक्ष्माम्बु जगदासीन्मनोहरम् ॥

मिथ्यावसिति अलङ्कार—

मिथ्याध्यवसिति मिथ्यासिद्ध्यै मिथ्यार्थनिर्मितिः ॥

दृष्टान्त—"गोविन्द चरण द्वन्द्व मायावादविशारदः ।

लभते सच्चिदानन्दं खपुष्पस्तवक वहन् ॥

मायावाद विशारद व्यक्ति-आकाश कुसुमस्तवक वहन कर सच्चिदानन्द स्वरूप गोविन्द चरण द्वन्द्व को प्राप्त करता है। यह तृतीयातिशयोक्ति नहीं है, कारण-चेत्-यदि शब्द के द्वारा असम्भव अर्थ की कल्पना नहीं की गई है।

विभावना अलङ्कार—

"फलोत्पत्ति विना हेतुं यत्र स्यात् सा विभावना ॥

कारण के विना ही फलोत्पत्ति होने से विभावना अलङ्कार होता है।

दृष्टान्त—अपीतक्षीवकादम्बमसंमृष्टामलाम्बरम् ।

अप्रक्षालितसूक्ष्माम्बु जगदासीन्मनोहरम् ॥

पान व्यतीत मत्त कलहंस संशुद्धि व्यतीत स्वच्छ वसन प्रक्षालन व्यतीत ही सूक्ष्म सलिल जगत् मनोहर था। यहाँ पर निखिल हेतु प्रतिबद्ध न होने पर भी कार्य्य विरूप का कथन होने पर भी

अत्र हेतोरकात्स्न्यं प्रतिबन्धयत्वे कार्य्यविरूपत्वेनाख्यायां च केचिद्विभावनां मन्यन्ते ॥ क्रमेणोदा०—

उद्यानमारुतोद्भूत चूतचम्पक-रेणवः ।
उदस्रयन्ति पान्थानामस्पृशन्तोऽपि लोचने ॥

अत्र स्पर्शक्रिया-वैकल्यमेव हेतो रकृत्स्नता ।

चित्रं तपति राजेन्द्र प्रताप-तपन स्तव ।
अनातपत्रमुत्सृज्य सातपत्रं द्विषद्गणम् ॥

अत्र तापहेतोः प्रतापतपनस्यातपत्रं प्रतिबन्धि ।

उदिते कुमारसूर्य्ये कुवलयमुल्लसति भाति नक्षत्रं ।
मुकुलीभवन्ति चित्रं परराजकुमारपाणिपद्मानि ॥

कतिपय व्यक्ति विभावना अलङ्कार मानते हैं। क्रमशः उदाहरण—

उद्यानमारुतोद्भूत चूतचम्पक--रेणवः ।
उदस्रयन्ति पान्थानामस्पृशन्तोऽपि लोचने ॥

उद्यान मारुत से उत्पन्न आम्र मुकुल के एवं चम्पक रेणुसमूह-पथिक के लोचन को स्पर्श न करके भी नयन जल निर्गत कराते हैं। यहाँपर स्पर्श क्रिया वैकल्य से ही हेतु की अकृत्स्नता हुई है।

"चित्रं तपति राजेन्द्र प्रताप–तपन स्तव ।
अनातपत्रमुत्सृज्य सातपत्रं द्विषद्गणम् ॥

हे राजेन्द्र ! आप का प्रतापतपन आतपत्र विहीन को परित्याग कर आतपत्र युक्त शत्रुवर्ग को तापित करता है, यह अतीव आश्चर्य्य कर है। तापके कारण स्वरूप प्रताप तपनका प्रतिबन्धक आतपत्र है।

"उदिते कुमार सूर्य्ये कुवलयमुल्लसति भाति नक्षत्रम् ।
मुकुलीभवन्ति चित्रं परराजकुमार पाणि पद्मानि ।,

कुमार सूर्य्य उदित होने पर कुवलय उल्लसित होता है, एवं

अत्र कुवलयोल्लासादेः कार्य्यस्य सूर्य्योदयो नानुरूपो हेतुः । उभयत्र विरोधाभासेन सङ्कीर्णयम् ।

अम्बुजमम्बुनि जातं क्वचिदपि न जातमम्बुजादम्बु ।
मुरभिदि तद्विपरीतं पादाम्भोजान् महानदी जाता ॥

नक्षत्र प्रकाशित हो रहा है, किन्तु आश्चर्य है कि राज कुमार के पाणि पद्म समूह मुकुलित होते हैं ।

यहाँ कुवलय उल्लास प्रभृति कार्य्य के प्रति सूर्य्योदय अनुरूप हेतु नहीं है । उभयत्र विरोधाभास हेतु यह सङ्कीर्ण है ।

"अम्बुजमम्बुनि जातं क्वचिदपि न जातमम्बुजादम्बु ।
मुरभिदि तद्विपरीतं पादाम्भोजान् महानदी जाता ॥

अम्बु में अम्बुज उत्पन्न होता है, किन्तु कभी भी अम्बुज से अम्बु उत्पन्न नहीं होता है, श्रीकृष्ण में इस का विपरीत दृष्ट होता है, श्रीकृष्ण चरण कमल से महानदी उत्पन्न हुई है । यहाँ नदी का कारण रूप में प्रसिद्ध अम्भोज नहीं है ।

अथवा—"विभावना विना हेतुं कार्य्योत्पत्ति र्यदुच्यते ।
उक्तानुक्त निमित्तत्वाद् द्विधासा परिकीर्त्तिता ॥

हेतु—प्रसिद्ध कारण के विना कार्य्योत्पत्ति होने से विभावना अलङ्कार होता है । अर्थात् प्रसिद्ध कारण का अभाव से कार्य्योत्पत्ति प्रतीति विभावना है । कारण के अभाव से कार्य्योत्पत्ति कैसे होगी ? कारण के विना कार्य्योदय होगा, कहा गया है, वह अन्य कारण की अपेक्षा से ही होगा । कारणान्तर कथन कहीं है, कहीं नहीं है ।

उदाहरण—"अनायास कृशं मध्यमशङ्क तरले दृशौ ।
श्रीराधाया वयस्यङ्गमभूषण मनोहरम् ॥

श्रीराधा का अङ्ग-यौवन कालमें मध्यदेश प्रयत्न के विना ही कृश है, शङ्का हीन होने पर भी नयन द्वय चञ्चल है । अलङ्कार रहित होकर भी मनोहर है, कृशत्व के प्रति आयास, तरलत्व के

अत्र नद्याः कारणत्वेन ख्यातं नाम्भोजम् ॥५०॥

उपायेन विना सिद्धि र्वाञ्छितार्थस्य यद्भवेत् ।
उपायाद्यदुपायार्थादुपेयस्योपलम्भनम् ।
यच्चेष्टाभ्यधिकार्थस्य सिद्धि स्तत् स्यात् प्रहर्षणं ॥

क्रमेणोदा०—मुनेर्दुर्वाससः कोपात्त्रातुमस्मानलं हरिः ।
इति चिन्तयतो राज्ञस्तत्रासीत्स्वयमेव सः ॥

फलोपायसाधकाद्यत्नादांतरालिकोपायसिद्धिमनपेक्ष्य

प्रति शङ्का—एवं मनोहर के प्रति भूषण प्रसिद्ध कारण है, उस के अभाव से कार्य्योत्पत्ति विभावना है। यहाँ वयोरूप निमित्त का कथन है, यहाँ "अभूषण मनोहारि राधिका वपुर्बभौ" इस पाठ से अनुक्त कारण का उदहरण है। प्रहर्षण अलङ्कार—

"उपायेन विना सिद्धि वाञ्छितार्थस्य यद् भवेत् ।
उपायाद्यदुपायार्थादुपेयस्योपलम्भनम् ।
यच्चेष्टाभ्यधिकार्थस्य सिद्धि स्तत् स्यात् प्रहषणम् ॥"

वाञ्छितार्थ की सिद्धि यदि उपाय के विना ही होती है, उपाय से—तथा उपायार्थ से चेष्टा से भी अधिक उपाय को सिद्धि यदि होती है तो प्रहर्षण अलङ्कार होता है। उदाहरण—

मुनेर्दुर्वाससः कोपात्त्रातुमस्मानलं हरिः ।
